

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वैलेंटाइन डे और मानसिक स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, द्वितीया विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -186, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




आज का मौसम | 22.8° अधिकतम तापमान | 19.8° न्यूनतम तापमान | आसमान में साफ रहेगा धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:46 सूर्यास्त 5:55

अयोध्या, रविवार, 11 फरवरी 2024

रणवीर की रामायण में सूर्पणखा बनेंगी रकुल...2

## एक नजर

### महशहूर चित्रकार ए रामचंद्रन का 89 वर्ष की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** चित्रकार ए. रामचंद्रन का शनिवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके बेटे राहुल ने को बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण आज सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। केरल के अतिंगल में 1935 में जन्मे रामचंद्रन अपनी शानदार चित्रकारी के लिए जाने जाते थे। उन्हें 2002 में ललित कला अकादमी का फेलो चुना गया और 2005 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा गया।

### पाकः गठबंधन सरकार के लिए जोड़-तोड़ शुरू

**इस्लामाबाद/लाहौर।** पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर गठबंधन सरकार के गठन के लिए चर्चाएं और जोड़-तोड़ की कोशिशें शुरू हो गई हैं। त्रिशंकु संसद बनने के आसार के बीच गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को तब गति मिली, जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शुक्रवार को प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों से पाकिस्तान को मौजूदा कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए हाथ मिलाने की अपील की।

# लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरे देश में लागू होगा सीएएः शाह

## गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान, कहा- इस कानून किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे। शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट' में कहा, 'सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी। इसे चुनाव से पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश-पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं। इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए।'



### लोस में शाहः राम मंदिर विरोधी हवन में हड्डी न डालें

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को नसीहत दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें। शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की और आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा, "22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है।"

### सीएए के विरोध में शाहीन बाग में हुआ था धरना-प्रदर्शन

दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किये जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में तो इसके खिलाफ महीनों धरना-प्रदर्शन चला था। अब चार साल से अधिक की देरी के बाद सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इसबीच अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। विवादास्पद सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था।

# पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे, दुनिया ने देखी भारत की ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' वाले रहे और आज देश का यह संकल्प बन चुका है कि आने वाले 25 साल में वह विकसित भारत बनाने के इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देशवासियों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा हुआ है।

बजट सत्र और मौजूदा लोकसभा की आखिरी बैठक के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह है, लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अगले 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा।' मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना दुर्लभ होता है।

प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नई न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, 'सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ। संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए, इनमें 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव नजर आती है।'



- लोकसभा चुनाव से पहले सदन में आखिरी भाषण में बोले प्रधानमंत्री
- बतौर प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

### सांसदों की बात में 'सबका साथ...' का मंत्रः मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वह आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। इस सदन में भविष्य को लेकर जो बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है।

### सभी सांसदों का आभार, पहले सत्र में 30 विधेयक पारित

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''आपने स्थाई व्यवस्थाओं का निर्माण किया है। आपकी पहल और सभी के संयुक्त प्रयास की वजह से 17वीं लोकसभा में 97 प्रतिशत कामकाज हुआ है। यह अपने आप में प्रसन्नता का विषय है। सात सत्र तो सौ फीसदी से ज्यादा प्रोडक्टिविटी वाले रहे। आपने रात-रात भर बैठकर हर सांसद की बात को सरकार के ध्यान में रखने का प्रयास किया। मैं इस सफलता के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं। पहले सत्र में दोनों सदन में 30 विधेयक पारित किए गए। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। नए-नए मानदंड स्थापित हुए।

# पंजाब की सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

**खन्ना, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर लड़ने की घोषणा की है। हालांकि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है, लेकिन पंजाब में केजरीवाल ने अलग लड़ने का ऐलान किया है।

केजरीवाल ने कहा, 'दो साल पहले आपने बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था। 117 में से 92 सीट दे दी थी।' उन्होंने कहा, "आज मैं आपसे एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। इस लोकसभा चुनाव में पंजाब में 13 और 1 सीट चंडीगढ़ की है। आने वाले 10-15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।" केजरीवाल की इस घोषणा को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका बताया है।



- पार्टी संयोजक केजरीवाल ने किया ऐलान, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और झटका

# ईपीएफओ ने बढ़ाई ब्याज दरें, 8.15% से 8.25% की

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ के देश में 6 करोड़ से भी ज्यादा पीएफ खाताधारक हैं, जिन्हें इस फैसले का लाभ मिलेगा। वर्ष 2021-22 में ईपीएफ ब्याज दर 8.10 प्रतिशत थी।

- पिछले तीन सालों में सर्वाधिक

श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की 235वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ईपीएफओ ने मार्च 2022 में 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो चार दशक में सबसे कम थी। ईपीएफ पर ब्याज दर 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी। सीबीटी के फैसले के बाद 2023-24 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर संबंधी निर्णय को अनुमोदन के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

# कश्मीर में 10 जगहों पर एनआईए का छापा

**जम्मू, एजेंसी**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी गतिविधियों के वित्त पोषण और युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में कथित रूप से शामिल तत्वों के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत शनिवार को यहां छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू शहर के गुज्जर नगर और शहीदी चौक समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी स्कूल और उसके अध्यक्ष समेत तीन अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर एनआईए के अधिकारियों ने छापा मारा। 28 फरवरी, 2019 को यूएपी अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित होने के बाद भी जमात-ए-इस्लामी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग गतिविधियों को अंजाम देते हुए पाया गया है।



- आतंकवादी फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने की कार्रवाई

### इधर, तमिलनाडु में कार बम ब्लास्ट को लेकर 27 जगहों पर तलाशी

**चेन्नई।** एनआईए के अधिकारियों ने कोयंबटूर में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से प्रेरित होकर किए गए कार बम धमाके से जुड़े मामले में शनिवार को तमिलनाडु में कम से कम 27 स्थानों पर छापे मारे। विस्फोट के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने बताया कि इस मामले का मुख्य संदिग्ध एवं आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन अक्टूबर 2022 में आईईडी ले जा रहे वाहन में हुए धमाके में मारा गया था। एक सूत्र ने बताया कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरुनेलवेली और कोयंबटूर जिलों में उन लोगों के परिसरों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिन पर आईएसआईएस या उसके समर्थकों से संबंध होने का संदेह है। छापेमारी शनिवार सुबह शुरू की गई।

# कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी को ईडी का समन

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को समन भेजा है। यह मामला लुईस खुर्शीद के नेतृत्व वाले एक ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंगों और उपकरणों के वितरण में सरकारी निधि के दुरुपयोग से जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें पीएमएलए के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को लखनऊ में ईडी के कार्यालय में पेश होने को कहा गया है। बरेली में सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत ने दो दिन पहले इस मामले में लुईस खुर्शीद के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की थी। सलमान खुर्शीद संप्रग सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं।



- दिव्यांग उपकरण वितरण में हेराफेरी मामले में 15 फरवरी को तलब किया

# चार घंटे रामनगरी में रहेगी योगी सरकार

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचारः** रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए योगी सरकार के सभी मंत्री और विधायक आज 10 लग्जरी बसों से रामनगरी आएंगे। फूलों से सजी बसों में रामधुन बजेगी। मुख्यमंत्री योगी दोपहर के आसपास अयोध्या एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगियों के अलावा अन्य गणमान्य भी रहेंगे। योगी सरकार करीब चार घंटे रामनगरी में रहेगी।

उप सूचना निदेशक/प्रभारी मीडिया सेंटर लोकभवन डॉ. मुरलीधर सिंह ने बताया कि बसों की व्यवस्था व्यवस्था परिवहन मंत्री द्वारा विशेष रूप से की गयी है। मंत्रियों और विधायकों को लेकर बसों का काफिला 11 फरवरी की सुबह करीब आठ बजे विधान भवन लखनऊ से अयोध्याधाम यात्रा के लिए रवाना होगा। जो करीब 11 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगा। यहां हनुमानगढ़ी में सभी पूजा-अर्चना करने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे रामलला के दर्शन करने जाएंगे। रामलला का दर्शन-पूजन करने के बाद भोजन करेंगे।इसके बाद काफिला बसों से ही लखनऊ के लिए रवाना हो जाएगा। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि हाईवे और जिले के सभी संबंधित थाना पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



- फूलों से सजी 10 लग्जरी बसों से आएंगे सभी मंत्री और विधायक, बजेगी रामधुन

### रामजन्मभूमि परिसर में ही सभी करेंगे भोजन

सभी मंत्री और विधायक विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामजन्मभूमि परिसर में ही दोपहर का भेजन करेंगे। हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन-पूजन के बाद दोपहर दो बजे से तीन बजे तक का समय भोजन के लिए निर्धारित किया गया है।

# आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे ट्रिलियनः योगी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच शनिवार को विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन जमकर शब्दों का घमासान देखने को मिला। योगी ने शायराना अंदाज में निशाने पर लेते हुए कहा, 'आपने दिया फेल्योर स्टेट, हमने बनाया सेक्योर स्टेट, आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियन।'

भारत रत्न से सम्मानित चौ.चरण सिंह का नाम अखिलेश द्वारा न लेने पर इसे किसानों के अपमान से जोड़ा। योगी कहा कि आप फटे दूध की तरह हैं, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा। मुख्यमंत्री ने बजट को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि राज्य सरकार टैलेंट, ट्रेडिशन, ट्रेड, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी के मंत्र को अपनाकर मिशन मोड में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सकल पदारथ एहि जग माही... तुलसीदास की चौपाई सुनाते हुए कहा कि पहले की सरकारों में कर्महीनता थी, अब प्रदेश सर प्लस स्टेट बन गया है। 2017 से पहले राज्य के नेतृत्व में कुछ भी करने की जिजीविषा नहीं थी। हमारी सरकार ने प्रदेश के बजट को 7 वर्षों के अंदर दोगुना तक बढ़ा दिया।

योगी ने कहा कि 2017 में पहला बजट भी प्रभु श्रीराम को साक्षी मानकर प्रस्तुत किया था, अब आठवां बजट भी भगवान राम के श्री चरणों में समर्पित है। रहीमदास का दोहा सुनाते हुए कहा, 'रहिमन फाटे दूध को मथे न माखन होय... नेता प्रतिपक्ष की आज यह स्थिति हो चुकी है कि कोई साथ में आने को तैयार नहीं है। सबको मालूम है कि पता नहीं किसको धोखा दे दें।' इसी दौरान सदन में किसी ने शिवपाल यादव का नाम लिया तो, योगी ने कहा कि चाचा तो जानते ही थे कि असल में क्या होने जा रहा है। योगी ने अपने भाषण में चौ. चरण सिंह का नाम न लेने पर अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि चौधरी साहब का सम्मान किसानों का सम्मान है।



- विधानसभा में योगी और अखिलेश के बीच जमकर चला शब्दों का घमासान
- योगी ने कहा, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा, आप फटे दूध की तरह

### काशी-मथुरा में सपा ने बंद किया था ताला

पहले की सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि काशी में भी उसी ने ताला बंद करवाया था और कृष्ण जन्मभूमि में भी पीछे जो पार्क है, उसका भी ताला बंद कर दिया था। दोनों ताले हमारी सरकार ने खुलवा दिए हैं।

### पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लेंः योगी

योगी ने अखिलेश पर चुटकी लेते हुए कहा कि सीएम रहते न नोएडा गए होंगे, न बिजनौर। उनको डर लगता था कि पता नहीं कब हट जाएंगे, पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें। हम तो नोएडा गए और रात्रि में बिजनौर में भी रुकते थे।


करौली शंकर महादेव धाम

करौली शंकर महादेव

के द्वारा पूज्यनीय बाबा श्री राधा रमण मिश्र जी के 140 वां भव्य जन्मोत्सव में आप सभी भक्तों का हार्दिक स्वागत है

दिनांक : 10 से 14 फरवरी 2024

पूज्यनीय बाबा श्री राधा रमण मिश्र जी 140 वां जन्मोत्सव

बसंत पंचमी बुधवार 14 फरवरी सायं 6 बजे से



श्री करौली शंकर (गुरुजी)



कानपुरः करौली शंकर पूर्वज मुक्ति धाम, लव कुश आश्रम, ग्राम करौली, कानपुर | हरिद्वार : श्री करौली शंकर धाम, भारत माता पुरम कॉलोनी, भूपत वाला, हरिद्वार | YouTube Karauli Sarkar - Ishwariya Chikitsa Vigyan Kendra

निवेदक : शंकर सेना – सुबोध चोपड़ा (प्रदेश अध्यक्ष, शंकर सेना, उत्तर प्रदेश) | अरुण कुमार अग्रवाल (प्रदेश अध्यक्ष, शंकर सेना, कर्नाटक) | कुमार बदलानी (अध्यक्ष, शंकर सेना, मुंबई) | शिव राज सिंह सिकरवार (प्रदेश अध्यक्ष, शंकर सेना, मध्य प्रदेश)

बुमराह से हुई अपनी बात को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन से किया साझा

## बुमराह को खुद को सफेद गेंद का विशेषज्ञ कहना पसंद नहीं: शास्त्री

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री जानते थे कि जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे क्योंकि यह तेज गेंदबाज खुद को 'सफेद गेंद विशेषज्ञ' के तौर पर बुलाना पसंद नहीं करता था। बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं।

विशाखापत्तनम टेस्ट में जीत से भारत को श्रृंखला में 1-1 से बराबरी दिलाने वाले मुकाबले में उन्होंने 91 रन देकर 9 विकेट झटके। इससे यह खिलाड़ी सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट लेने वाला भारतीय बन गया। शास्त्री ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को दिए साक्षात्कार में बुमराह के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताया। शास्त्री ने कहा कि कोलकाता में मैंने बुमराह से पूछा था कि क्या उन्हें टेस्ट क्रिकेट में दिलचस्पी है? तब उसने कहा था कि यह उसके जीवन का सबसे बड़ा दिन होगा। उससे बिना पूछे ही उसे सफेद गेंद का विशेषज्ञ करार दे दिया गया। लेकिन मैं जानता था और देखना चाहता था कि उसमें टेस्ट खेलने को लेकर कितनी भूख है। मैंने उससे कहा कि तैयार रहो। मैंने उसे कहा कि मैं तुम्हें दक्षिण अफ्रीका में खिलाने जा रहा हूं। बुमराह ने जनवरी 2018 में केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टेस्ट पदार्पण किया।

## छठा विश्व कप जीतने को तैयार हैं भारतीय जांबाज

### आईसीसी अंडर-19 विश्व कप का फाइनल : ऑस्ट्रेलिया की टीम से भिड़ने को बेताब युवा क्रिकेटर

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला आज 11 फरवरी को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विलोमूर पार्क मैदान में खेला जाएगा। इंडिया सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को और ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची है। भारत के युवा खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल की है। अब फाइनल में कंगारू को हराकर खिताब जीतना चाहेगी।

भारत के युवा क्रिकेटर रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को आस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रुलाया था जिससे उदय सहारन की अगुआई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा।

कप्तान सहारन ने कहा था कि फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता। हम विरोधी पर नहीं अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं। हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं। भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस चरण के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पॉवरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है। भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली। विराट कोहली की टीम ने 2008 में ट्राफी जीती थी जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गई है।

**भारत**

उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।

**ऑस्ट्रेलिया**

ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक। **मैच दोपहर डेढ़ बजे।**

## खेल डायरी

### गुकेश ने कार्लसन को हराया, संयुक्त दूसरे स्थान पर



**वांगल्स (जर्मनी), एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां शुरू हुए वेसेन्हॉस शतरंज चैलेंज के पहले दिन एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्सन कार्लसन, अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित किया। हालांकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ पहली बाजी में हारकर पूरे अंक गंवाने से गुकेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन इसके बाद वह पूरी तरह लय में आ गये और उन्होंने चार में से तीन अंक अपनी झोली में डाले। इससे वह रैपिड वर्ग में जर्मनी के विन्सेंट केमेर (3 .5 अंक) के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव को पहले दिन एक भी बाजी में हार नहीं मिली लेकिन उनके अंक गुकेश के बराबर हैं। कार्लसन, फिरोजा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना 200,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दो अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

### मार्कोस ने शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को हराया

**डलास, एजेंसी।** गैर वरीयता प्राप्त मार्कोस गिरोन ने शुक्रवार की रात शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को हराकर उलटफेर करते हुए हार्डकोर्ट टूर्नामेंट डलास ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गिरोन ने क्वार्टरफाइनल में टियाफो पर 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में गिरोन का सामना आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। बेन शेल्टन ने जोर्डन थॉम्पसन को 6-7 (2), 6-4, 6-4 से हराया और इस तीसरे वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी का सामना सेमीफाइनल में हमवतन टॉमी पॉल से होगा। दूसरे वरीय पॉल ने जर्मनी के डोमिनिक कोफर पर 7-5, 6-3 से जीत हासिल की।

### रामकुमार को मिला बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत के दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को 12 फरवरी से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के एकल मुख्य ड्रा में शनिवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। हाल में पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की अगुआई करने वाले रामकुमार यहां चल रहे चेन्नई एटीपी चैलेंजर के पहले दौर में हार गये थे जिससे उन्हें घरेलू सरजमीं पर अच्छा करने का मौका मिलेगा। रामकुमार सात बार एटीपी चैलेंजर सर्किट के एकल फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने नवंबर 2021 में बहरीन के मनामा में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिलचस्प बात है कि रामकुमार ने दो साल पहले अपना सातवां और अंतिम युगल चैलेंजर खिताब बेंगलुरु में हमवतन साकेत मायनेनी के साथ जीता था।

### मेस्सी पर नाराजगी से अर्जेंटीना का मैत्री मैच रद्द



**हांगकांग, एजेंसी।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी मैच में नहीं खेलने के कारण अगले महीने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल मैत्री मैच को शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच होने थे। लेकिन मेस्सी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था। वह पिछले रविवार को 'ग्रोइन' चोट के कारण मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे। इससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गये थे। शुक्रवार को अर्जेंटीना और नाईजीरिया के बीच मैत्री मैच रद्द कर दिया गया। हांगझोउ स्पोर्ट्स ब्यूरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की कि कारण सभी को पता है, हमें अधिकारियों से पता चला है कि परिस्थितियां मैच कराने के सही नहीं हैं।

## कोहली शृंखला से हटे, अय्यर बाहर गेंदबाज आकाशदीप टीम में शामिल

### बीसीसीआई की पुष्टि के बाद कोहली को लेकर चल रही अटकलें हुईं खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी





स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट श्रृंखला के बचे हुए मुकबलों से हट गए हैं, जिसकी पुष्टि शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने की। इससे कोहली को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गईं। कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे।

बीसीसीआई ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से श्रृंखला के बचे हुए मैचों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। कोहली इस समय पारिवारिक कारणों से विदेश में हैं। अभी श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। व्यक्तिगत कारणों से कोहली की अनुपलब्धता के बारे में बीसीसीआई को पता था लेकिन अधिकारी यह देखना चाहते थे कि क्या वह 7 से 11 मार्च तक धर्मशाला में होने वाले अंतिम टेस्ट खेल सकते हैं।

बीसीसीआई के सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि चयन समिति को पता था कि विराट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और इसके अनुसार आकस्मिक योजना तैयार थी। बीसीसीआई में हर कोई चाहता है कि विराट अपनी पारिवारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करें और जब भी वह उचित समझे वापस आएं। राष्ट्रीय चयन समिति ने सीनियर खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को टीम में शामिल किया है लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सा टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही वह खेल सकते हैं। इन दोनों को चोट लगी थी। राहुल फिट हैं और अंतिम एकादश में शामिल किए जाने को तैयार हैं। उसके अभी 'क्वाड्रीसैप्स' में थोड़ी ऐंठन है और चिकित्सा टीम इसे बढ़ाना नहीं चाहती। जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव है और वह बेहतर हो रहे हैं।



मैच शुरू होने में अब भी पांच दिन बचे हैं और अगर वह ठीक रहते हैं तो बढ़िया है। अगर राहुल और जडेजा अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो विशाखापत्तनम में पदार्पण करने वाले रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा क्योंकि श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है। सीनियर बल्लेबाज अय्यर को कमर के निचले हिस्से और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद टीम में नहीं लिया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनका मेडिकल अपडेट नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि अय्यर को हर हाल में बाहर कर दिया जाता और उनकी चोट ने चयनकर्ताओं के लिए फैसला आसान कर दिया है। अय्यर ने काफी लंबे समय से अर्धशतक नहीं जड़ा है और बल्लेबाजों के मुफीद भारतीय पिचों पर उनके आउट होने का तरीका चिंताजनक है। निकट भविष्य में लंबे प्रारूप के लिए अय्यर के नाम पर शायद विचार नहीं किया जाए क्योंकि शॉर्ट गेंद का सामना करना उनकी कमजोरी रही है।

**भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

## लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वुड की जगह शमार

नई दिल्ली, एजेंसी

**टाटा आईपीएल 2024 के लिए वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज 3 करोड़ रुपए में टीम से जुड़े**



लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शनिवार को वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसफ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए इंग्लैंड के मार्क वुड की जगह टीम में शामिल किया।

पिछले महीने जोसफ ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अकेले दम पर टेस्ट मैच में जीत दिलाई थी। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिसबेन के गाबा में आस्ट्रेलिया के स्टार सुसज्जित बल्लेबाजी लाइन अप को चरमराते हुए दूसरी पारी में 68 रन देकर सात विकेट झटके थे। वह तीन करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ेंगे और यह आईपीएल में जोसफ का पहला सत्र होगा।

आईपीएल ने एक बयान में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा आईपीएल 2024 के आगामी चरण के लिए शमार जोसफ को तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर शामिल किया है। इसके अनुसार, जोसफ तीन करोड़ रुपये में एलएसजी से जुड़ेंगे। हाल में गाबा में वेस्टइंडीज को टेस्ट में मिली जीत के दौरान इस तेज गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने दूसरी पारी में सात विकेट झटके थे जिससे वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस घोषणा का मतलब वुड आईपीएल के आगामी सत्र के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि इसका कारण नहीं पता है। वह इस समय भारत दौरे पर आई इंग्लैंड टीम के साथ हैं।

## जॉनसन को अच्छे प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की उम्मीद

मेलबर्न, एजेंसी



बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन की निगाहें इस साल मई में होने वाली आईपीएल में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर हैं। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 10 करोड़ की राशि में टीम में शामिल किया था।

यह 28 वर्षीय खिलाड़ी रविवार को एडीलेड ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने को तैयार है। जॉनसन ने कहा कि आस्ट्रेलिया के लिए कुछ मैच में शानदार प्रदर्शन करना अच्छा होगा लेकिन विश्व कप में अभी लंबा समय है और अगर मेरा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा रहता है तो पूरी उम्मीद है कि मैं विश्व कप टीम में शामिल हो सकता हूं।

जॉनसन ने अभी तक एक वनडे और दो टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं, उन्होंने 2023-24 में बिग बैश लीग में सफल अभियान में 11 पारियों में 19 विकेट झटके हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बिग बैश लीग में मैंने जो प्रदर्शन किया है, उम्मीद है कि वह काफी होगा। आईसीसी टी20 विश्व कप आईपीएल खत्म होने के बाद जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।



शनिवार को मैनचेस्टर, इंग्लैंड के एतिहाद स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल के खेले गए मैच के दौरान मैनचेस्टर सिटी के जेरेमी डोकू, बाएं, एवर्टन के एशले यंग और उनके साथी डोमिनिक कैल्वर्ट-लेविन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए।



# बॉलीवुड हलचल

## यामी की फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। जियो स्टूडियोज ने बी62 स्टूडियोज के सहयोग से फ़िल्म आर्टिकल 370 ट्रेलर रिलीज़ किया। इस फ़िल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका में नज़र आयेंगी। आर्टिकल 370 एक खुफिया अधिकारी (यामी द्वारा अभिनीत) की कहानी को दर्शाती है, जो पीएमओ ब्यूरोक्रेट (प्रियामणि) के साथ घटनाओं की जटिल सिरीज़ और आतंकवाद की सांठगांठ का पर्दाफ़ाश करने की कोशिश करती है, जिसके कारण कश्मीर से आर्टिकल 370 को समाप्त करने का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व परिणाम सामने आता है। आर्टिकल 370 हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

### 8 साल बाद फिर से जादू बिखेरेंगे सलमान और सूरज बड़जात्यावा



निर्देशक सूरज बड़जात्या और अभिनेता सलमान खान ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इसमें मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्में हैं। सलमान और बड़जात्या की फिल्म का लोगों को हमेशा इंतजार रहता है। पिछले साल इस जोड़ी ने कन्फर्म किया था कि वह प्रेम रतन धन पायो (2015) के 8 साल बाद अपने पांचवें सहयोग के लिए फिर से साथ आ रहे हैं और उनकी अपकमिंग परियोजना बड़े पैमाने पर बनाई जाने वाली है। सूरज बड़जात्या और सलमान खान एक बड़े विज़न और बड़े पैमाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और उससे उन्हें काफी उम्मीदें है।

## रणबीर की 'रामायण' में शूर्पणखा बनेंगी रकुल प्रीत सिंह



दंगल फेम डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर राम, सांई पल्लवी सीता और केजीएफ स्टार यश रावण का किरदार निभाएंगे। अब हाल ही में खबर आई है कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह फिल्म में रावण की बहन शूर्पणखा का किरदार निभा सकती हैं। नितेश तिवारी और रकुल प्रीत सिंह के बीच इसे लेकर बातचीत चल रही है। चूंकी शूर्पणखा 'रामायण' का एक खास किरदार है इसी की वजह से भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध हुआ। इसीलिए इसके लिए रकुल ने अभी से लुक टेस्ट वगैरह भी दे दिए हैं। अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो रामायण पहला प्रोजेक्ट होगा, जिसकी शूटिंग रकुल अपनी शादी के बाद शुरु करेंगी। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और साउथ एक्टर यश की फिल्म 'रामायण' इन दिनों सुर्खियों में हैं। नितेश तिवारी की 'रामायण' में नए-नए स्टार्स की एंट्री हो रही हैं। अब तक इस फिल्म में रणबीर कपूर, यश, सनी देओल, बॉबी देओल समेत कई स्टार्स की एंट्री हो चुकी है। अभी हाल ही में माता सीता के किरदार के लिए जाह्नवी कपूर का नाम सामने आया था, जिसके बाद माना जा रहा था कि साई पल्लवी फिल्म से बाहर हो जाएंगे। इन सब के बाद अब फिल्म में 'शूर्पणखा' के रोल के लिए एक एक्ट्रेस का नाम सामने आ रहा है। नितेश की फिल्म 'रामायण' रिलीज से पहले स्टारकास्ट को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अभी हाल ही में 'रामायण' में जाह्नवी कपूर की एंट्री को लेकर खबरें सामने आई थी। रणबीर कपूर और यश की फिल्म में शूर्पणखा के रोल के लिए एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह का नाम सामने आया है।

## रजनीकांत की लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल पड़ी भारी



**नई दिल्ली।** 9 फरवरी को कुल चार फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इनमें से एक बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर-कृति सेनन के तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और बाकी तीन साउथ की लाल सलाम, अनवेशप्पिन कांडेतम और रवि तेजा की ईगल है, लेकिन साउथ की मूवीज में ईगल ने बाजी मारते हुए रजनीकांत और थोविनो थॉमस को भी पीछे छोड़ दिया है। सक्निल्क डाट कॉम के आकंड़ों के अनुसार, ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 6 .1 करोड़ की कमाई की है. जबकि लाल सलाम ने केवल 4 .3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इशके चलते रजनीकांत के स्पेशल कैमियो वाली फिल्म लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल भारी पड़ती हुई नजर आई है। जबकि बॉलीवुड मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की टक्कर ईगल से होती दिख रही है क्योंकि इस फिल्म ने भी 6 करोड़ पार की कमाई अपने नाम की है। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित रवि तेजा की फिल्म ईगल में अनुपमा परमेशवरर, काव्या थापर, मधू और विनय राय जैसे सितारे हैं।

### अंजना सिंह की फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू




**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू हो गई है। राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का मुहूर्त संपन्न हो गया और शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में अंजना सिंह है और राहुल सिंह हैं। निर्माता आदित्य कुमार झा ने कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित है। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। इस फिल्म का बजट रूटिंन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म के निर्देशक नीरज रणधीर है। वही फिल्म को लेकर अंजना ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है, जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से जीना चाहती हूं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)

Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849







# 10 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, किया दर्शन-पूजन

## साढ़े तीन लाख भक्तों ने रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी | प्रयागराज में गंगा स्नान के बाद आई भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह लगाए गए बैरियर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मौनी अमावस्या के दूसरे दिन शनिवार को प्रयागराज से लौटे 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामनगरी में सरयू में आस्था की डुबकी लगाकर मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। साढ़े तीन लाख भक्तों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। श्रद्धालुओं को सुरक्षा मानकों के तहत कतारबद्ध तरीके से प्रवेश के बाद दर्शन-पूजन कराया गया।

सरयू के घाट पर शनिवार सुबह लगभग चार बजे से ही स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। स्नान के बाद हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि पर दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार में लगी। जिला प्रशासन ने राम मंदिर में भीड़ के दबाव को रोकने के लिए श्रद्धालुओं को रामपथ से ही दर्शन मार्ग से ही प्रवेश दिया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सिविल पुलिस के साथ आरएएफ ने भी मोर्चा संभाला।

सिद्धपीठ हनुमान गढ़ी पर भी दर्शन कराए जाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं को भक्तिपथ के रास्ते हनुमानगढ़ी तक जाने के लिए कई स्थानों पर बैरियर लगाए गए और छोटी-छोटी टुकड़ियों में ही उन्हें मंदिर में प्रवेश कराया गया। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि राम मंदिर में दोपहर दो बजे तक दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के दर्शन किए हैं। दूसरी पाली भीड़ का दबाव कुछ कम रहा। जिसमें लगभग डेढ़ लाख भक्तों राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया।



रामपथ पर भीड़ को दूसरे रास्ते से जाने की अपील करती पुलिस। अमृत विचार

### आस्था स्पेशल ट्रेन से हर दिन आ रहे 25 हजार राम भक्त

22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश के अलग-अलग स्थानों से राम भक्तों के आने का क्रम जारी है। 23 जनवरी से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु राम मंदिर में दर्शन पूजन कर रहे हैं। बस और निजी साधनों के अलावा प्रतिदिन 10 से अधिक आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से लगभग 25 हजार से अधिक लोग यहां पहुंचे रहे हैं। उनके रुकने और भोजन करने की सुविधा के लिए टेंट सिटी बनाई गई। वे सभी एक दिन के प्रवास के बाद राम मंदिर में दर्शन पूजन कर रहे हैं।

### हर तरफ रही राम नाम की गूंज

अयोध्या में हर तरफ राम नाम की गूंज सुनाई दे रही है। राम मंदिर निर्माण के साथ रामनगरी को त्रेतायुग की झलक दिखाई रही है। राम मंदिर में दर्शन करने जा रहे हैं श्रद्धालुओं को अहमदाबाद के संस्थान के द्वारा सड़कों पर खड़े होकर लोगों को राम नाम जपने की अपील कर रहे हैं। उनका मानना है कि लाखों राम भक्तों के द्वारा करोड़ों बार राम नाम कहने से देश का कल्याण होगा। प्रभु राम के नाम में अपार शक्ति है। इसलिए यह संस्था लोगों को राम नाम जपने और उनसे प्राप्त होने वाले सुख का एहसास कर रहे हैं।

### सर्किट हाउस में अतिथियों के लिए ऑन कॉल मौजूद होंगे डॉक्टर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अब सर्किट हाउस में आने वाले विशिष्ट अतिथियों व न्यायाधीशों के लिए जिला अस्पताल के चिकित्सकों को ऑन कॉल ड्यूटी निभानी पड़ेगी। इसके लिए सीएमएस की ओर से एक पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के मुताबिक समस्त चिकित्सा विशेषज्ञ व अधिकारियों को आदेशित किया जाता है कि सर्किट हाउस में रुकने वाले अतिथियों को आवश्यकता पड़ने पर ऑन कॉल चिकित्सक द्वारा उक्त स्थल पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जाएगी। संबंधित चिकित्सक फार्मासिस्ट के साथ औषधि व उपकरण लेकर जाएंगे।

## 1900 बच्चों को कृमि मुक्ति टैबलेट खिलाई

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन जिले के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, प्राइवेट स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया गया। 1900 बच्चों को कृमि मुक्ति टैबलेट खिलाई गई। दर्शननगर स्थित अवध इंटरनेशनल स्कूल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय जैन ने बच्चों को अल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाकर अभियान का आरंभ किया। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश त्रिपाठी, चिकित्सा अधीक्षक पूरा बाजार डॉ. अमित वर्मा, डीपीएम, डीसीपीएम, डीएचईआईओ, को-ऑर्डिनेटर सतीश वर्मा, एचईओ, बीपीएम दिवाकर पांडे व स्कूल की टीम उपस्थित थी। स्कूल के संरक्षक अतुल कुमार सिंह, प्रिंसिपल विष्णु कुमार गुप्ता आदि ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। अब छूटे हुए बच्चों को 15 फरवरी को दवा दी जाएगी। इसे मॉप-अप दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि मुक्ति टैबलेट खिलाई जाएगी।

## साकेत महाविद्यालय समिति चुनाव पर 'दाग', प्रक्रिया पर सवाल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के चुनाव में नियमों के उल्लंघन का दाग लग गया है। जनवरी में हुए समिति के इस चुनाव में न केवल नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है बल्कि डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्विद्यालय की परिनियमावली को भी दरकिनार करने का भी आरोप है। इसे लेकर साधारण सभा के सदस्य एवं संरक्षक साकेत महाविद्यालय समिति डॉ. निर्मल खत्री की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है।

साकेत महाविद्यालय समिति की साधारण सभा की वार्षिक बैठक सात जनवरी को हुई। इसमें प्रबन्ध समिति का चुनाव कराया गया। इसके लिए कुलपति की ओर से प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। इस चुनाव प्रक्रिया में यूपी स्टेट यूनिवर्सिटी एक्ट 1973, अवध विश्वविद्यालय की परिनियमावली और समिति की नियमावली का उल्लंघन करने का आरोप है। चुनाव में नियमों के विरुद्ध जाकर दो बार कोषाध्यक्ष रहे रामचंद्र जायसवाल को तीसरी बार भी कोषाध्यक्ष चुन लिया गया, जबकि साकेत महाविद्यालय समिति की नियमावली की धारा आठ की उपधारा (5) में है कि कोई भी पदाधिकारी लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए उसी पद पर नहीं चुना जा सकता है। इतना ही नहीं चुनाव में दो परिवारों से एक से अधिक सदस्य चुन लिए गए हैं। जिसमें शैलेन्द्र मोहन मिश्र के अतिरिक्त उनके परिवार से भाई के पुत्र यतींद्र मोहन मिश्र और अर्पित अग्रवाल के परिवार से उनकी पत्नी नैना अग्रवाल और मां पारुल अग्रवाल को भी सदस्य चयनित कर लिया गया है। यह तब हुआ जब महाविद्यालय के नियमों और उपबंधों के अधीन दो सदस्य धारा 20 के स्पष्टीकरण के तहत एक दूसरे के नातेदार नहीं होंगे। आरोप है कि इसके बावजूद पूरी प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से चुनाव करा लिया गया।



- नियमावली की अनदेखी कर तीसरी बार चुन लिए गए कोषाध्यक्ष
- प्रबंध समिति के संरक्षक पूर्व सांसद निर्मल खत्री की शिकायत पर जांच शुरू

### संरक्षक की ओर से उठाए गए सवाल, चुनाव निरस्त की मांग

कुलपति, चुनाव पर्यवेक्षके व सोसायटी रजिस्ट्रार को भेजे पत्र में संरक्षक डॉ. निर्मल खत्री की ओर से अहम सवाल उठाए गए हैं। नियमों और परिनियमावली का हवाला देते हुए संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया निरस्त करने की मांग की गई है। इतना ही नहीं सात जनवरी की बैठक में अध्यक्ष के अचानक चले जाने को लेकर बैठक को भी पूर्ण नहीं मानते हुए फिर बैठक बुलाए जाने के लिए कहा है। कुलपति कार्यालय को प्राप्त पत्र में नियमों के सभी दस्तावेज भी दिए गए हैं।

> अभी मुझे कोई पत्र नहीं प्राप्त हुआ है। यदि मिलता है तो परीक्षण के बाद जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगी की जाएगी। अभी तक प्रकरण संज्ञान में नहीं है।
> **- अंजनी कुमार मिश्र, कुलसचिव, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय**

> कुलपति और मुझे डॉ. निर्मल खत्री का पत्र मिला है। मैने पर्यवेक्षक के रूप में अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाई। समिति में कौन किसका रिश्तेदार या एक घर का है यह मैं कैसे जान सकता था। यह तो समिति के सचिव जानते होंगे। चुनाव के समय किसी ने आपत्ति की होती तो उसका परीक्षण अवश्य किया जाता। अब जो भी कार्रवाई होगी वह कुलपति द्वारा की जाएगी। नियमों का परीक्षण किया जा रहा है। **- प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, चुनाव पर्यवेक्षक, साकेत महाविद्यालय समिति**

## सार-संक्षेप

### बिना पूर्व सूचना के छह घंटे बंद रही बिजली आपूर्ति

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** बिना किसी पूर्व सूचना के शनिवार को छह घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहने से एक लाख उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ा। शनिवार को विद्युत 33/11 विद्युत उप केंद्र तहसील रुदौली के 10 एमवीए और 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर की जांच के लिए आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक की गई। जांच के दौरान शहर के सभी 11केवी के फीडर 4 घंटे के लिए बंद रहे।अवर अभियंता विकास पाल ने बताया की गर्मी में सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए 10 और 5 एमबी के दो ट्रांसफार्मर की जांच के लिए आपूर्ति बंद की गई थी।

### पालतू कुत्ते का बच्चों पर हमला, एक घायल



घायल बच्चा।

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के गांव अर्थर में शुक्रवार देर शाम एक पालतू कुत्ता मुहल्ले के बच्चों पर हमलावर हो गया। गांव निवासी राम सुरेश सिंह के दरवाजे पर खेल रहे बच्चों की जान सांसत में पड़ गई। किसी तरह भाग कर बच्चों ने अपनी जान बचाई। हालांकि हमले में एक बच्चा राज पुत्र कमलेश घायल हो गया। कुत्ते ने उसके पैर से मांस तक नोच डाला। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। रौनाही थाने के उप निरीक्षक आलोक यादव ने बताया कुत्ते के स्वामी गांव निवासी तेजबीर सिंह को लेकर शिकायत मिली है। छानबीन के बाद कार्यवाही होगी।

### अंतरिक्ष वेध शाला उत्सव पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मनाए जा रहे अंतरिक्ष वेध शाला उत्सव पर शनिवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। छात्र-छात्राओं ने श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पूजन, मां सीता द्वारा पौधा सीचते हुए, राम धनुष तोड़ते, राम लक्ष्मण और सीता मां द्वारा वन भ्रमण, श्रीहनुमान और अन्य वानर सेना द्वारा रामसेतु पुल निर्माण जैसे विषयों पर चित्रकारी की। समन्वयक डॉ. सुरेंद्र मिश्रा व कला संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने उत्सावर्धन किया। प्रतियोगिता शिक्षिकाओं डॉ. सरिता द्विवेदी, सरिता सिंह, रीमा सिंह, अलका श्रीवास्तव की देखरेख में हुई।

**व्यवस्था** | 1792 परिषदीय विद्यालय व 11 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शामिल

# परिषदीय विद्यालयों में भी 15 से 'डिजिटल रजिस्टर्स' लागू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रदेश के सात जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की गई डिजिटल व्यवस्था अब यहां भी शुरू होगी। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा सभी 1792 परिषदीय और 11 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में इसे 15 फरवरी से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। डिजिटल व्यवस्था को लेकर पहले से विरोध जता रहे शिक्षकों में इसे लेकर खलबली मची हुई है।



महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से नौ फरवरी को जारी आदेश के तहत यह व्यवस्था अब सभी जिलों में लागू करने के लिए कहा गया है। इसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित 12 पंजिकाओं का डिजिटाईजेशन कराए जाने का निर्णय लिया गया है। पंजिकाओं के सरलीकरण और टेक्नोलॉजी आधार डिजिटल माध्यम से प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर्स नाम से माडयूल बनाया गया है। इसी के चलते 15 फरवरी से परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में लागू किया जाना है। इसके तहत छात्र उपस्थिति और मध्यान्ह भोजन पंजिका का डिजीटल रूप ही मान्य होगा।

- छात्रों की उपस्थिति के साथ मध्यान्ह भोजन का भी ब्योरा होगा अपलोड

### इस तरह दर्ज की जाएगी छात्रों की उपस्थिति

- एक अप्रैल से 30 सितम्बर तक सुबह आठ से नौ बजे तक छात्र उपस्थिति।
- एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह नौ से 10 बजे तक उपस्थिति स्मार्ट फोन-टेबलेट से पोर्टल पर।
- एक अप्रैल से 30 सितम्बर तक 12 बजे व एक अक्टूबर से 31 मार्च तक 1:30 बजे तक एमडीएम पंजिका अपलोड होगी ।

> महानिदेशक स्कूली शिक्षा की ओर से आदेश मिला है। 15 फरवरी से इसे जिले में लागू कराया जाएगा।
> **-संतोष कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी**

> आदेश की जानकारी है। सिम और अन्य संसाधनों की उपलब्धता पर व्यवस्था होगी। व्यवहारिक दिक्कतों को भी उच्च स्तर पर समझा जाना चाहिए।
> **-नीलमणि त्रिपाठी, अध्यक्ष, प्रांतीय ऑडीटर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ**

## भीड़ में कई हुए शिकार, किसी की गई चैन तो किसी का पर्स व अन्य सामान

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी के विभिन्न मठ-मंदिरों पर शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही, जिसका चोर उचक्कों ने जमकर फायदा उठाया। चोर-उचक्कों ने किसी की सोने की चेन पार कर दी तो किसी श्रद्धालु का पर्स और अन्य सामान। शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने में दिनभर फरियादियों की भीड़ आती रही। रामनगरी में राम जन्मभूमि समेत विभिन्न मठ मंदिरों पर दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भीड़ का फायदा उठाकर चोर उचक्कों ने तमाम लोगों को अपना शिकार बनाया। तेलंगाना प्रांत के करीमनगर जिले से आए तमाम श्रद्धालुओं की ओर से चोरी की शिकायत राम जन्मभूमि थाना पुलिस को दी गई है। पीड़ित आनंद और सुषमा का कहना है कि चोरों ने उनकी सोने की चेन और दो कीमती मोबाइल, साकिन सुधाकर राय ने सोने की लॉकेट, अदावली मंजुला ने सोने की चेन, उपेंद्र राय ने सोने की चेन व एक मुखी रुद्राक्ष, पी अहिल्या ने सोने की चेन, चिदुवेता रानी ने मंगलसूत्र, कटेपु रेणुका पत्नी सुधाकर राय ने सोने के मंगलसूत्र, सुरेंद्र रेड्डी ने सोने की चेन, कक्करा श्रीमती पत्नी अंजना राय ने मंगलसूत्र, कलानी विद्यालक्ष्मी ने मंगलसूत्र हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन के दौरान चोरी होने की शिकायत दी है। इसी तरह तमाम अन्य लोगों की ओर से भी अयोध्या कोतवाली और राम जन्मभूमि थाने में चेन, पर्स और अन्य सामान चोरी होने की शिकायत दी गई है।



# ऑपरेशन के बजाय कराया सामान्य प्रसव, नवजात का टूटा पैर, मौत

## मसौधा सीएचसी की नर्स पर लापरवाही का आरोप लगा परिवारीजनों ने काटा हंगामा

निजी अस्पताल में इलाज के दौरान नवजात ने तोड़ा दम, केस दर्ज करने की मांग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मसौधा सीएचसी की एक नर्स ने ऑपरेशन के बजाए सामान्य प्रसव कराया। जिसमें नवजात का पैर टूट गया। उसके बाद निजी चिकित्सालय में शनिवार को नवजात की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और आरोपी नर्स के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। सीओ सिटी के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।


नवजात की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।


आक्रोशित लोगों को समझाते सीओ सिटी। अमृत विचार

नगर के कौशलपुरी कॉलोनी निवासी राम पुकार यादव ने बताया कि तीन जनवरी को उन्होंने अपनी पत्नी स्वाति यादव को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मसौधा में भर्ती कराया था। आरोप है कि संविदा की स्टाफ नर्स अंकिता राय ने आश्वासन दिया कि साधारण प्रसव से बच्चा पैदा करा देंगे। इसके लिए उसने 10 हजार रुपये की मांग की। रामपुकार का कहना है कि उसने नर्स अंकिता को सात हजार रुपये दे कर शेष बाद में देने का भरोसा दिया। रामपुकार का आरोप है कि उन्होंने नर्स अंकिता को स्वाति का अल्ट्रासाउंड भी दिखाया था, जिसमें बच्चा मां के पेट में उल्टा होने की रिपोर्ट आई थी। ऐसी परिस्थिति में ऑपरेशन से ही प्रसव कराया जाना था, लेकिन पैसों के लालच में नर्स अंकिता ने एक और नर्स के साथ मिलकर जबरन सामान्य प्रसव करा दिया। इस दौरान नवजात के पैर की हड्डी टूट गई और उसकी हालत बिबगड़ गई। इस पर सिविल लाइंस स्थित एक निजी अस्पताल में नवजात को भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। पीड़ित रामपुकार का आरोप है कि घटना के बाद जब हमारी तरफ से अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया गया तो हम पर सुलह का दबाव बनाया जाने लगा था। थाना पूराकलंदर में तहरीर देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### जांच कमेटी की आख्या में नर्स की ही निकाली गलती

मसौधा सीएचसी में हुई इस घटना के बाद परिजनों ने अधीक्षक को डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव को शिकायती पत्र दिया था। जिसके बाद 28 जनवरी को तीन सदस्यों की कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच टीम में डॉ. दीप्ती सिंह, डॉ. सचिन पटेल व फार्मासिस्ट आशुतोष पांडेय शामिल थे। तीनों ने अपनी जांच आख्या बीते दिनों उच्चाधिकारियों को भेज दी है। आख्या में लिखा गया है कि नर्स अंकिता राय ने प्राइमरी ब्रीच प्रेजेंटेशन के साथ पहले बच्चे की डिलीवरी कराई, जबकि ऐसे केस में डिलीवरी कराने पर जच्चा और बच्चा दोनों को खतरा रहता है। न ही आरोपी नर्स द्वारा किसी को मामले की सूचना दी गई। परिजनों का भी बयान ले लिया गया है।

### नर्स ने दो को चार के विरुद्ध दर्ज कराई थी रिपोर्ट

इस मामले में सीएचसी मसौधा की नर्स अंकिता राय ने दो फरवरी को पूराकलंदर थाने में चार लोगों के विरुद्ध धमकी और रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में नर्स अंकिता राय ने कहा था कि राम पुकार यादव, मो. जसीम, सोनू व लव पाण्डेय मोबाइल फोन करके धमकाते थे कि तुम्हारे खिलाफ कई शिकायतें हैं। चारों ने सीएचसी मसौधा पर पहुंचकर रंगदारी भी मांगी है। थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में केस दर्ज है। जिसकी विवेचना की जा रही है।

"मुझे अभी इस मामले की जानकारी नहीं है। अगर कोई शकायती पत्र मिलता है तो निश्चित रूप से कड़ी कार्रवाई करूंगा। - डॉ. संजय जैन, सीएमओ"

## एक नजर

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बरवा गांव के पास पुलिस ने शुक्रवार रात एक युवक को देशी तमंचा के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया पलिया गोवा करौदा निवासी शिवम यादव उर्फ मन्ना को गिरफ्तार किया गया है।

### पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में 1521 परीक्षार्थी हुए शामिल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में 1521 परीक्षार्थी शामिल रहे। वहीं 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि शनिवार को एनईपी स्नातक पंचम सेमेस्टर परीक्षा दो पालियों में हुई। जिसमें 1521 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 1083 व द्वितीय पाली में 438 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल रहे।

### परिषदीय स्कूल के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की झलक




**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय तहसीनपुर में वार्षिक समारोह में बच्चों ने अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई। विभिन्न प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्राम प्रधान अखिलेश सोनी कहा शासन की नई शिक्षा नीति ने आज शिक्षा के स्तर को बढ़ाया है। अब सरकारी विद्यालय के बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने लगे हैं। कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका ममता रंजन पाण्डेय, खंड कार्यालय के दिनेश कांत पाण्डेय, अभिभावक और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# आदेश के बावजूद पुलिस ने बाल कल्याण समिति को नहीं भेजी रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

▸▸ समिति ने लिया स्वतः संज्ञान, विधिक व आर्थिक मदद के लिए बढ़ाई कार्रवाई

**अमृत विचार :** पॉक्सो अधिनियम के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की ओर से वर्ष 2021 में जुनैद बनाम उ.प्र. राज्य आदि के मुकदमें में पुलिस को 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट और कार्रवाई का ब्योरा बाल कल्याण समिति को उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया था, लेकिन तारुन थाना पुलिस ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में समिति को कोई रिपोर्ट नहीं भेजी। समाचार पत्रों में छपी खबरों का संज्ञान लेकर समिति ने थाने से पूरी रिपोर्ट तलब की। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक और विधिक मदद के लिए कार्रवाई को आगे बढ़ाया है।

तारुन थाना क्षेत्र में गांव के पास बकरी चराने गई एक किशोरी के साथ तीन फरवरी की शाम दो युवकों केवलापुर उर्फ तकमीनगंज निवासी दीपू व रामतिलक ने समूहिक दुष्कर्म किया था। वारदात का वीडियो भी बनाया था। धमकी के चलते पीड़िता ने मुंह नहीं खोला। 6 फरवरी को पेट में दर्द होने के बाद किशोरी के आपबीती बताने पर शिकायत पुलिस व आईजी से की गई। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन पाक्सो एक्ट का मामला होने के बावजूद रिपोर्ट बाल कल्याण समिति को नहीं दी। समिति के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने शनिवार को बताया कि समाचार पत्रों से जानकारी मिलने के बाद थाने के बाल कल्याण अधिकारी से रिपोर्ट हासिल की गई। उपनिरीक्षक मुन्नी लाल चौधरी ने पीड़िता को उसकी मां के साथ समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। परामर्शदाता प्रतिभा पाण्डेय की ओर से काउंसलिंग कराने के बाद स्वास्थ्य समस्या को लेकर पीड़िता को महिला चिकित्सालय भेजवाया गया है। पीड़िता की मदद के लिए समिति के सदस्यों को लगाया गया है और पीड़ित परिवार को निःशुल्क विधिक सहायता तथा आर्थिक मदद के लिए संस्तुति की गई है।



### देश-विदेश के 50 नामचीन चिकित्सकों ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद देश-विदेश में बैठा हर एक श्रद्धालु अयोध्या आने को व्याकुल है। रामनगरी में आए दिन राजनेता व फिल्म स्टार्स का जमावड़ा लगा रहता है। इसी क्रम में शनिवार को देश-विदेश के 50 नामचीन चिकित्सकों का दल अयोध्या पहुंचा। शहर के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ.केएस मिश्र के संयोजन में सभी ने रामलला का दर्शन किया। डॉ. केएस मिश्रा ने बताया की करीब 50 की संख्या में पहुंचे चिकित्सकों में यूएसए, मलेशिया व फ्रांस के भी चिकित्सक शामिल थे। उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सक बीएचयू में मेडिकल के 1971 बैच के पुरातन विद्यार्थी थे, जिन्होंने एक साथ मिलने के लिए रामलला का मंदिर चुना। सभी दर्शन के बाद निहाल दिखे। बोले- राममंदिर दुनिया के बेहतरीन मंदिरों में से एक है। इस दौरान सभी चिकित्सकों ने एक दूसरे के साथ तस्वीरें भी खिचवाई और सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल पुरानी यादें सांझा की। बीएचयू के रिटायर्ड वाइस चांसलर प्रोफेसर वीके शुक्ल, दिल्ली के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रधान, मेदांता के चीफ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. एके टक्कर, यूएसए की डॉ. माला, मलेशिया से डॉ. कुलवंत सिंह, बीएचयू आईएमएस के सर्जरी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर एके खन्ना, बेंगलुरु के कार्डियो सर्जन डॉ. नागर समेत अन्य चिकित्सक अयोध्या पहुंचे थे।

### दर्शन के लिए निकले रामभक्तों का स्वागत

**रामपुर भगन, अयोध्या। अमृत विचार :** रामलला के दर्शन के लिए पैदल निकली रामभक्तों की टोली का शनिवार को यहां स्वागत किया गया। ग्राम सभा समदा से निकली टोली बाबा भगन राय के ऐतिहासिक स्थल पर पहुंची। जहां पर अमरनाथ सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया। यहां से निकलकर रामपुर भगन बाजार पहुंची जहां पर बाजार वासियों ने स्वागत किया। पैदल यात्रा देर शाम आचारी बाबा का सगरा दर्शननगर पहुंचेगी। जहां पर रात्रि विश्राम होगा और 11 फरवरी को सुबह रामलला के दर्शन करने के साथ यात्रा समाप्त होगी। यात्रा में चंद्र देव सिंह, अमर बहादुर, राजेंद्र, अनिल, संजीव, बीडीसी राकेश कनौजिया,पूर्व बीसीसी मंजीत सैनी आदि शामिल हैं।

# सरकार ने योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को किया लाभांवित : रोली

संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार:** शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत शनिवार को नगर निगम के तिलक हॉल में भाजपा पदाधिकारियों ने स्वंय सेवी संस्थाओं, स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि महिलाओं को केंद्र में रख कर मोदी व योगी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं देकर महिलाओं को लाभांवित किया है। आगामी लोकसभा चुनाव में 400 पार के लक्ष्य के साथ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फिर सरकार बनाना है।


चाय पर चर्चा के बाद पदाधिकारियों के साथ समूह की महिलाएं। अमृत विचार

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिला वोटर्स का प्रतिशत बढ़े इसके लिए हम सभी को कार्य करना है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा चुनाव में महिलाओं को पार्टी की विचारधारा से जोडना लक्ष्य है। महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड़ ने कहा कि आधी आबादी मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि इस बार विगत चुनाव की अपेक्षा महिलओं का 10 प्रतिशत अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा, महामंत्री प्रतिमा शुक्ला, बसंती सिंह यमुनोत्री केसरवानी, अनीता, माया सिंह, वंदना सिंह, नेहा सहित एनजीओ तथा स्वंय सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

# बीज बिक्री की धनराशि न जमा करने पर की जाएगी कार्रवाई

तारुन, अयोध्या

▸▸ निरीक्षण के दौरान उपकृषि निदेशक ने पूर्व गोदाम प्रभारी को दी चेतावनी

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र में जैविक इंटर क्रॉपिंग विधि से की जा रही आधुनिक खेती का शनिवार को उप कृषि निदेशक डॉ. संजय त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को सराहना की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व गोदाम प्रभारी को विक्रय बीज की बकाया धनराशि को एक सप्ताह में जमा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कर्मचारियों को फसलों की निगरानी के निर्देश दिये गये।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के समदा गांव के किसान राजकुमार सिंह ने जैविक इंटर क्रॉपिंग विधि से फसल उगाई है। वहीं उन्होंने शिवरामपुर के प्रगतिशील किसान चंद्र देव सिंह की ओर से आत्मा योजना के तहत फॉर्म स्कूल में कद्दू की फसल देख किसान का उत्सावर्धन किया। उन्होंने चरावां गांव के किसान राम लौट मौर्य की ड्रेगन फ्रूट, चुकंदर, लहसुन, हरी मिर्च, धनिया, फूल गोभी, पपीता आदि की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने नई तकनीकि से खेती करने पर किसानों को कृषि यंत्र दिलाने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में बीटीएम विवेकानंद मिश्रा व दिवाकर पांडेय को फटकार लगाई। पूर्व बीज गोदाम प्रभारी प्रवीण को एक सप्ताह में विक्रय बीज का धन न जमा करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस दौरान प्रेम प्रकाश, कन्हैया लाल, बीटीएम विजय कुमार मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नहर की पटरी कटी, किसानों का आवागमन प्रभावित


कई वर्षों से कटी नहर की पटरी से किसान परेशान।

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली क्षेत्र अंतर्गत गड़रिया पुरवा गांव के समीप शारदा सहायक नहर की कोठी से कल्याणी नदी संपर्क नहर की पटरी की मिट्टी बह गई। जिसके रास्ता बहुत संकरा हो जाने से गड़रिया पुरवा गांव के सैकड़ों किसानों का आवागमन प्रभावित हो गया है। खेतों तक जुताई के लिए ट्रैक्टर ले जाने में कई किलोमीटर घूम कर जाना पड़ रहा है। ग्रामीण रति पाल, कामाख्या दीन, रामफेर, प्रेम,गंगाराम, सलीम आदि लोगों ने बताया नहर कोठी पक्की रोड से लगभग पांच सौ मीटर हम लोगों के खेत के पास तक खडंजा लगा हुआ था। दो-तीन वर्ष पहले बाढ़ में खडंजा लगा मार्ग नहर में बह गया तब से लेकर आज तक नहर विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। जब भी नहर विभाग के अधिकारी आते हैं हम लोग उनसे अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए रास्ता बनाने की बात करते हैं। खेती किसानी करने के लिए नए पुरवा महमूदपुर होते हुए लगभग पांच किलोमीटर दूर घूम कर जाना पड़ता है। नहर विभाग के एसडीओ दिनेश वर्मा ने बताया मामला संज्ञान में आया है। जेई को भेज कर जांच कराई जाएगी।

### रामनगरी में होगा प्रांतीय अधिवेशन : गौतम

**अयोध्या, अमृत विचार :** मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ऑफ सर्कल ऑफसेज के प्रांतीय अध्यक्ष पवन कुमार गौतम व मंत्री अमित यादव अपने अन्य सदस्यों के साथ शानिवार को अयोध्या पहुंचे। सहादतगंज हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन किया। अध्यक्ष पवन कुमार गौतम ने बताया कि हम हम अपना प्रांतीय अधिवेशन यहां करना चाहते है। इसलिए हम लोग यहां आकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। कहा कि अधिवेशन में ही नई कार्यकारिणी का गठन भी होगा। इस अवसर पर मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ऑफ सर्कल आफसेज के जिलाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, मंत्री संजय कुमार,क्षेत्रीय मंत्री सत्येंद्र कुमार, आनंद प्रकाश गुप्ता, दिनेश कुमार आदि ने उनका स्वागत किया।

### अपना दल में शामिल हुए कई दलों के लोग



बैठक को सम्बोधित करते पार्टी नेता। अमृत विचार

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रामगंज बाजार में शनिवार को अपना दल एस की बैठक में सपा, बसपा सहित अन्य दलों के लोगों ने डॉ. राम सजीवन की अगुवाई में पार्टी का झंडा थाम लिया। वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह ने सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि अपना दल सभी जाति,वर्गों के उत्थान व सम्मान की बात करता है। मुख्य अतिथि के रूप में रामनयन पटेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजनी प्रसाद मौजूद रहे। डीके वर्मा गवांस, राजकुमार पाल, विक्की पटेल,मदनप्रकाश मौर्य, रामनेवल वर्मा, अनिल सिंह, मुकेश वर्मा, ज्ञान प्रकाश वर्मा, हिमांशु गुप्ता मौजूद रहे।

### प्रथम पुण्यतिथि पर भाजपा नेता को दी श्रद्धांजलि


श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोग।

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** भाजपा नेता रहे स्व .शेखर जायसवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित करते नमन किया। वरिष्ठ नेता दान बहादुर सिंह ने कहा स्व .जायसवाल जीवटता के प्रतीक थे। गोसाईगंज कस्बे की बाईपास सड़क के लिए जिले से लेकर प्रदेश तक काफी संघर्ष किया। मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा, विनोद सिंह, विनीत सिंह, पंकज सिंह, ईश्वरदास जायसवाल, चेयरमैन विजयलक्ष्मी जायसवाल, ईओ इंद्रभान, अरविंद सिंह, ओमप्रकाश सोनी, रामकुमार सेठ, कन्हैयालाल, संजय पराग, शशि कुमार, राजेश, उत्कर्ष जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## किसान मोर्चा की ग्राम परिक्रमा यात्रा कल से

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा ने 12 फरवरी से शुरू होने वाली ग्राम परिक्रमा यात्रा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पार्टी कार्यालय सहादतगंज में शनिवार को आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि सरकार ने किसानों को समृद्धशाली बनाने के लिए अनेक योजनाएं दी है। केन्द्र सरकार ने कृषि बजट को कई गुना बढ़ा दिया है। सरकार किसानों के विकास के लिए संकल्पित है। ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ता किसानों से संपर्क व संवाद करेंगे। ग्राम सभा के देवस्थान में पूजन के बाद घर-घर सम्पर्क होगा। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप सिंह बल्ले ने बताया कि ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुवात रौनाही तटबंध रामनगर धौरहरा से राम देव स्थान, कृषि यंत्र एवं गौमाता पूजन से होगी। जिसमें पार्टी के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# बदल गया अयोध्या बस डिपो का आंतरिक परिदृश्य

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** परिवहन निगम की हाईवे बाईपास स्थित अयोध्या धाम अंतर्राष्ट्रीय बस अड्डा परियोजना भले ही अभी तक परवान न चढ़ पाई हो लेकिन अयोध्या डिपो का आंतरिक परिदृश्य बदल गया है। रंगाई-पुताई के बाद प्रशासनिक भवन व चहारदीवारी को आकर्षक बनाया गया है तो जन सुविधाओं के विकास के लिए डिपो परिसर में एलईडी डिस्प्ले बोर्ड आदि स्थापित कराया गया है। वहीं यात्रियों की सुविधा और सहूलियत के लिए अन्य जन सुविधाओं के विकास का प्रस्ताव मुख्यालय भेजवाया गया है।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर परिवहन विभाग की सुविधाओं को आकर्षक बनाने के लिए निगम मुख्यालय के निर्देश पर योजना के तहत कवायद शुरू हुई थी। पुरानी बसों के बेड़े की फिर से रंगाई-पुताई की गई है और सभी बसों में रामधुन बजाई जा रही है। प्रशासनिक भवन के साथ चाहरदीवारी की भी रंगाई-पुताई कराई गई है और चारदीवारी पर आकर्षक चित्रकारी तथा भवन पर राम से जुड़े आकर्षक फ्लैक्स लगाए गए हैं। पंखा-बल्ब को बदला गया है और बड़ी एलईडी लगाई गई है। परिसर में शौचालय और चालक-परिचालक के विश्राम गृह के निर्माण के लिए प्रस्ताव मुख्यालय को प्रेषित किया गया है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश का कहना है कि मुख्यालय के निर्देश पर कई योजनाओं पर काम हुआ है। साफ-सफाई तथा यात्रियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनउपयोगी सुविधाओं के विकास के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

### लगा बहुभाषी बोर्ड युक्त सहायता केंद्र




अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा और सहूलियत के लिए नगर निगम ने अयोध्या डिपो में सहायता केंद्र का निर्माण कराया है। फैब्रिकेटेड बोर्ड से बने इस केबिन में पूछताछ के लिए कर्मी की तैनाती की गई है और सहायता केंद्र को बहुभाषी बनाया गया है, जिससे उत्तर से लेकर दक्षिण तक के यात्रियों, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को जानने-समझने में कोई दिक्कत न हो।

### हेल्थ एटीएम बूथ केबिन भी बनकर तैयार




अयोध्या डिपो आने वाले रोडवेज बस यात्रियों तथा पर्यटकों को त्वरित चिकित्सा जांच के लिए प्रदेश शासन की योजना के तहत डिपो परिसर में अयोध्या नगर निगम की ओर से हेल्थ एटीएम के बिन का निर्माण कराया गया है, हलांकि अभी इसका संचालन शुरू नहीं हो पाया है। योजना के मुताबिक हेल्थ एटीएम के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श के साथ विभिन्न प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जानी है। हेल्थ एटीएम के माध्यम से डिजिटल हेल्थ रिकार्ड, विभिन्न प्रकार की शारीरिक जांच, ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल, होमोग्लोबिन जाँच, डेंगू, मधुमेह,त्वचा संबंधी आदि की जांच रिपोर्ट त्वरित ढंग से उपलब्ध कराई जाएगी।

रामोत्सव की धूम | राम भजन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

# सारी नगरिया में छाया एक नाम ... वो है अयोध्या धाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद महोत्सव के माहौल में पूरी रामनगरी झूम रही है। उत्तर प्रदेश संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित रामोत्सव के अंतर्गत राम कथा पार्क में राम भजनों से श्रद्धालु भाव- विभोर दिखे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को लखनऊ की डॉ. कुसुम वर्मा ने जन जन के राम की पहली प्रस्तुति दी। उन्होंने जन जन के राम और सारी नगरिया में छाया है बस एक नाम जी वो है अयोध्या धाम जी के भजन सुनकर श्रोताओं जय श्रीराम का उद्घोष किया। गुजरात के वनराज सिंह व उनके दल ने मिश्ररास की प्रस्तुति की। राधा कृष्ण की छेड़छाड़ को पारंपरिक गरबा शैली में जैसे ही कलाकारो ने मंच पर प्रस्तुत किया लोग झूमने लगे। महाराष्ट्र के कलाकारों ने डिंढी के आरंभ में राम भजन हरे रामा हरे रामा की प्रस्तुत किया।



▸▸ अलग-अलग प्रांतों से आए कलाकरों ने दी प्रस्तुति, लोगों का मोहा मन


रामकथा पार्क में सांस्कृति प्रस्तुतियां देते कलाकार।

### प्रेम अमृत है, विरह मंदराचल पर्वत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामकथा पार्क में आयोजित रामोत्सव में शनिवार को राम कथा का आयोजन हुआ। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित रामकथा में कथाव्यास ऋषिराज त्रिपाठी महाराज ने विविध प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि प्रेम अमृत है, विरह मंदराचल पर्वत है, भरतजी गहरे समुद्र हैं। कृपा के समुद्र श्री रामचन्द्रजी ने देवता और साधुओं के हित के लिए स्वयं इस भरत रूपी गहरे समुद्र को अपने विरह रूपी मंदराचल से मथकर यह प्रेम रूपी अमृत प्रकट किया है। कथा में कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक के नेतृत्व में वैभव मिश्रा ने संयोजन किया।



### गमगीन महौल में निकाला जुलूस सफर-ए-मदीना

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राठ हवेली में फैयाज साहब की मस्जिद से शुक्रवार रात जुलूस-ए-सफर मदीना निकाला गया। राठ हवेली इमामबाड़ा होता हुआ खुर्द महल दिल्ली दरवाजा हजरत अब्बास की दरगाह पर समाप्त हुआ। जुलूस से तकरीर मस्जिद फैयाज साहब में की गई। जिसमें मौलाना ने मदीने से कर्बला तक के इमाम हुसैन के सफर की दास्तां और उनकी मुसीबत बयान किया। संचालन अर्शी मौलाई ने किया। शिया धर्म गुरु मौलाना नदीम रजा. जैद्दी की अगुवाई में निकले जुलूस में बड़ी संख्या में अजादारों ने शिरकत की। सुरक्षा में कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### चोरी के सामान के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। थाना हंसवर क्षेत्र में पुलिस ने चोरी के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक सुनील दत्त ने वांछित अभियुक्त सूरज सिंह उर्फ गोलू पुत्र दीनदयाल सिंह, रवि कुमार पुत्र रामपलट यादव और मो. शाकिर पुत्र स्व. अब्दुल अजीज निवासी लोहरा थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ के कब्जे से एक बैटरा, एक इनवर्टर, एक स्टेप्लाइजर व 1410 रुपए बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### युवती को भगाने के मामले में युवक पर मुकदमा दर्ज

बसखारी, अंबेडकरनगर। बीते 7 फरवरी को बसखारी थाना क्षेत्र की निवासिनी एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से गायब हो गई थी। परिजन युवती की खोजबीन में लगे हुए थे कि इसी बीच पता चला कि गांव का एक युवक अमरजीत पुत्र हरिराम भी उसी समय से गायब है। इस पर अपहर्ता के पिता ने उक्त युवक के ऊपर अपनी पुत्री को भगा ले जाने की शंका जताते हुए बसखारी थाने में आरोपी के विरुद्ध नामजद प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी जेपी सिंह यादव ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर युवती की कुशलतापूर्वक बरामदगी करने के प्रयास के साथ आरोपी युवक की गिरफ्तारी के भी प्रयास में जुट गई है।

### पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के तहत थाना महरूआ क्षेत्र में पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक अजय पाल सिंह ने अभियुक्त संतोष हरिजन पुत्र देवराज निवासी हालापुर थाना जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर के कब्जे से चोरी की एक साइकिल बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है।

# दबंगों ने युवक को असलहे के बल पर पीटा, मुकदमा दर्ज

## वायरल वीडियो का पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने लिया संज्ञान, कार्रवाई के दिए निर्देश

▸▸ एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


डॉ. कौस्तुभ पुलिस अधीक्षक।

**अमृत विचार।** जनपद में एक दबंगई का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें तीन दबंग युवक एक दलित युवक को अवैध असलहे के बल पर पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। दबंगों का हौसला इतना बुलन्द है कि अपने इस कारनामे का खुद ही वीडियो बनवा रहे है। वायरल वीडियो में तीन में से दो युवक अवैध असलहा लहराते दलित युवक की पिटाई करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दबंग युवक असलहे के बल पर गाली-गलौज कर रहे हैं। साथ ही उसको थप्पड़ पर थप्पड़ जड़ रहे हैं। इतने पर ही इन दबंगो का जी नही भरा तो युवक से अपना पैर छूने को बोल रहे है। डरा व सहमा युवक बार-बार इन दबंग युवकों के आगे गिड़गिड़ा रहा है और हाथ जोड़ रहा है व आगे से ऐसा नही करने की बात बोल रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू किया तो पता चला कि यह वीडियो जनपद के बेवाना थाना क्षेत्र का है। वहीं, वायरल वीडियो दो से तीन माह पुराना बताया जा रहा है। दबंग युवक दलित युवक को नहीं छोड़ने की बात कर रहे हैं। वायरल वीडियो में दबंग कर रहे हैं कि अजय निषाद के पैर पकड़कर माफी मांगों। जिसके बाद अजय निषाद कहता है कि केवट के सम्मान के साथ खेलोगे। हम तुम्हें नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद दबंगों ने दलित युवक से पैर पकड़कर माफी मांगने के लिए कहा। जिसके बाद दलित युवक ने अजय निषाद का पैर पकड़कर माफी मांगा।

### एसपी बोले

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों को लगाया गया है। अभी तक की जांच में वायरल वीडियो दो से तीन माह पुराना होने की बता सामने आई है। मामले की गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है।

### ये हैं आरोपी

आरोपियों की पहचान कुरचा निवासी रोहित जायसवाल, बेवाना निवासी अजय निषाद और रामपुर सकरवारी निवासी फोटू यादव के रूप में हुई है। तीनों दबंगों ने दलित युवक को मिलने के लिए बुलाया था और उससे असलहे के बल पर मारपीट किया।

## रोडवेज बस ने युवक को कुचला, मौत

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। रोडवेज बस नें बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के नरियांव बावली चैक के निकट का है। बता दें कि शुक्रवार की देर रात्रि गुलरहा गांव निवासी अभय (23 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश यादव आलापुर थाना अंतर्गत ढोलबजवां बाजार से दुकान बंद कर घर आ रहे थे। जहांगीरगंज-बसखारी मुख्य मार्ग पर बावली चैक के निकट पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही रोडवेज बस नें युवक को कुचल दिया, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अविवाहित युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि वाहन की तलाश की जा रही है। मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


अभय (फाइल फोटो)।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये स्मार्टफोन

बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। कल्पा स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदपुर रामदीन सिंह किछौछा में युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए समारोह पूर्वक स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा ने लाभार्थी छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण करते हुए छात्राओं को स्मार्टफोन के महत्व के बारे में जानकारी। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक अवधेश कुमार वर्मा, प्राचार्य डॉ. पतिराम चैधरी, सैयद नदीम अशरफ, सुनील वर्मा, राजकुमार यादव, संतोष वर्मा, नूतन वर्मा, सुरेश चैधरी, रोली शुक्ला, फिरोज फातमा, यशोदा यादव अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे।


छात्रा को स्मार्टफोन प्रदान करते जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा।

### 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कुमकुम अव्वल

मिझौड़ा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। अमेठी जनपद में चल रही मंडल स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में भीटी शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बसोहरी की छात्रा कुमकुम ने 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पाकर चैंपियन बनीं। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रा को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। न्याय पंचायत, ब्लॉक व जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लगातार अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़कर जिस तरह से प्रथम स्थान प्राप्त किया वह सराहनीय है। प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार सिंह, अखिलेश त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह, अर्चना, यशवीर, आकांक्षा सिंह, अखिलेश वर्मा, एनसीसी के लेफ्टिनेंट डॉक्टर हरीश सिंह व अभिभावकों ने छात्रा को सम्मानित किया।


छात्रा कुमकुम को प्रमाणपत्र देते अतिथि।

### विद्यालय में 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई


विदाई समारोह में छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य जेबी सिंह व साथ में अन्य।

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। शनिवार को पंडित राम अवध स्मारक इंटर कॉलेज मसेना मिर्जापुर रामनगर में 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर जेबी सिंह ने कहा कि 12वीं के बाद कैरियर का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी हौसिला प्रसाद ने कहा कि छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक और नैतिक ज्ञान अर्जन करने पर जोर दिया। प्रबंधक विजय नारायण पांडेय ने कहा कि जो ज्ञान शिक्षण संस्थान में दिया गया है, छात्र उसको अपने जीवन में उतार कर आगे बढ़ें। प्रवक्ता डॉक्टर ओएन सिंह और डॉ. लालजीत राम ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्रधानाचार्य जयशंकर त्रिपाठी, शीतला प्रसाद दुबे समेत कई अन्य लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर जूनियर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए सीनियर छात्रों को विदाई दिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य एनबी यादव ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण, एएनएम को फटकारा


निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मी से जानकारी लेते सीएमओ राजकुमार।

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। सीएमओ के अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने से हड़कंप मच गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार और डिप्टी सीएमओ आशुतोष सिंह नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान नियमित टीकाकरण का भी जायजा लिया। इसके बाद सीएमओ नगपुर उप केंद्र पहुंचे जहां पर आंगनवाड़ी रीता के विलंब पहुंचने पर सीएमओ ने आपत्ति जताते हुए डीपीओ से शिकायत किया। इसके बाद वह मुस्तफाबाद पहुंचे जहां काफी गहनता के साथ जांच पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आयरन की गोली कम पाए जाने पर एएनएम को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में दवा की कमी नहीं होनी चाहिए और मरीज को पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सीएमओ ने आयुष्मान कार्ड का भी जांच किया। इस मौके पर अधीक्षक जयप्रकाश और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।

# सौंदर्यीकरण कार्य देख मुख्य सचिव ने की सराहना

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


कलेक्ट्रेट में अधिकारियों से बातचीत करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा।

**अमृत विचार।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा शनिवार देर शाम जनपद दौरे पर आए। मुख्य सचिव का जिलाधिकारी और एसपी ने स्वागत किया। उन्होंने जनपद में जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कराए गए सौंदर्यीकरण के कार्यों की हकीकत परखी। मुख्य सचिव ने कलेक्ट्रेट परिसर में किए गए सौंदरीकरण के कार्यों को देखा।

उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय, एनआईसी भवन के सौंदरीकरण को देखकर जिलाधिकारी की प्रशंसा किया। इसके बाद मुख्य सचिव विकास भवन पहुंचे और वहां पर जिलाधिकारी, एसपी, सीडीओ और डीडीओ की उपस्थिति में गांधी प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने विकास भवन में किए गए सौंदरीकरण के कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने पुरानी तहसील स्थित फव्वारा तिराहे पर श्रीराम की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, एसपी डॉ. कौस्तुभ, सीडीओ अनुराज जैन, एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता और डीडीओ सुनील तिवारी मौजूद रहे।

## अश्लील मैसेज भेजने के मामले में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। सोशल मीडिया पर अश्लील मैसेज भेजने के मामले मे पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी पीड़ित महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि प्रयागराज निवासी राज सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से उसके फोन पर अश्लील मैसेज और अश्लील वीडियो लगातार 6 महीने से भेज रहा है। पीड़िता उसके मोबाइल को ब्लॉक करती रही लेकिन वह नए-नए नंबरों से अश्लील मैसेज भेजता रहा। जब पति ने उससे बात किया तो उसने अपने को प्रयागराज जनपद का निवासी बताया। इस बीच आरोपी राज सिंह ने व्हाट्सएप से मेरी आईडी निकाल कर मेरी फोटो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मेरे विरुद्ध दुष्प्रचार कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को लिखित तहरीर भेजी। वहां से फोन आया कि संबंधित थाना पर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर राज सिंह अज्ञात निवासी जनपद प्रयागराज के विरुद्ध आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# बीडीओ ने पुंथर लेक का किया निरीक्षण, दिए निर्देश


पुंथर लेक के साफ-सफाई का निरीक्षण करते बीडीओ राघवेंद्र प्रताप सिंह।

टांडा, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** विकास खंड टांडा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-233 पर स्थित पुथंर लेक को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाए जाने को लेकर चल रहे साफ -सफाई का खंड विकास अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई के कार्य में जुटे हुए कर्मियों से वार्ता किया और उनको साफ-सफाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

टांडा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पुंथर स्थित लगभग 100 बीघा क्षेत्रफल में फैला यह तालाब बीते एक वर्ष से चर्चा में है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के प्रयास से तालाब का सौंदर्यीकरण कर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया। पुंथर लेक को घूमने के लिए मोटरबोट की सुविधा है। जिससे यहां पर लोगों को लाखों रुपए की आमदनी भी हो रही है। पुंथर लेक पर साइबेरियन व अन्य प्रवासी पक्षियों के आने से यहां पर लोगों का जमावड़ा रहता है। खंड विकास अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया पुंथर लेक सौंदर्यीकरण के लिए जरूरी इंतजाम कराए जा रहे हैं।

# 130 शिकायतों में से 17 निस्तारित

## थाना समाधान दिवस

▸▸ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने अकबरपुर कोतवाली में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


अकबरपुर कोतवाली में फरियादियों की समस्याएं सुनते एसपी डॉ. कौस्तुभ।

**अमृत विचार।** शनिवार को जनपद के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद के सभी थानों में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। थाना समाधान दिवस में जनपद में कुल 130 शिकायतें सामने आईं। जिनमें से मौके पर सिर्फ 17 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने थाना कोतवाली अकबरपुर में क्षेत्राधिकारी और राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याओं को सुना। एसपी के समक्ष कुल आठ शिकायतें आईं जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए। जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। पुलिस अधीक्षक ने जमीन संबंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने और समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने के लिए निर्देशित किया।

## नारी शक्ति कार्यक्रम

शक्ति वंदन अभियान के तहत चाय पर चर्चा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# भाजपा सरकार ने महिलाओं को बनाया सशक्त : धर्मेंद्र प्रताप

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


संबोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा।


लोहिया भवन में कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नारी शक्ति को सम्मान और सामाजिक, राजनीतिक और राजकीय सेवाओं में भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए शक्ति वंदन अभियान के तहत शनिवार को जनपद मुख्यालय के लोहिया भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट एनजीओ के महिला प्रमुखों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी के मार्गदर्शन और जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव की अध्यक्षता व जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव के संयोजन में चाय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही सरकारी योजनाओं से महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। भाजपा सरकार की योजनाएं महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर चलाई जा रही हैं। जिससे महिला शक्ति आत्मनिर्भर बन कर समाज और देश प्रदेश की विकास में योगदान कर रही हैं। लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कहा कि पिछली सरकारों की गलत नीतियों की वजह से देश की आधी आबादी महिलाएं पिछड़ चुकी थी। भाजपा सरकार ने महिलाओं को सबल बनाते हुए सशक्त बनाने का काम कर रही है। बेटियों और माताओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना, सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, आर्थिक उन्नयन योजना, महिला सम्मान बचत पत्र योजना, महिला समृद्धि योजना, ग्राम पंचायतों में 59 हजार बैंकिंग कोरेस्पोंडिंग सखी की तैनाती, स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार जैसी दर्जनों योजना का लाभ मातृ शक्ति को भाजपा सरकारें दे रही हैं।

### इन्होंने भी किया संबोधित

कार्यक्रम को भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रिंकल सिंह रघुवंशी, अम्बिका जायसवाल, अंजू पाण्डेय ने भी संबोधित किया। चाय पर चर्चा करते हुए बेवाना समूह की रीना देवी, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सुषमा देवी और ओमलता तिवारी ने अपने-अपने स्वरोजगार और सरकार की सहयोग की कहानी बताया।

### योजनाओं की दी जानकारी

शक्ति वंदन कार्यक्रम के जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव ने गीत के माध्यम से नारी शक्ति का गुणगान और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार की संचालित योजनाओं का बृहद चित्रण किया। शक्ति वंदन कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमलेश यादव, प्रतिमा वर्मा, संगीता चैरसिया, अन्नू यादव, पूनम पांडेय सहित सकड़ों स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल रहीं।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!

मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

आवश्यकता है
ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)
में बी.काम में अध्यापन हेतु 03 शिक्षकों की आवश्यकता है।
योग्यता- उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
नोट- इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान - उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
प्राचार्य- 8765312453,9532071072

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैने अपने पुत्र डेनिस बाल्मीकि और पुत्रवधु निशा के गलत आचरण से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किए कार्यो एवं लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
-ओमप्रकाश पुत्र मन्नीलाल 166/ठ -1 बीबीपुर चकेरी एरोड्रम, कानपुर

सूचना
मेरे पुराने पासपोर्ट पर मेरे पिता का नाम तुर्टिवश बशीर अहमद अंकित हो गया है मेरे पिता का वास्तविक नाम छेदा है। समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का नाम छेदा ही माना जाये। मो0 गुफरान पुत्र छेदा निवासी मोहल्ला खत्राना कस्बा परगना थाना बिलग्राम हरदोई

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में फंसी मंडल की चार लोकसभा सीटें

## सर्वे रिपोर्ट: पब्लिक का अप्रूवल और पार्टी के निर्णय के आधार पर दिग्गजों को उतारने की कवायद

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** देवी पाटन मंडल के चारों जिलों में चार लोकसभा सीटें हैं। इनमें एक पर बसपा तो तीन पर भाजपा के सिटिंग सांसद हैं। लेकिन अन्य दलों की अपेक्षा भाजपा पब्लिक अप्रूवल रेटिंग को आधार बनाकर अपना प्रत्याशी तय करने के मूड में दिख रही है। भाजपा के जानकारों का मानना है कि तीन स्तर से तय रिपोर्टों के मिलान के बाद प्रत्याशी तय होंगे। इसमें बदलाव की भी गुंजाइश है। माना जा रहा है कि इसी माह के अंत तक चुनाव की तारीख तय हो सकती है और प्रत्याशियों के नामों की घोषणाएं भी। ऐसे में भाजपा में अधिक मारामारी है। सपा व बसपा

**देवी पाटन मंडल की चार सीटों में तीन पर भाजपा के सीटिंग सांसद**

में बहुत कम नाम ही हैं जो लोगों के बीच चर्चा में हैं लेकिन भाजपा में मोदी की गारंटी वाली सीट पर चुनाव लड़ने वालों की लंबी फेहरिस्त है।

गोंडा लोकसभा सीट पर मनकापुर राजघराने के कीर्तिवर्धन सिंह सिटिंग सांसद हैं। यहां से कीर्तिवर्धन सिंह, कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह या उनके बेटे प्रतीक भूषण, गौरा विधायक प्रभात वर्मा, मेहनौन के विधायक विनय कुमार द्विवेदी, महेश नरायन तिवारी, पुष्कर मिश्रा, पीयूष मिश्रा का भी नाम चर्चा में है। गोंडा लोकसभा में गोंडा जिले की चार गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर व गौरा तथा बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। यहां का जातीय समीकरण भी अब बदला है। इसमें सबसे अधिक वोटर पिछड़ा वर्ग है जिसमें सबसे अधिक कुर्मी व यादव हैं। इसके बाद मुस्लिम मतदाता हैं। ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में है। तीन लोकसभा गौरा, मेहनौन व उतरौला में कुर्मी तथा मुस्लिम मतदाता निर्णायक होते रहे हैं। यहां सपा से सूरज सिंह, कांग्रेस से पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के नाम की भी चर्चा है। इंडिया गठबंधन होने पर यहां सपा या कांग्रेस में किसी एक को ही मौका मिल सकता है। बसपा से अभी किसी नाम की चर्चा सामने नहीं आई है।

बगल में कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र हैं जहां 2009 से बृजभूषण शरण सिंह लगातार सांसद हैं। मौजूदा समय वह भाजपा के कद्दावर नेताओं में हैं और कैसरगंज से उनकी दावेदारी पक्की मानी जा रही है लेकिन पार्टी के सर्वे में उनकी पब्लिक अप्रूवल रेटिंग बेहतर है लेकिन विवादों का साया रहने के कारण इस सीट के भी बदलाव के सुर गूंज रहे हैं। यहां भी भाजपा के कई दिग्गजों का नाम चर्चा में है। इस लोकसभा क्षेत्र में गोंडा जिले की तीन तरबगंज, करनैलगंज, कटरा बाजार तथा बहराइच जिले की कैसरगंज व पयागपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। पयागपुर, कटरा बाजार व तरबगंज विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों का दखल अधिक माना जा रहा है जबकि सरयू के कछार पर यादव वोटरों का भी अधिक महत्व है। समाजवादी पार्टी से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, कैसरगंज के विधायक आनंद यादव के नाम पर भी जोर आजमाइश चल रही है। बहराइच सुरक्षित सीट पर भाजपा के अछैवर लाल गौड़ सांसद हैं। लेकिन इस बार उनकी आयु सीमा क्रास करने की चर्चा है। इस सीट पर बलरामपुर सदर सीट से विधायक पल्टूराम सहित आधा दर्जन लोगों के नाम की चचा है। माना जा रहा है कि अछैवर लाल गौड़ 70 प्लस हैं और उनकी जगह किसी दूसरे को मैदान में उतारा जा सकता है। चौथी सीट बलरामपुर-श्रावस्ती की है। इसमें तीन विधानसभा बलरामपुर, तुलसीपुर, गैसड़ी तथा श्रावस्ती की दो विधानसभा क्षेत्र को जोड़कर यह सीट बनी है। इस सीट पर पिछले चुनाव में भाजपा से दद्दन मिश्रा को चुनाव लड़ाया गया था लेकिन यहां आपसी खींचतान में वह सीट हार गए थे और बसपा से राम शिरोमणि वर्मा चुनाव जीते थे। लेकिन इस बार इस सीट से भी आधा दर्जन लोगों ने अपनी पैरवी तेज कर दी है। भाजपा से दद्दन मिश्रा, इकौना के विधायक राम फेरन पांडेय, साकेत मिश्रा, शेरावाली शुक्ला, ललिता सिंह, तुलसीपुर के विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, प्रकाश चंद्र मिश्रा के नामों की भी चर्चा है। इसी तरह सपा से मसूद आलम खां, भीष्म शंकर तिवारी, जबकि कांग्रेस से विनीता यादव, पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुज सिंह के नामों की चर्चा है।

## सरयू नदी में उतराता मिला युवक का शव

**करनैलगंज, गोंडा:** शनिवार को स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत फतेहपुर कोटहना के बंधिया घाट स्थित सरयू नदी में एक युवक का शव उतारता दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। जिसकी पहचान धर्मपाल (35) पुत्र राम दयाल निवासी ग्राम धनावा के रूप में हुई है। उधर, घटना के बाद मौके पर स्थानीय एवं आससाप के लोगों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर

#### कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन

**करनैलगंज, गोंडा :** नगर के मोहल्ला गाड़ी बाजार में चल रहे आठ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार सायंकाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देवी भागवत पुराण की कथा में शक्ति आराधना और उपासना के साथ भगवान शिव के पूजन विधि एवं रुद्राक्ष की महिमा का बखान करने के साथ ही कथा व्यास आचार्य रवींद्र शुक्ला शास्त्री ने देवी भागवत की महिमा का गुणगान किया। महा आरती, प्रसाद वितरण के साथ ही भागवत कथा का समापन किया गया। शुक्रवार को भागवत कथा समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन गाड़ी बाजार में हुआ। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान महेश कुमार गुप्ता, मुकेश सोनी, प्रकाश जायसवाल, समीर गुप्ता, राहुल सिंह, अशोक सिंघानिया, धर्मेंद्र रस्तोगी, प्रमोद सिंघानिया, डॉ रामतेज, डॉ गिरधर गोपाल वैश्य, रमनदीप सिंह लवी आदि मौजूद रहे।

#### विवाद में जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**कौड़िया बाजार, गोंडा :** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम गौरवा जानीपुर निवासनी पूजा देवी पत्नी विजय कुमार पांडेय ने शनिवार को कौड़िया थाने में गांव के ही शिवकुमार मिश्र पुत्र राजदत्त, गुद्दन, दद्दन, नवनीत, अंकित पुत्र गण शिव कुमार के विरुद्ध एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी आबादी की जमीन जिसका कागजात प्रार्थनी को यूज जिलाधिकारी करनैलगंज द्वारा मुझे प्राप्त है। पर विपक्षी शिवकुमार जबरन नींव का निर्माण करवा रहे हैं। जिसको रोकने पर विपक्षी द्वारा भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट पर आमादा हो गये, का आरोप लगाया है। थाना अध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर एक शिकायत मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

#### पूर्व चेयरमैन के भाई के निधन पर जताया शोक

**करनैलगंज, गोंडा :** नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन शमीम अहमद अच्छन के बड़े भाई हाजी शब्बीर अहमद का शुक्रवार रात्रि में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से उनके सकरौरा स्थित आवास पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बहुमुखी प्रतिभा के धनी हर दिल अजीज हाजी शब्बीर अहमद के निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। धर्म, जाति और राजनीति से हटकर गरीबों और असहाय तबके के लोगो की मदद के लिए उनका हाथ सदैव आगे रहता था। परिवार को एक सूत्र में बांधकर आगे बढ़ाने में उनका अहम योगदान रहा। शनिवार को दोपहर बाद सुक्खापुरवा के पास स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द खाक किया गया। फहीम अहमद पप्पू, खुर्शीद अहमद, जावेद अहमद, जियाउल अहमद, गणेश पाण्डेय, जमील राइनी, याकूब सिद्दीकी, वीरेंद्र विक्रम तिवारी रहे।

# मनकापुर कोतवाल सस्पेंड

## जमीन विवाद में एकतरफा कार्रवाई करना पड़ा महंगा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर एक तरफा कार्रवाई करना मनकापुर कोतवाल को भारी पड़ गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक की जांच में दोषी पाए जाने पर एसपी ने कोतवाल को निलंबित कर दिया है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरवा गांव के रहने वाले मोहम्मद शाद व मालू के बीच मकान की खरीद फरोख्त को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि कोतवाल ने मामले में एकतरफा कार्रवाई करते हुए मो शाद पर गलत तरीके से दबाव बनाया और आठ फरवरी को उसे दिन भर थाने पर बैठा रखा। बाद में उसका शांति भंग में चालान कर दिया गया। आरोप है कि उसके घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की गयी।

पुलिस से छूटने के बाद मो शाद ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर पूरी बात बताई। एसपी ने सीओ मनकापुर से मामले की जांच करायी तो कोतवाल पर लगे आरोप सही पाए गए। सीओ की जांच रिपोर्ट पर एक्शन लेते हुए एसपी विनीत जायसवाल ने शनिवार को मनकापुर कोतवाल राजकुमार सरोज को निलंबित कर दिया है। उनके स्थान पर अभी किसी की तैनाती नहीं की गयी है।

**पुलिस पर घर में घुसकर तोड़फोड़ करने का आरोप**

मनकापुर के शेखपुरवा गांव के मालू और मो शाद के बीच मकान खरीदने बेचने को लेकर विवाद है। मो शाद का कहना है कि उसने गांव के ही मालू व वसीम को जमीन खरीदने के लिए 3 .50 लाख रुपये दिए थे, लेकिन दोनों ने उसे जमीन का बैनामा नहीं किया। जब उसने रुपये वापस मांगा तो पहले दोनों ने आनाकानी की लेकिन बाद में उसके रुपये उसके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। रुपये लौटाने के बाद मालू ने उल्टे उस पर ही रुपये हड़पने का आरोप लगा दिया और पुलिस ने मिलकर उस पर नाजायज दबाव बनवाया। मालू के कहने पर पुलिस जबरन उसके घर में घुस गयी और तोड़ फोड़ की। उसे दिन भर थाने में बैठाए रखा और उसे टॉर्चर किया गया। बाद में उसका शांति भंग में चालान कर दिया गया।

# बाल संरक्षण गृह से स्कूल गया छात्र लापता

## जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कोतवाली में दर्ज करायी छात्र के गुमशुदगी की रिपोर्ट

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बाल संरक्षण गृह में रहने वाला एक 12 वर्षीय किशोर संदिग्ध हालत में लापता हो गया। वह पंतनगर स्थित कंपोजिट स्कूल में पांचवी की छात्र था और शुक्रवार को स्कूल गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। रात भर किशोर की तलाश की गयी लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह जिला प्रोबोशन अधिकारी ने नगर कोतवाली में छात्र के गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस लापता छात्र की तलाश में जुटी है।



उत्तम कुमार। अमृत विचार

नगर कोतवाली क्षेत्र के परेड सरकार स्थित बाल संरक्षण गृह में रहने वाला उत्तम कुमार (12) पंतनगर स्थित कंपोजिट स्कूल में पांचवी कक्षा में पढ़ता था। बाल गृह के कर्मियों के मुताबिक वह शुक्रवार की सुबह स्कूल गया था लेकिन दिनभर वापस नहीं लौटा। छुट्टी के बाद जब वह दिखाई नहीं दिया तो कर्मियों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। फिर इसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी व चाइल्ड हेल्प लाइन को दी गयी। अधिकारी व कर्मचारी रात भर उत्तम को तलाश करते रहे लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने नगर कोतवाली में उत्तम के गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। छात्र की तलाश की जा रही है।

**बच्चों को लाने ले जाने के लिए लगती है कर्मियों की ड्यूटी**

बाल संरक्षण गृह के चीफ कोऑर्डिनेटर उपेंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक बाल गृह के चार बच्चे कंपोजिट स्कूल में पढ़ने जाते हैं। इसी में उत्तम कुमार भी था। बच्चों को ले जाने के लिए संस्था की तरफ से वाहन की व्यवस्था है। बच्चों को लाने ले जाने की जिम्मेदारी दिनेश कुमार व प्रसून सिंह की थी। यही दोनों कर्मी शनिवार को बच्चों को स्कूल छोड़ने गए थे। छुट्टी के बाद कर्मचारी जब बच्चों को लाने गए तो उत्तम गायब मिला।

# वेधशाला उत्सव के तहत बनाए चित्र

खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** भारत अंतरिक्ष सप्ताह नई दिल्ली के ओर से श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव के तहत राजकीय महाविद्यालय भवानीपुर कला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें बीए तृतीय वर्ष की छात्रा दिव्यांशी तिवारी एवं बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा शालिनी देवी ने प्रतियोगिता के विषय- 'श्रीराम लक्ष्मण एवं माँ सीता का वन भ्रमण' पर आधारित चित्रकला बनाई।कार्यक्रम के पश्चात प्रतिभागी छात्राओं ने पौधरोपण भी किया। साथ ही साथ जीवन में पौधों का महत्व भी समझाया। उक्त आयोजन श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया गया।इस अवसर पर शिक्षक डॉ प्रवीण कुमार सिंह, डा सुमनलता, रत्नेश सिंह, ममता पटेल उपस्थित रहे।



चित्रकला प्रतियोगिता में चित्र बनातीं छात्राएं। अमृत विचार

# डॉ. संत प्रकाश को संस्कृत पूर्व संस्थान का पुरस्कार

बभनान, गोंडा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम की ओर से शुक्रवार को वर्ष 2022 के पुरस्कारों की घोषणा की गई। इसमें इविवि में संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं प्राच्य भाषा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संत प्रकाश तिवारी की पुस्तक सौंदर्य शास्त्र के नव आयाम को विविध पुरस्कार की श्रेणी में चयनित किया गया। डॉ. संत प्रकाश को 11 हजार रुपये की नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। ये मूलरूप से ग्राम बरहपुर, पोस्ट खम्हरिया बुजुर्ग के रहने वाले डॉ. संत प्रकाश ने उच्च शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राप्त की। उन्होंने छह वर्ष तक लखनऊ विवि में अतिथि शिक्षक के रूप में अध्यापन किया। उसके बाद 2022 में इविवि के संस्कृत विभाग में नियुक्ति हुई। डॉ. संत प्रकाश ने बताया कि उनकी दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और एक शीघ्र ही प्रकाशित होने वाली है।



डॉ. संत प्रकाश। अमृत विचार

# बसंत कालीन कृषक गोष्ठी का आयोजन, दी जानकारी

**नवाबगंज, गोंडा:** विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र के काज़ीपुर में गन्ना विकास परिषद द्वारा शुक्रवार को बसंत कालीन गन्ना बुवाई की जानकारी देने के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गन्ने की नवीनतम प्रजातियों का प्रयोग एवं आधुनिक पद्धति से बुवाई, जैव उर्वरकों के प्रयोग, गन्ना समिति में उपलब्ध विविध कृषि यंत्रों के बारे में गन्ना किसानों के बीच विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी में आसपास के गांव से भी में किसानों ने भाग लिया। गन्ना समिति के संचालक रुद्र प्रताप सिंह तथा चीनी मिल मसौधा के एजीएम हेमंत सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी में गन्ना समिति नवाबगंज के सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि गन्ना समिति पर अनुदान पर दवाएं उपलब्ध हैं जिनका लाभ उठाएं और समिति के ट्रैक्टर से खेतों की जुताई बहुत कम पैसे में करके धन की बचत कर सकते हैं। गोष्ठी को संबोधित करते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक इंद्रमणि पांडे ने किसान भाइयों को गन्ने की वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के बारे में एवं उससे लाभ उठाने के की सलाह दी। गोष्ठी के दौरान गन्ना पर्यवेक्षक शशि कुमार, रोहित, राजेश कुमार, संतोष गौड़, पंकज पाठक शहीद दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस पर कोतवाली में पुलिस अधीक्षक ने सुनीं समस्याएं

**गोंडा कार्यालय:** शनिवार को थाना समाधान दिवस पर एसपी विनीत जायसवाल व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने जनसुनवाई की और समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को मौके पर जाकर शत-प्रतिशत निस्तारण के लिए निर्देशित किया। थाना कोतवाली देहात में जनसुनवाई के दौरान नौ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। पत्रों के निस्तारण को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। इसी प्रकार जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षक ,थानाध्यक्षों ने भी अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया। सभी थानों में कुल 145 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण के लिए मौके पर भेजा गया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी आदि मौजूद रहे।



समाधान दिवस पर जनसुनवाई करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

# गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा:** मनकापुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनकापुर राजकुमार सरोज पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था के लिए रात्रि गश्त में थे। सूचना मिली कि गैंगस्टर ऐक्ट के वांछित आरोपी आईटीआई मोड़ इटिहवा पुल के पास खड़े है। पुलिस बल बताये गए स्थान पर घेराबन्दी कर आरोपी दुर्गेश कुमार व संदीप कुमार निवासी रहमत नगर सादुल्लाह नगर बलरामपुर को गिरफ्तार किया। आरोपियों का एक गिरोह है जो भौतिक एवं आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए जनपद गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच आदि जनपदों से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

# बरौनी, न्यू जलपाईगुड़ी से पहुंचे 23 सौ भक्त

## अयोध्या में प्रभु श्रीराम के बाल रूप के दर्शन के लिए उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** अयोध्या में विराजमान भगवान राम के बाल रूप के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। रेलवे भी श्रद्धालुओं को लाने, दर्शन कराने में अपनी भूमिका को निभा रहा है। शनिवार को भी दो स्थानों बरौनी व न्यू जलपाईगुड़ी से दो आस्था ट्रेनें कटरा शिवदयाल गंज स्टेशन पर पहुंचीं जिसमें 23 सौ से अधिक श्रद्धालुओं का स्टेशन पर सत्कार कर अयोध्या के लिए रवाना किया गया।

शनिवार सुबह बिहार राज्य के धार्मिक नगरी गंगा नदी के तट पर स्थित बरौनी रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन से चलकर गोरखपुर बस्ती मनकापुर होते हुए सरयू के तट पर स्थित कटरा रेलवे स्टेशन पर 1344 श्रद्धालुओं के जत्थे को लेकर पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही पूरा रेलवे स्टेशन राम मय हो गया। सभी श्रद्धालुओं ने स्टेशन से नीचे उतर कर धरती माता के चरण स्पर्श किए और जय श्री राम जय जय हनुमान का जोरदार नारा लगाते हुए रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 4 पर पहुंचे। पावन नगरी अयोध्या धाम से चलकर आये हुए राम भक्तों ने सभी श्रद्धालुओं के माथे पर तिलक लगाकर पुष्प वर्षा करते हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत सम्मान करते हुए इलेक्ट्रॉनिक बसों से लेकर अयोध्या प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन करने के लिए रवाना हो गए।

न्यू जलपाईगुड़ी के शिव मंदिर से चलकर 970 श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। श्रद्धालुओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कृपा से अयोध्या में सरयू नदी में स्नान और राम जन्म भूमि में विराजमान प्रभु श्रीराम और हनुमान जी महराज का दर्शन पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।




खुशी जताते ट्रेन से उतरे श्रद्धालु। अमृत विचार

### आगाज

**परिसरों में रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देगा परिसर चलो अभियान : पुष्पेंद्र बाजपेई**

# विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने को चलेगा परिसर चलो अभियान

**गोंडा कार्यालय:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से परिसर चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता पुष्पेंद्र बाजपेई प्रान्त मंत्री मुख्य अतिथि पूर्व प्रान्त अध्यक्ष डॉ. रंजन शर्मा, नगर अध्यक्ष डॉ. संतोष श्रीवास्तव, नगर मंत्री रवि शुक्ला ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पुष्पेंद्र बाजपेई ने कहा कि परिसर चलो अभियान एक जन आंदोलन है। इसके दो चरणों में 10+2 के विद्यार्थियों से लेकर विश्वविद्यालय परिसरों में अध्ययनरत छात्रों के मध्य वर्षभर चलने की योजना है। प्रथम चरण में छात्र संवाद, छात्र संसद, प्रेरक उद्बोधनों व विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की परिसरों के प्रति रुचि बढ़ाने एवं परिसरों में छात्रसंघ विद्यालयों में प्रयोगिक कक्षाएं तथा कला, खेल, सेवा और पर्यावरण संबंधी प्रकल्प की शुरुआत से परिसर में सकारात्मक माहौल बनाने पर जोर दिया जाएगा। द्वितीय चरण में शिक्षा क्षेत्र के सभी हितधारकों से संवाद कर इस दिशा में कार्य कर परिषद जीवंत बनाने, रोजगार सृजन का केंद्र बनाने एवं परिसर पुरुष कर बनाने के लिए कैंटीन, खेल, प्रागंण तथा छात्र कल्याण केंद्र प्रदेश की व्यवस्थाओं को उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व प्रान्त अध्यक्ष डॉ. रंजन शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए परिसर एक व्यापक माध्यम है। जहां विद्यार्थी के व्यक्तित्व निर्माण संबंधी सभी आयामों को भली बात सीखता और समझता है। महानगर मंत्री सत्यम ने कहा कि परिसर चलो अभियान विद्यार्थी और शिक्षकों के मध्य दूरी को काम करेगा और इसी इच्छा शक्ति के बल पर यह कार्य को संभव बनाया जा सकता है। नगर अध्यक्ष डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि अभाविप रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया है। संचालन प्रिय शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा, जिला संगठन मंत्री रितेश, विभाग छात्रा प्रमुख अक्षिता त्रिपाठी, सुधांशु मिश्र, विभाग सह संयोजक सूरज शुक्ला, जिला संयोजक मृदुल, सह जिला संयोजक कुलदीप, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अभिनव सिंह, संदीप शुक्ला, उमाकांत यादव, गोविंद, वैभव सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




विद्यार्थी को प्रमाण पत्र देते अभाविप के पदाधिकारी। अमृत विचार

# युवा सशक्तीकरण अभियान के तहत 73 छात्राओं को दिए गए स्मार्टफोन

**खरगूपुर, गोंडा:** युवा सशक्तिकरण स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत 73 बालिकाओं को स्मार्टफोन मुहैया कराया गया है। स्थानीय नगर के स्वर्गीय मुनीर अहमद बालिका महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नमिता तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लाल मोहम्मद तथा कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद जहीर अहमद ने कॉलेज में अध्ययनरत बीए प्रथम तथा बीएससी की 73 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया। स्मार्टफोन पाने के बाद छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में संदीप तिवारी, राजेश पांडे, मोहम्मद सोहेल खान, मोहम्मद नसीम खान, मीनू तिवारी, रिंकी पांडे सहित विद्यालय के कर्मचारी एवं अभिभावक मौजूद रहे।



स्मार्टफोन के साथ छात्राएं। अमृत विचार

## एक नजर

### नल तोड़ने के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**गोंडा :** परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुसुंडा पूरे रघुवीर के रहने वाले धर्म राज पाण्डेय ने नल तोड़ने के विवाद में मारपीट मामले में शुभम, सतेंद्र, हिमांशु व गुड्डू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि गुरुवार को दोपहर में विपक्षी ने उसका नल तोड़कर नुकसान कर दिया। बोलने पर उसकी लड़की बिट्टू पाण्डेय की पिटाई कर दी और जानमाल की धमकी दी। इस बाबत थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय का कहना है कि पीड़ित के तहरीर पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। और मामले की जाँच शुरू कर दी गयी है।

### तहसीलदार सदर ने थाने में की जनसुनवाई

**रुपईडीह, गोंडा :** कौड़िया थाना मुख्यालय पर समाधान दिवस तहसीलदार सदर की देखरेख में आयोजित किया गया। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि इस मौके पर राजस्व विभाग के आठ व पुलिस विभाग के तीन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि इन प्रार्थना पत्रों में से पुलिस विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य प्रार्थना पत्र को निस्तारित किए जाने के लिए राजस्व व पुलिस कर्मियों को अगले समाधान दिवस तक निर्देश दिया गया है।

### दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति फीड कराने के निर्देश

**रुपईडीह, गोंडा :** शिक्षक सुनीत कुमार मिश्र ने पूर्व मावि हरखापुर व कोचवा तथा प्राथमिक विद्यालय कौड़िया प्रथम व कोचवा का भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से दिव्यांग बच्चों के नामांकन व चिन्हांकन के बारे में जानकारी हासिल करते हुए समर्थ ऐप पर नियमित रूप से दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति लोड कराये जाने का निर्देश दिया।

### इलेवन स्टार इटियाथोक ने जीता क्रिकेट मैच

**इटियाथोक, गोंडा :** रेलवे स्टेशन ग्राउंड पर चल रही टी टेन क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच इलेवन स्टार इटियाथोक व शमा स्टील क्रिकेट टीमों के बीच खेला गया। शमा स्टील ने पहले बैटिंग की। 111 रन पर आल आउट हो गई। वहीं इलेवन स्टार ने सात ओवर में ही बिना विकेट खोए रन बना लिए। इलेवन स्टार इटियाथोक 10 विकेट से विजई घोषित हुई। इस मैच में मैन ऑफ द मैच मोनू लारा व मैन ऑफ द सीरीज आसिफ को घोषित किया गया। पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी पूरी तरह से रोमांचित नजर आ रहे थे। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रमुख अनवर शकील व पीर गुलाम उर्फ गुल्ले, मजीद हाफिज रहे। उन्होंने विजेता टीम को प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान किया।

# हर्षोल्लास से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

## जेपी ओपी कान्वेंट में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर बांधा समां, मोबाइल से दूर रहने की दी सलाह

**करनैलगंज, गोंडा**

**अमृत विचारः** नगर के चित्रगुप्त इंटर कालेज की शाखा जेपी ओपी मेमोरियल कान्वेंट का वार्षिकोत्सव शनिवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी विशाल कुमार व विशिष्ट अतिथि तहसीलदार मनीष कुमार रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद चित्रगुप्त इंटर कालेज व जेपीओपी के प्रबंधक वीके श्रीवास्तव व प्रधानाचार्य



रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार

जीके श्रीवास्तव ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। एसडीएम के सम्बोधन के बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत गणेश व सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ शुरू किए। यूकेजी के बच्चों ने मैं निकला गड्डी लेके गीत पर धमाके दार नृत्य प्रस्तुत किया। चौथी के बच्चों ने मोबाइल व सोशल मीडिया से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद राम-सीता हनुमान के झांकी के साथ छात्राओं ने अयोध्या में राम आये हैं गाने पर मनोहारी ढंग से नृत्य किया, जिससे तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा।

इसी क्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कव्वाली, नाटक, गीत व नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। शानदार अंदाज में कार्यक्रम का संचालन मोनिका श्रीवास्तव ने किया।

इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, भूप नारायन मिश्र, ज्वाला प्रसाद तिवारी, आरके श्रीवास्तव, अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव, रूपेंद्र श्रीवास्तव, ज्वाला प्रसाद तिवारी, पप्पू मौर्य, आलोक मौर्य समेत समस्त स्टाफ व भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी बेहतरीन प्रस्तुति

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के नजीर नेशनल पब्लिक स्कूल परसदा विशुनापुर बेलभरिया में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रबंधक सफीक खान ने बताया कि इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा एकांकी नाटक प्रस्तुत किया गये। प्रधानाचार्य डॉ श्रीधर तिवारी, प्रधान अफसर अली, अब्दुल रशीद, सलाहुद्दीन, अब्दुल वहीद, आलोक सिंह, मोनू सिंह आदि उपस्थित रहे।



शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

### नगर में निकाली गई बालाजी की शोभायात्रा

**खरगूपुर, गोंडा :** श्री बाला जी सेवा समिति के तत्वावधान में गाजे बाजे के साथ स्थानीय नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। खरगूपुर नगर पंचायत के राम जानकी पोखरा मंदिर परिसर में बुधवार 14 फरवरी को सुंदरकाण्ड, श्री दुर्गा सप्तशती, श्रीराम चरित्र मानस पाठ, सीताराम नाम जप तथा 15 फरवरी गुरुवार को प्रातः सवामनी हवन के उपरांत सायं चार बजे से श्री गांधी आदर्श इंटर कालेज परिसर में विशाल भण्डारा तथा वहीं रात्रि आठ बजे से श्री बाला जी का भव्य जागरण का अयोजन लखनऊ से आये कलाकारों द्वारा किया जायेगा। उक्त भण्डारे व जागरण के उपरांत शुक्रवार को प्रातः पांच बजे से छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया जायेगा। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से राम कुमार शुक्ल, धर्मेंद्र कुमार मिश्र, पदुमनाथ शुक्ल, संजय गुप्ता, रिन्कू बाबा, विजय शंकर तिवारी आदि भक्त शामिल रहे।

# पांच साल की बच्ची से छात्रों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

## 10 और 8 वर्ष के छात्रों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप

**धानेपुर, गोंडा**

**अमृत विचारः** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्ष की बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है स्कूल के दो छात्रों ने हैवानियत को अंजाम दिया है। दोनों की उम्र 10 वर्ष और 8 वर्ष बताई जा रही है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और घटना की छानबीन में जुट गई है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले सख्श के मुताबिक उसकी पांच साल की बेटी गांव के बगल स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा है। शुक्रवार को वह पढ़ने के लिए स्कूल गयी थी। स्कूल में उसके साथ दो छात्रों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। स्कूल से वापस लौटने के बाद जब मासूम ने परिजनों से दर्द की शिकायत की और घटना की जानकारी दी। मासूम संग दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात की जानकारी पर परिवार के लोग सन्न रह गए। तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी।

दुष्कर्म की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला दल बल के सात मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने घायल मासूम को जिला महिला पहुंचाया। इलाज के बाद शनिवार को पीड़िता को छुट्टी दे दी गयी। शनिवार की सुबह सीओ सदर शिल्पा वर्मा पीड़िता के गांव पहुंची और परिवार के लोगों से घटना की जानकारी ली। परिजनों की शिकायत पर दोनों आरोपी छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है और उनकी तलाश की जा रही है।

### फॉरेंसिक टीम के साथ एसपी ने किया निरीक्षण

पांच वर्षीया छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने की वारदात की जानकारी मिलने पर शनिवार को एसपी विनीत जायसवाल भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने स्कूल तथा पीडिता के गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। स्कूल के ही 10 व 8 वर्ष के छात्रों पर दुष्कर्म का आरोप है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है और उसे घर भेज दिया गया है। फॉरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन में जुटी है। जांच रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।

### 27 केंद्रों पर आरओ-एआरओ परीक्षा देंगे 11616 अभ्यर्थी

**गोंडा कार्यालय :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की तरफ से आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। रविवार को जिले के 27 केंद्रों पर 11616 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। नकल मुक्त परीक्षा के लिए जिला प्रशासन की तरफ से सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। डीएम नेहा शर्मा ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटा पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने का निर्देश दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया प्रथम पाली में 9 बजकर 30 मिनट से 11 बजकर 30 मिनट तक होगी। द्वितीय पाली में 2 बजकर 30 मिनट से 3 बजकर 30 मिनट तक संपन्न होगी। परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले केंद्रों का गेट बंद कर दिया जाएगा।

# भाजपाइयों ने की चार्य पर चर्चा

**गोंडा कार्यालयः** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से शहर के गांधी पार्क में शक्ति बंदन अभियान के निमित्त शक्ति संवाद "चाय पर चर्चा "कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

चाय पर चर्चा कार्यक्रम में जनपद की सैकड़ों महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा एवं विशिष्ट तिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप रहे। कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बीना राय राजभर एवं संचालन जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। मुख्य



शक्तिवंदन अभियान में चर्चा करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अतिथि ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं। भाजपा सरकार में ही आधी आबादी को सम्मान मिल पाया है। विशिष्ट अतिथि ने बताया कि नारी शक्ति के नेतृत्व को विकसित करने एवं समाज की मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर भाजपा सरकार निरंतर प्रयत्नशील रही है। शक्ति संवाद चाय पर चर्चा कार्यक्रम में लोकसभा संयोजक गोंडा डॉक्टर रंजन शर्मा, लोकसभा संयोजक कैसरगंज अक़बाल बहादुर तिवारी ने अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की समस्त जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# देवी भागवत सुनने से अंतःकरण होता है शुद्ध

**नवाबगंज, गोंडा**

**अमृत विचारः** श्रीमद्भागवद फाउंडेशन द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण एवं रूद्र चंडी महायज्ञ शिवा नगर में कथा का रसपान कराते हुए कथावाचक शास्त्री महाराज ने बताया कि गंगा, गया, काशी, नैमिषारण्य, मथुरा, पुष्कर और बदरीवन आदि तीर्थों की यात्रा से भी वह फल प्राप्त नहीं होता, जो नवाह्न पारायण रूप देवी भागवत श्रवण यज्ञ से प्राप्त होता है। माघ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को स्वर्ण सिंहासन पर श्रीमद् देवी भागवत की प्रतिष्ठा कराकर ब्राह्मण को देने वाला देवी के परम पद को प्राप्त कर लेता है। इस पुराण की महिमा इतनी महान है कि नियम पूर्वक एक-आध श्लोक का पारायण करने वाला भक्त भी मां भगवती की कृपा प्राप्त कर लेता है, भगवान् श्रीकृष्ण जब प्रसेनजित को ढूंढ़ने के प्रयास में खो गये थे जो श्रीदेवी भगवती के आशीर्वाद से सकुशल लौट कर आये थे। इस यज्ञ के यज्ञ आचार्य पंडित अतुल शास्त्री, सहायक आचार्य पंडित सूरज शास्त्री, राकेश शास्त्री, पुष्पेंद्र, पंकज, रिंकू, अनिल, अंजनी, हेमंत, दिनेश, संदीप, सोनू, सुमित, रुद्रा, रविशंकर, विकास समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम के खिलाफ अनशन जारी

**मनकापुर, गोंडा**

**अमृत विचारः** एसडीएम के स्थानांतरण की मांग को लेकर शनिवार को भी अनशनकारी अधिवक्ता सुबह से अनशन स्थल पर जमे रहे। महीने का दूसरा शनिवार होने के चलते अवकाश में भी अधिवक्ताओं के जोश में कोई कमी नहीं देखी गई। अनशन की अगुवाई वरिष्ठ अधिवक्ता चेयरमैन एल्डर कमेटी बार एसोसिएशन मनकापुर पीएस पांडेय द्वारा किया गया। अध्यक्ष श्याम लाल शुक्ल ने बताया कि उप जिलाधिकारी मनकापुर राजीव मोहन सक्सेना के स्थानान्तरण तक आन्दोलन जारी रहेगा। जिला प्रशासन के जो अधिकारी इस भ्रष्ट



मनकापुर तहसील परिसर में अनशन पर बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार

अधिकारी का बचाव कर रहे हैं वह भी बेनकाब किए जायेंगे। अगले सप्ताह से डिस्ट्रिक्ट बार गोंडा व तहसील तरबगंज व कर्नलगंज से सहयोग की अपील की गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व स्वयं सेवी संगठनों से भ्रष्ट अधिकारी को बेनकाब कर दंडित कराने में मदद ली जायेगी। आज अनशन में कपिल देव पांडेय, कनिकराम वर्मा, कुलदीप पांडेय, रवि मौर्य, गोमती प्रसाद पाठक, गोविंदर प्रसाद, सी के सिंह, सी पी वर्मा, जेपी तिवारी, जितेन्द्र दूबे, दुर्गेश पांडेय, प्रवीण कुमार तिवारी, विंदु कुमार उपाध्याय, विजय प्रताप सिंह रहे।

# घुचुआपुर में बसों के ठहराव की उठाई गई मांग

**रुपईडीह, गोंडाः** गोंडा बहराइच मार्ग पर कस्बा घुचुआपुर में निगम की बसों का ठहराव न होने की शिकायत रग्घू बाबा आरोग्य सेवा संस्थान घुचुआपुर के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने क्षेत्रीय प्रबंधक से की है।

उन्होंने बताया कि उक्त कस्बे में गोंडा बहराइच मार्ग पर चल रही निगम की बसों का ठहराव न होने से क्षेत्रीय जनता को गोंडा व बहराइच तक जाने के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। जो यात्रियों से अधिक किराया वसूल कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अधिकांश लोग परेशान हैं।

# घर से निकला युवक लापता दो दिन बाद ही होनी है शादी

**बभनजोत, गोंडा**

**अमृत विचारः** खोडारे थाना क्षेत्र के औसानी बुजुर्ग गांव का रहने वाला एक युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। युवक शुक्रवार की शाम को बाजार जाने के लिए घर से साइकिल लेकर निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। लापता युवक की दो दिन बाद 12 फरवरी को शादी तय है। ऐसे में उसके लापता होने से परिवार में हड़कंप मचा है। लापता युवक के भाई ने खोडारे थाने में उसके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



राम सजीवन। अमृत विचार

खोडारे थाना क्षेत्र के औसानी बुजुर्ग गांव के रहने वाले मनोज कुमार के मुताबिक उसका भाई राम सजीवन शुक्रवार की शाम को बाजार जाने के लिए साइकिल लेकर निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने रात भर उसकी तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका।

मनोज का कहना है कि 12 फरवरी को राम सजीवन का विवाह होना तय है। शादी की तैयारी पूरी हो चुकी है परिवार के लोग शादी की तैयारी में जुटे हैं। ऐसे में राम सजीवन का अचानक लापता हो जाने से परिवार के लोग परेशान हैं। मनोज ने खोड़ारे थाने में राम सजीवन के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस केस दर्ज कर राम सजीवन की तलाश में जुटी है।

# पीएम आवास बनना शुरू नहीं हुआ दे दी तीनों किस्त की धनराशि

**करनैलगंज, गोंडाः** विकास खंड करनैलगंज के ग्राम पंचायत कुर्था में प्रधानमंत्री आवास बनने से पहले ही सभी धनराशि निकाल लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसपर ग्राम विकास अधिकारी जगजीत सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए खंड विकास अधिकारी जेएन राव ने स्पष्टीकरण तलब किया है। बीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रामक सूचना देने एवं शासकीय धनराशि के दुरुपयोग पर यह नोटिस की कार्यवाही की है।

नोटिस जारी करते हुए बीडीओ ने कहा कि ग्राम पंचायत कुर्था में निर्मित एवं निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों की जांच व स्थलीय निरीक्षण जब सहायक विकास अधिकारी के साथ की गई तो पता चला कि तमाम लोगों के आवास अधूरे हैं। कई लोगों का आवास बनना ही नही शुरू हुआ इसके बावजूद भी धनराशि की क़िस्त निकाल ली गई। निरीक्षण में मिला कि नीलम, राम आरती, इंद्रपाल का आवास अनारम्भ है जबकि दूसरी क़िस्त जारी करने के लिए जियो टैग कर दिया गया। इतना ही नही सीमा का आवास अनारम्भ होने के बावजूद तीनों क़िस्त निकाल कर आवास पूर्ण कराने की सूचना विभाग को दे दी गई। बीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी को जान बूझकर सरकारी धनराशि का अपव्यय व विभाग को भ्रामक सूचना देने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# नेचर क्लब ने बच्चों को जीव संरक्षण का महत्व समझाया

**गोंडा कार्यालयः** केशवपुर पहड़वा गांव के कृष्णा उच्चतर विद्यालय में शनिवार को नेचर क्लब गोण्डा की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को प्रकृति और जीव जंतुओं के प्रति संवेदनशील रुख अपनाए जाने की अपील की गई। पर्यावरण और जीवों के महत्व पर रोचक उदाहरण के माध्यम से समझाया गया।

नेचर क्लब के पर्यावरण कार्यकर्ता अभिषेक दुबे ने विद्यार्थियों से अपने आसपास के बाग, झाड़ियों, तालाबों, नदियों, जीवों को बचाने व उन्हें किसी तरह का नुकसान न पहुंचाने का आह्वान किया। छुट्टा



बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा और जीव संरक्षण पर टिप्स देते क्लब के सदस्य।

पशुओं की समस्या और गाय-भैंस के शोषण व हत्या को रोकने के लिए उनकी जबरन जनसंख्या वृद्धि कराने से बचने व पशु उत्पादों के बजाय पौध आधारित भोजन की ओर मुड़ने की अपील किया। जितेंद्र शुक्ल ने बताया कि नेचर क्लब गोण्डा के द्वारा हर सप्ताह 12 स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने विद्यार्थियों में प्रकृति व प्राणियों के प्रति संवेदना जगाने का प्रयास किया जा रहा है।

**जागरूकता** | राजदेई देवी इंटर कालेज कुकनगर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण

# कुछ कर गुजरने की राह है स्काउट गाइड प्रशिक्षण

**बभनजोत, गोंडा**

**अमृत विचारः** स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण स्व श्रीमती राजदेई देवी इंटर कालेज कुकनगर ग्रांट में हुआ। स्काउट गाइड प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हकीकुल्लाह चौधरी महाविद्यालय घारी घाट के प्रबंधक मोहम्मद कमाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान राम पुजारी वर्मा, विद्यालय के प्रबंधक राम रूप यादव की उपस्थिति में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। एडवांस स्काउट मास्टर के नेतृत्व में बच्चों द्वारा प्रांगण में कम संसाधन में सुंदर कैम्प बनाकर यह साबित किया



स्काउट गाइड प्रशिक्षण में भाग लेते विद्यार्थी। अमृत विचार

कि कभी भी विषम परिस्थितियों में कम संसाधन में अनुशासन में रहकर अपना जीवन व्यतीत कर सकते हैं। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख़ातिथि प्रबंधक मोहम्मद कमाल चौधरी ने बच्चों को अनुशासन में रहकर सच्चे मन से उत्तम कोटि की शिक्षा प्राप्त कर एक आदर्श नागरिक बन कर देश की सेवा करने की अपील की। वक्ता ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने स्काउट गाइड के बारे मे चर्चा कर बच्चों को शिक्षा के महत्व को बताया। एडवांस स्काउट गाइड मास्टर मोहम्मद तुफैल ने बताया कि यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण दो यूनिट बच्चों का प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। एक यूनिट मे 32 बच्चे कुल मिलाकर 64 बच्चों ने ट्रेनिंग करके प्रमाण पत्र ग्रहण किया। इस अवसर पर शिक्षक ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य मनोज कुमार यादव, अर्जुन प्रसाद दुबे, शैलेन्द्र कौशल श्रीवास्तव, डॉक्टर प्रभाकर पाण्डेय, शिव पूजन यादव, मंजू वर्मा, संजू वर्मा, राम विलास यादव सहित गणमान्य व्यक्तियों सहित स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।



आग बुझाता युवक। अमृत विचार

### अग्निकांड में किसान का हजारों का नुकसान

**पसका, गोंडा :** परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बहोरी पुरवा भौरीगंज में शनिवार की दोपहर में उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जिसमें किसान परिवार हेमदत्त पाण्डेय समेत तीन किसानों का घर, गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट होने से काफी नुकसान हुआ। बताया जा रहा है कि बहोरी पुरवा भौरीगंज में शनिवार को दोपहर में अचानक फूस घर में अज्ञात कारणों से आग लग गयी और देखते ही देखते आग की लपटों ने हेमदत्त पाण्डेय, चन्द्रिका पाण्डेय व अजय पाण्डेय के घर को अपने आगोश में ले लिया। जिससे छप्पर में बंधी दो भैंस आग की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गई। घर गृहस्थी के सामान, भूसा चारा व छप्पर जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। मोटरसाइकिल भी आग के जद में आकर क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल बसंतलाल ने अग्निकांड क्षति का आकलन किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई, वि.ख.कटरा बाजार- गोण्डा**

पत्रांक: मेमो दिनांक :–06–02–2024

**निविदा सूचना**

वितीय वर्ष 2023–24 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य महेश के घर से रामपाल के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे – ईट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोडा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों की आपूर्ति सहित मनरेगा योजनान्तर्गत आँगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु भवन सम्बन्धी सभी सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है, इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांकः–14–02–2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि :– 15–02–2024

सुधांशु वर्मा
ग्रा0पं0 अधिकारी
ग्रा0पं0 भगहरिया पूरे मितई
कटरा बाजार
जनपद–गोण्डा पिन–271503

रेखा दिनेश सिंह
प्रधान
ग्रा0पं0 भगहरिया पूरे मितई
कटरा बाजार
जनपद–गोण्डा पिन–271503

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# दो दिवसीय शिविर में 10 हजार लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**आयोजन**

▸▸ 40 सीमावर्ती गरीबों को अपने गांव में ही मिली बेहतर इलाज

मिहींपुरवा, बहराइच



सीमावर्ती गांव में प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि और शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नर सेवा नारायण सेवा के भाव को लेकर श्री गुरु गोरक्षनाथ चतुर्थ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के दौरान सीमा क्षेत्र में 40 स्थान पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लगभग 10000 से अधिक ग्रामीण को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई।

विकास खंड मिहीपुरवा एवं नवाबगंज क्षेत्र कुल 40 गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ।जिसमें भारत नेपाल सीमा से सटे गांव रंजीतबोझा, आंबा, बर्दिया, फकीरपुरी, सोहनी बलई गांव कठौतिया, सोंगवा, केवलपुर, विशुनापुर, जैतापुर, निधिनगर, पोखरा, मजगंवा, छोटिया गांव, जामदान, होलिया, इटहवा समेत 40 स्थान पर कैंप आयोजित हुए। थारू बाहुल्य क्षेत्र आम्बा, बर्दिया, फकीरपुरी आदि स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राज किशोर, विभाग प्रचारक अवधेश आदि ने पहुंच कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा चिकित्सकों एवं ग्रामीणों से कुशल क्षेम पूछा। यात्रा शिविर के संयोजक आलोक जिंदल ने बताया कि श्री गुरु गोरखनाथ यात्रा शिविर का यह चौथा वर्ष है। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के माध्यम से आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर मे भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के 40 गांव में आयोजित कैम्पों में लगभग 10 हजार से अधिक मरीजों का निशुल्क जांच और इलाज कर दवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर मे डा. पुस्पेश मिश्रा, डा. पार्थवी मिश्रा, डा ओम नरायन, आरएमएल के डॉक्टर डॉ कपिल, डॉ अभिषेक पांडे, डॉ कल्पित, डॉ प्रमोद सिंह आदि अपने टीम के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं दी। यात्रा शिविर से गरीब व जरूरतमंदों को लाभान्वित होने का उनके गांव में ही अवसर प्राप्त हुआ। यात्रा शिविर में यात्रा के सहसंयोजक धर्मेंद्र, आलोक पाठक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक बाबूलाल शर्मा, सह जिला संघ चालक सुरेश वर्मा, जिला प्रचारक अजय, खंड संघचालक कृष्ण चंद, अरुण पाठक,बाबूलाल, सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेंद्र मौर्य उर्फ पिंटू मौर्य, नीरज मिश्रा, सेवाभारती विभाग अध्यक्ष इंद्र बहादुर सिंह, अरुण पाठक खंड कार्यवाह आशीष, दीपक सह कार्यवाह सर्वेश खण्ड विस्तारक आदि उपस्थित रहे।

## दुकानदार किसानों को उपलब्ध कराएं पक्की रसीद

**बहराइच,अमृत विचार :** कृषि रक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि कीटनाशक रसायनों की बिक्री करते किसानों को अनिवार्य रूप से कैश मेमो/ क्रेडिट मेमो/पक्की रसीद उपलब्ध कराएं। जिस पर कीटनाशी रसायन का नाम, बैच नंबर, निर्माण तिथि, अन्तिम प्रयोग तिथि एवं मूल्य अवश्य अंकित होना चाहिए। सभी विक्रेताओं को सचेत किया गया है। कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि कृषि रक्षा रसायन प्रतिष्ठानों के औचक निरीक्षण के समय कीटनाशक नियमावली का पालन न करने वाले कीटनाशक विक्रेताओं के विरुद्ध कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं नियमवाली 1971 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी, बहराइच के मोबाइल नम्बर 9696165492 अथवाकृषि भवन बहराइच स्थित जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# रिसिया से रोडवेज बस का संचालन बंद, यात्रियों में नाराजगी

**परेशानी**

▸▸ ट्रेन बंद होने के बाद अब बस भी दे गई दगा

रिसिया, बहराइच

**अमृत विचार:** रिसिया नगर से लखनऊ के लिए संचालित एक मात्र रोडवेज बस का भी संचालन बंद होने से नगरवासियों सहित दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने एआरएम को पत्र भेजकर बस संचालन किए जाने की मांग की है।

एक तरफ रेलवे ने बड़ी लाइन के निर्माण के चलते ट्रेनों का संचालन दस फरवरी से बंद कर दिया है। जिस कारण रोजाना बहराइच से लेकर दूर दराज तक यात्रा करने वाले यात्री तो परेशान ही थे,अब कई दिनों से रोडवेज ने रिसिया से लखनऊ सुबह छह बजे जाने वाली बस का संचालन बंद कर दिया है। जिस कारण नगर व ग्रामीण के आम जन यात्रियों को गंतव्य स्थान पर पहुंचने में भारी असुविधा हो रही है।ऐसे में राजेश गोयल ,प्रेम गोयल, पवन गुप्ता, विजय गुप्ता,सुभाष चंद्र ने अविलंब रोडवेज बस का संचालन शुरू कराने के लिए आर एम देवी पाटन से मांग किया है। प्रेम कुमार ए आर एम से जरिए दूरभाष से पूछा गया,तो उन्होंने बताया कि बस का संचालन शुरू होगा,इसके लिए रोडवेज स्टेशन संचालक से जवाब भी मांगा है।

**एक नजर**

### आज 15 केंद्रों पर होगी आरओ व एआरओ की परीक्षा

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की ओर से सहायक समीक्षा अधिकारी और समीक्षा अधिकारी की परीक्षा रविवार को जिले में होगी। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि इस बार आरओ और एआरओ की परीक्षा के लिए जिले में 15 केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी केंद्रों पर समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा रविवार को दो पालियों में होगी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी के बीच सभी परीक्षाएं शुरू होंगी।

### आज आयेंगे खाद्य एवं रसद मंत्री

**बहराइच,अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग सतीश चन्द्र शर्मा का 11 फरवरी को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। शर्मा 11 फरवरी को अपरान्ह 02 :30 बजे नेशनल मेडिकोज़ आर्गनाइजेशन द्वारा गेंद घर मैदान में आयोजित वृहद चिकित्सा शिविर के समापन कार्यक्रम तथा गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 4.0 में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/ नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि मंत्री अपरान्ह 03 :30 बजे बाराबंकी के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

# आभूषण व्यवसाई से चाकू मारकर लूट ,मुकदमा दर्ज

## दुकान बंद कर वापस आते समय बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

नानपारा, बहराइच



जिला अस्पताल में घायल व्यापारी का चल रहा इलाज। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के बुधवा गांव से दुकान बंद कर सराफा व्यवसाई बाइक से अपने घर आ रहा था। रात आठ बजे बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवर टेक करते हुए बाइक रुकवा की। इसके बाद 50 हजार नकदी और सोने चांदी के जेवरात लूट ले गए। विरोध करने पर चाकू से हमला किया। सर्राफा व्यवसाई को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत शिवाला बाग निवासी अमित कुमार सोनी पुत्र कृपा शंकर सोनी आभूषण व्यवसाई हैं। वह आभूषण की दुकान का संचालन बुधवा गांव में करते हैं। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार रात 8:00 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से वापस अपने घर आ रहे थे। अमित के पास पूरे दिन के बिक्री का 50 हजार रूपये नकदी, सोने और चांदी का जेवरात था। बाइक सवार सर्राफा दुकानदार नई बस्ती नहर पुलिया के पास पहुंचा। तभी अज्ञात बाइक सवार तीन लोग आ गए। सभी ने अमित की बाइक रूकवाई, इसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। बदमाश अमित के पास मौजूद बिक्री का 50000 नगदी और सोने चांदी का जेवरात लूट कर फरार हो गए। घायल व्यापारी वही मौके पर ही पड़ा रहा। कुछ देर बाद मौके से निकल रहे लोगों ने युवक को सड़क पर पड़ा देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय और पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायल अमित को सीएचसी पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लूट की वारदात हुई है। पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना की जानकारी होने पर देर रात को एसपी वृंदा शुक्ला, एएसपी ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। उधर घायल व्यापारी को शनिवार को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

## समय से उपलब्ध कराएं जन सूचना



आयुक्त का स्वागत करतीं सिटी मजिस्ट्रेट।

**कैसरगंज, बहराइच :** सूचना आयुक्त की अध्यक्षता में कैसरगंज तहसील सभागार में शनिवार को मीटिंग आयोजित हुई। आयुक्त ने समय से मामलों की जानकारी देने के निर्देश दिए। तहसील सभागार कैसरगंज में सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह की निगरानी में मीटिंग हुई। जिसमें सूचना आयुक्त ने सूचना के संबंध में तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों को टिप्स बताएं। सूचना आयुक्त ने जोर देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगता है, तो उसे नियत तिथि के अंदर सूचना उपलब्ध कराना अधिकारियों का दायित्व है। जिसके फलस्वरूप अधिकारियों के ऊपर किसी भी तरीके का कोई भी जुर्माना नहीं लगाया जाएगा और सभी कर्मचारी एवं अधिकारी का यह दायित्व है कि सूचना अधिकार के तहत जो भी व्यक्ति आर टी आई फाइल करें, उसे सूचना उपलब्ध करावे। इस मौके पर तहसील सभागार कैसरगंज में सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित, तहसीलदार अजय कुमार यादव, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी शिवम द्विवेदी, एवं तहसील कैसरगंज के समस्त अधिकारी व कर्मचारी गढ़ मौजूद रहे।

# घायल व्यापारी व युवती से मिले डीआईजी

संवाददाता, बहराइच



जिला अस्पताल में घायल से मिलने के लिए जाते डीआईजी और एसपी।

**अमृत विचार :** जिले में बढ़ रहे अपराध को लेकर शनिवार को डीआईजी ने निरीक्षण किया। जिला अस्पताल में भर्ती घायल सराफा व्यवसाई और बुबकापुर निवासी युवती से वार्ता कर लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्यवाई के निर्देश दिए।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत शिवाला बाग निवासी अमित कुमार सोनी पुत्र कृपा शंकर सोनी आभूषण व्यवसाई हैं। वह आभूषण की दुकान का संचालन बुधवा गांव में करते हैं। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार रात 8:00 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से वापस अपने घर आ रहे थे। अमित के पास पूरे दिन के बिक्री का 50 हजार रूपये नकदी, सोने और चांदी का जेवरात था। बाइक सवार सर्राफा दुकानदार नई बस्ती नहर पुलिया के पास पहुंचा। तभी अज्ञात बाइक सवार तीन लोग आ गए। सभी ने अमित की बाइक रूकवाई, इसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। बदमाश अमित के पास मौजूद बिक्री का 50000 नगदी और सोने चांदी का जेवरात लूट कर फरार हो गए। घायल व्यापारी वही मौके पर ही पड़ा रहा। कुछ देर बाद मौके से निकल रहे लोगों ने युवक को सड़क पर पड़ा देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय और पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायल अमित को सीएचसी पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लूट की वारदात हुई है। पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना की जानकारी होने पर देर रात को एसपी और एएसपी ग्रामीण ने निरीक्षण किया। वहीं शनिवार को डीआईजी एपी सिंह जिला अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने घायल सराफा व्यवसाई और फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बुबकापुर में मारपीट में घायल युवती का हाल जाना। डीआईजी बढ़ रहे अपराध को लेकर काफी नाराज दिखे। उन्होंने लापरवाह पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी वृंदा शुक्ला, एसपी ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ सिटी राजीव समेत अन्य मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-339

**बाएं से दाएं**

1. 1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।

4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, ख़र्च करने वाला, उदार, दानशील।

5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।

8. 1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।

2. 1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।

3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।

6. 1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों

7. 1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।



### वर्ग पहेली - 338 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 भा | षा | स | 2 म | ■ | 3 तु |
| ■ | ■ | ■ | धु | ■ | ला |
| ■ | ■ | ■ | मा | ■ | ई |
| ■ | 4 कु | 5 शा | स | न | ■ |
| ■ | ■ | सि | ■ | ■ | 6 ज़े |
| 7 गुं | जि | त | ■ | ■ | ह |
| ■ | ■ | ■ | 8 झा | ड़ | न |

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 6 | | 1 | | 8 | | 7 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 3 | | | | | 5 | | 2 |
| | | 7 | | 9 | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 5 |
| | | | 8 | 2 | | 4 | | |
| 9 | | 5 | | | 6 | | 8 | |
| | 4 | | | | 3 | | | |
| 8 | | 3 | | | | 2 | 1 | |

### सुडोकू - 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |
| 3 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |

# डीएम ने माडल आंगनवाड़ी केन्द्र कमदी में वीएचएनडी टीकाकरण सत्र का किया निरीक्षण



**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जनपद में 9 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'टीकाकरण एवं विटामिन-ए सम्पूरण' अभियान चलाकर बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जा रही है। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत मॉडल आंगनवाडी केन्द्र कामदी में पहुंचकर चल रहे टीकाकरण सत्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपने सामने बच्चे का वजन कराया तथा टीकाकरण एवं दवाओं की जानकारी ली। उन्होने कहा कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को कोई दिक्कत न हो, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होने निर्देश दिया कि ए0एन0एम0 और आशाओं के माध्यम से परिवार नियोजन के बारे में जानकारी भी दी जाए। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा परिवार नियोजन के लिए अस्पताल के माध्यम से कई सुविधाएं जरूरत मन्दो को निशुल्क दी जा रही है। जिसका लाभ उठाकर जरूरतमंद अपना एवं अपने परिवार का जीवन खुशहाल बना सकते है। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विटामिन-ए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करना है। यह अभियान प्रति वर्ष दो बार छह-छह माह के अंतराल पर नियमित टीकाकरण, वीएचएनडी सत्रों पर आयोजित किया जाता है। विटामिन-ए टीकाकरण के अनेक फायदे जैसे-शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि, आंखों की परत कोर्निया की सुरक्षा, दस्त व श्वास संबंधी रोगों से बचाव, आंख के रोगों जैसे रतौंधी से बचाव, कुपोषण में कमी एवं शारीरिक विकास में सहायक होता है। यह टीका बच्चे को अनेक जानलेवा बीमारियों जैसे-टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, रोटा वायरस डायरिया, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, हिब निमोनिया व मेनिनजाइटिस, न्यमोकॉकल निमोनिया, मीजिल्स, रूबेला, जेपेनीज एन्सेफेलाइटिस आदि रोगों से बचाता है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, आशा, आँगनवाडी कार्यकत्री सहित टीकाकरण हेतु आये बच्चे एवं उनकी माताएं उपस्थित रही।

# शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए निस्तारण



**श्रावस्ती, अमृत विचार:** समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका प्राथमिकता से निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े।

शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जाएगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/ कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उक्त विचार कोतवाली भिनगा में आयोजित समाधान दिवस/थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने व्यक्त किया। समाधान दिवस में आई भूमि विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देश दिया कि बालिकाओं/ महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने पावे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल चौबे, नायब तहसीलदार राघवेन्द्र पाण्डेय, थानाध्यक्ष, राजस्व निरीक्षकगण, लेखपालगण, बीट निरीक्षक, बीट कांस्टेबल सहित फरियादीगण उपस्थित रहे।

### तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक भानू प्रताप सिंह थाना सिरसिया ने हमराह टीम के साथ भदिला नहर पुलिया के पास 01 व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान ग्राम भदिला थाना सिरसिया निवासी राम कुमार पुत्र राम खेलावन के रूप में हुई। आरोपी के पास से 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना सिरसिया में आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया|

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 21.09 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 17.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष:** आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल करेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

**वृष:** आज घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। घर में टेलीविज़न और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रखें।

**मिथुन:** आज आपकी वाणी में सौम्यता, आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। दाम्पत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज यह समय आपके पक्ष का नहीं है। इसीलिए आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य शुरू नहीं करना चाहिए। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गले संबंधित दिक्कत हो सकती है।

**सिंह:** आज परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेत्तर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। अपनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे।

**कन्या:** आज आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइंट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है। मस्तिष्क में अनावश्यक विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें।

**तुला:** आपको आज किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है।

**वृश्चिक:** आज घर के कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। लवमेट्स का दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा करेंगे।

**धनु:** आज सभी कार्य शान्तिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बनायेंगे। टूटे रिश्तों को आज जोड़ सकते हैं। मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सामन्जस्य बनाकर रखें।

**मकर:** आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

**कुंभ:** आज प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। मीडिया और ऑनलाइन कार्यों से जुड़े लोगों का दिन शुभ रहेगा। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी।

**मीन:** आज जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं। त्वरित निर्णय आज आपको नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ सम्वादहीनता की स्थिति पनप सकती है।

## आज की फिल्में

कूली
सुबह : 09.00
सिंह इज ब्लिंग
रात : 09.00

पीकू
सुबह : 08.00
गुमराह
रात : 07.00

बजरंगी भाईजान
सुबह : 09.15
सीता रामम
शाम : 06.45

पड़ोसन
सुबह : 09.40
रेड
रात : 07.00

हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां
सुबह : 10.23
गोविंदा मेरा नाम
शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संता- यार बंता आज सुबह-सुबह एक बिल्ली ने मेरा रास्ता काट दिया...
बंता- अच्छा फिर क्या हुआ?
संता - फिर क्या आगे जाकर उस बिल्ली का एक्सीडेंट हो गया, हमसे पंगा जो ले लिया था।

मास्टर जी- मुहावरे का अर्थ बताओ 'सांप की दुम पर पैर रखना'
स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।
टीचर समझ नहीं पा रहे हैं कि इतनी गहरी जानकारी इसे कैसे हुई।

## एक नजर

### उप जिलाधिकारी ने की सुनवाई

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज में थाना दिवस के मौके पर कई मामले राजस्व संबंधी आए, जिनमे कुछ मामलों का एसडीएम कैसरगंज पंकज कुमार दीक्षित ने मौके पर ही सुलह समझौता करा दिया। कुछ मामलों को राजस्व की टीम को मौके पर भेज कर मामले के निस्तारण करने का आदेश दिया। इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर राजनाथ सिंह, नायब तहसीलदार ब्रहमदिन यादव तथा राजस्व टीम मौके पर मौजूद रही।

### बाइक सवार घायल

**बाबागंज, बहराइच :** रूपईडीहा थाना अन्तर्गत विगत दिवश मोटरसायकिल सवार दो युवक पत्थर से अचानक टकराने से गम्भीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र रुपईडीहा अन्तर्गत विगत दिवस सायं तकरीबन 7 बजे महादेवा निवासी धनीराम पुत्र श्रीधर व टिकुइया निवासी पप्पू पुत्र त्रिभुवन दोनों लोग मोटरसाइकिल सवार होकर कुर्मियाना गांव से वापस लौट कर टिकुइया जा रहे थे। तभी रास्ते मे बाइक अनियंत्रित होकर एक पास के बड़े पत्थर से टकरा गई। जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आस- पास के लोगो ने घायलों को सीएचसी चरदा हॉस्पिटल पहुँचाया है। जहां पप्पू को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है। जबकि मोटरसाइकिल में पीछे बैठे धनीराम के शिर व सीने में गंभीर चोटें आई है। स्थिति नाजुक होने के कारण अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### अज्ञात की इलाज के दौरान हुई मौत

बहराइच। मटेरा थाना क्षेत्र में एक युवक दो दिन पूर्व गंभीर हालत में घायल मिला था। उसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था शनिवार को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई उसकी पहचान नहीं हो सकी है अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को पहचान के लिए मार्चयुरी हाउस में रखवा दिया है। 72 घंटे बाद भी पहचान न होने पर शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# नानपारा-मैलानी के लिए पैसेंजर ट्रेन शुरू

**सहूलियत**

- आमान परिवर्तन के चलते नानपारा से ट्रेनों का संचालन करना बना मजबूरी
- दो अप और दो डाउन ट्रेनों का होगा संचालन

नानपारा, बहराइच



मैलानी के लिए जाती ट्रेन और सवार यात्री। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बहराइच नेपालगंज रेल प्रखंड के अमान परिवर्तन के चलते शनिवार से नानपारा जंक्शन से मैलानी के लिए ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ। नानपारा से मैलानी के बीच प्रतिदिन दो अप और दो डाउन ट्रेनों का संचालन होगा। इन ट्रेनों के संचालन से इस प्रखंड के यात्रियों को तो सहूलियत मिलेगी, लेकिन नेपालगंज प्रखंड के लोगों को अब समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के बहराइच नेपालगंज रेल प्रखंड का मन परिवर्तन कार्य शनिवार से शुरू हुआ है। अमान परिवर्तन कार्य के चलते नेपालगंज बहराइच के बीच ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बंद हो गया है ऐसे में लखीमपुर के मैलानी जंक्शन के लिए नानपारा जंक्शन से शनिवार को ट्रेन संचालित हुई। शनिवार सुबह 6:30 बजे पैसेंजर ट्रेन मैलानी के लिए रवाना हुई। इसके बाद सुबह 11:00 बजे दूसरी ट्रेन मैलानी के लिए लगाना हुई पहले दिन दोनों ट्रेनों में काम यात्री रहे। हालांकि नानपारा से मैलानी जाने वाले यात्रियों को इस ट्रेन से तो लाभ मिला, लेकिन बहराइच से नेपाल गंज के यात्रियों को अब दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। मालूम हो कि बहराइच से रूपईडीहा के मध्य अब सिर्फ प्राइवेट वाहनों का ही सहारा है। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि पहले दिन दो ट्रेन मैलानी के लिए नियत समय से रवाना हुईं। जबकि ट्रेन आई भी। उन्होंने बताया कि इसी तरह ट्रेनों का संचालन प्रतिदिन किया जायेगा।

# दैनिक यात्रियों की बढ़ी परेशानी

- नेपालगंज प्रखंड पर ट्रेन संचालन बंद होने से बढ़ी परेशानी
- आमान परिवर्तन पूरा होने के बाद ही होगा ट्रेनों का संचालन

बृजेश पाठक, नानपारा, बहराइच



अजय कुमार गुप्ता।

**अब प्राइवेट यात्री साधन ही सहारा**

जिले में बहराइच से मैलानी के मध्य ट्रेन का संचालन होने से दैनिक यात्रियों को काफी सहूलियत मिलती थी। लेकिन अमान परिवर्तन के चलते ट्रेन का संचालन बंद हुआ है। इसका लाभ आने वाले समय में मिलेगा, लेकिन इस समय बहुत दिक्कत होगी। लोगों की जेब पर अधिक खर्च पड़ेगा।

**अमृत विचार :** बहराइच से नेपालगंज रेल प्रखंड पर ट्रेन का संचालन शनिवार से बंद हो गया है। इसका असर छात्रों के साथ दैनिक यात्रियों की जेब पर पड़ेगा। लोगों को अधिक खर्च में यह यात्रा तय करनी पड़ेगी। इसके लिए सभी को समय भी अधिक लगानी होगी।

बहराइच नेपालगंज रेल लाइन मीटर गेज में है। 10 फरवरी से इस रूट की ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया है। क्योंकि अमान परिवर्तन के चलते लगभग ढाई से तीन वर्ष तक ट्रेन का संचालन नहीं हो सकेगा। इसका असर दैनिक यात्रियों के साथ जिला मुख्यालय शिक्षा के लिए आने वाले छात्रों की जेब पर पड़ेगा। क्योंकि छात्र कम खर्च में जिला मुख्यालय की 60 किलोमीटर की दूरी तय कर लेते हैं। लेकिन अब इसी दूरी का बस से 80 रुपए किराया देना पड़ेगा। यही हाल दैनिक यात्रियों का भी होगा। 60 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए सभी को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। लेकिन मजबूरी में अब लोगों को यात्रा करना है। अब अमान परिवर्तन के बाद ही ट्रेनों का संचालन हो सकेगा। मालूम हो कि ट्रेन संचालन बंद होने से इसका असर व्यापार पर भी पड़ेगा। गोंडा और अन्य जिलों से सीधी रेल यात्रा का संपर्क टूट गया है।

# 15 मार्च से 145 क्रय केंद्रों पर की जायेगी गेहूं खरीद

## गेहूं बिक्री के लिए 872 किसानों ने कराया पंजीकरण

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में 15 मार्च से गेहूं खरीद शुरू की जाएगी इसके लिए 145 क्रय केंद्र पूरे जनपद में बनाए गए हैं। इन करे केदो में किसान अपनी उपज बिक्री कर सकते हैं। हालांकि अभी शासन की ओर से गेहूं खरीद का लक्ष्य नहीं दिया गया है।



खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव कुमार।

**अभी नहीं मिला लक्ष्य**

जिले में 15 फरवरी से गेहूं की खरीद की जाएगी इसके लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन शुरू है अभी शासन की ओर से खरीद के लिए लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया हो सकता है कि आने वाले सप्ताह में लक्ष्य का निर्धारण कर दिया जाए।

प्रदेश सरकार की ओर से इस बार गेहूं खरीद 15 मार्च से शुरू किया जाएगा। गेहूं बिक्री के लिए किसानों का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। जिला खाद एवं विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से 2275 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए पूरे जनपद में 145 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं इनमें एफसीआई, खाद एवं विपणन विभाग, सहकारी समितियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी रेट पर गेहूं की बिक्री के लिए किसानों को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। जिला खाद एवं वितरण अधिकारी ने बताया कि गेहूं बिक्री के लिए अब तक जिले के 872 किसानों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। उन्होंने बताया कि अभी इनकी संख्या बढ़ेगी बाद में भी रजिस्ट्रेशन करवाने वाले किसानों के गेहूं की खरीद भी की जाएगी। मालूम होगी पूर्व में सरकार की ओर से जिले में 60540.877 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई थी। बीते वर्ष 1241 किसानों से यह गेहूं खरीद हुई थी।

# 12 दिन छात्र को बनाये रखा बंधक, खेत में मिला घायल

नानपारा, बहराइच





चोट दिखाता छात्र और मौजूद परिवार के लोग। अमृत विचार

**छात्र के नाम से निकलवाया सिम**

आरोपियों ने बंधक बनाए गए छात्र के पहचान पत्र से सिम खरीद लिया इसके बाद इस सिम से शुक्रवार रात को उसके पिता को फोन कर बेटे के खेत में पड़े होने की सूचना दी इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपराधी कितने खतरनाक हैं।

**अमृत विचार :** मटेरा थाना क्षेत्र के धोबिया पुरवा गांव निवासी इंटर फर्स्ट ईयर का छात्र 29 जनवरी को कोचिंग के लिए घर से निकला था। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला। उसे एक हिस्ट्रीसीटर ने रंजिश में बंधक बनाकर रखा था। आरोपी ने उसकी पिटाई भी की रात में उसे खेत पर छोड़ दिया। इसके बाद परिवार के लोगों को छात्र के खेत पर पड़ा होने की जानकारी दी परिवार के लोग छात्र को लेकर घर आए थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा ही दर्ज नहीं किया।

जिले के मटेरा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौखारा के मजरा धोबियनपुरवा गांव निवासी रामस्वरूप चौधरी (17) पुत्र रामचंद्र प्रसाद इंटर फर्स्ट ईयर का छात्र है। पिता रामचंद्र प्रसाद का कहना है कि 29 जनवरी को बेटा सुबह सात बजे मटेरा में कोचिंग के लिए पढ़ने निकला था। लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला उसने थाने पर तहरीर दी पुलिस ने गुमसूदगी का मुकदमा भी दर्ज नहीं किया। इस पर परिवार के लोग खोज बिन में लग गए। रामचंद्र प्रसाद का कहना है कि शुक्रवार रात 10 बजे के बाद उनके मोबाइल पर फोन आया और बेटे के खेत में मार कर फेंके जाने की सूचना मिली। इस पर वह रात में ही परिवार के लोगों के साथ तलाश शुरू की तलाशी के दौरान खेत में बेटा बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। घर आने पर बेटे ने पूरी वारदात बताई।

छात्र रामस्वरूप का कहना है कि उसे गांव निवासी बलवीर और भूसा यादव सड़क मार्ग से अपहरण कर ले गए थे। इसके बाद उसे अपने ही मकान में बंधक बनाकर रखे थे। आवाज करने पर उसकी पिटाई भी किया करते थे। पिता का कहना है कि इसमें आरोपी हिस्ट्रीसीटर है। रामचंद्र प्रसाद ने शनिवार सुबह थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी उसका कहना है कि थानाध्यक्ष ने कहा कि तुम्हारा बेटा मिल गया है अब वापस जाइए मुकदमा लिखने की कोई जरूरत नहीं है। इस पर उसने डीआईजी एपी सिंह से शिकायत की। डीआईजी ने नाम नोट कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं इस मामले में एसपी वृंदा शुक्ला को फोन लगाया गया तो उनके पीआरओ ने फोन उठाया। जांच की बात कह कर फोन रख दिया।

# थाना समाधान दिवस में मामलों की हुई सुनवाई

**बहराइच, अमृत विचार:** जिलों के थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सुजौली में डीएम ने मामले की सुनवाई दी।

जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने थाना सुजौली का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में 02 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। समाधान दिवस के निरीक्षण के दौरान डीएम ने समाधान दिवस पंजिका का अवलोकन कर पूर्व में निस्तारित किये गये प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण का भी जायजा लिया। डीएम ने मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं की गंभीरता



थाने में शिकायतें सुनतीं डीएम। अमृत विचार

पूर्वक सुनवाई करते हुए उन्हें न्याय दिलाया जाय। डीएम ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि थानों व तहसीलों में अपनी समस्या लेकर आने वाले फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाया जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार मोतीपुर अर्सलान, एसआई रमा शंकर यादव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## पुलिस ने बाजार में किया फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च करती पुलिस। अमृत विचार

**जैतापुर, बहराइच :** बौंडी थाना क्षेत्र के खैरा बाजार, जैतापुर, नंदवल, गान्धीगंजबाजार में फ्लैग मार्च किया। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष बौंडी एके राय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ सम्वेदन सील गांव चौराहो, बाजारों में सुरक्षा की दृष्टि से फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। इस दौरान अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सार्वजनिक रास्ते से दबंग नहीं हटा रहा कब्जा

बहराइच

**अमृत विचार:** सदर तहसील के ग्राम पंचायत ऊंचवा पुरैनी में सार्वजनिक रास्ते पर दबंग का कब्जा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यथास्थिति बनाए रखने का न्यायालय का आदेश है, लेकिन जमीन पर निर्माण कार्य हो रहा है।

ऊंचवा पुरैना गांव निवासी रामेश्वर चौहान ने बताया कि गांव में स्थित सार्वजनिक चकमार्ग की पैमाइश के लिए वह वर्ष 2018 से अधिकारियों की चौखट नाप रहे हैं। तहसील संपूर्ण समाधान में शिकायती पत्र देने के बाद लेखपाल ने निशानदेही की और कानूनगो ने जांच सत्यापन भी किया। ग्रामीणों के आने जाने के लिए छह मीटर रास्ता है। इस पर गांव के ही एक व्यक्ति का कब्जा है। रास्ता न खाली होने पर उन्होंने अपर आयुक्त देवीपाटन मंडल के न्यायालय पर वाद दायर किया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद जमीन पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी को मामले से अवगत कराया। इसे संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने तीन लेखपालों की टीम गठित कर तीन दिन के भीतर मामले के निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ग्राम प्रधान का कहना है कि अभी तक कब्जा नहीं हटाया गया है। एसडीएम सदर ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### 156 बेरोज़गार अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



रोजगार मेले में मौजूद अधिकारी और अभ्यर्थी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** बलहा विकास खंड कार्यालय में राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजना के तहत तर्गत विकास खण्ड बलहा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 150 से अधिक लोगों को रोजगार मिला। बलहा विकास खंड में आयोजित रोज़गार मेले 09 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागी 229 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 156 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। यंग प्रोफेशनल शादमा जबीं द्वारा रोज़गार मेले में आने वाले अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग की गई जबकि राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य सुनील कुमार मिश्रा द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। रोज़गार मेले का संचालन अभय शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मेला प्रभारी राहुल बाजपेयी, कार्यदेशक अरुण कुमार श्रीवास्तव, पीयूष तिवारी, इंदुवेंद्र राठौर, रवि शंकर पाठक, भानु प्रताप, उपेंद्र कुनार, निरंजन लाल, अब्दुल माजिद, नदीम अहमद, अबू बक्र, ओम पांडे, अजय सिंह चौहान आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के वाहन में तोड़फोड़



दबंगों ने वाहन में की तोड़फोड़।

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** कैसरगंज भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के वाहन में शुक्रवार रात को अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की। सुबह जानकारी होने पर अध्यक्ष ने तहरीर दी है। अभी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर एक निवासी अनिरुद्ध प्रताप सिंह उर्फ अरुण पुत्र सत्रोहन सिंह भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हैं। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि यूपी 40 बीबी 0782 बरखुरद्दारापुर में स्थित मैरिज लान में खड़ी थी। लान में अज्ञात लोगों ने रात में वाहन में जमकर तोड़फोड़ की एसयूवी वाहन के शीशा कई स्थान पर क्षतिग्रस्त हो गए। रात 11:00 बजे अज्ञात लोगों द्वारा किए गए हमले में गाड़ी के पीछे साइड का पूरा शीशा चकनाचूर हो गया। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि कल ही शाम को कुछ लोगों से विवाद हुआ था। ऐसे में उन्हीं पर आशंका है। इस मामले में कोतवाल राजनाथ सिंह को फ़ोन लगाया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### ग्रामीणों ने चोर को पकड़ा, हाथ-पैर बांध की पिटाई



गांव में ग्रामीणों ने पकड़ा चोर।

**हरदी, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के फत्तेपुरवा ग्राम पंचायत में शुक्रवार रात को चोर पहुंच गए। सभी ने चोरी का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों ने एक चोर को घेरकर पकड़ लिया। इसके बाद उसके हाथ और पैर बांधकर तालिबानी सजा दी। पिटाई कर चोर को पुलिस को सौंप दिया। जिले में शुक्रवार रात को हरदी पुलिस के गश्त की पोल खुल गई। एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जुमा के लिए गश्त करती रही। लेकिन घटनाएं भी जिले में बढ़ी। नानपारा में सराफा व्यवसाई से लूट हो गई। उधर देर रात को तीन से चार की संख्या में चोर ग्राम पंचायत फत्तेपुरवा के मरवट में पहुंच गए। सभी ने गांव में चोरी के प्रयास में गांव पहुंचे। लेकिन ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई। ग्रामीणों ने एक चोर को घेरकर पकड़ लिया। इसके बाद सभी ने उसका हाथ पैर बांध दिया। ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर को तालिबानी सजा दी। जमकर पिटाई की। इसके बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष एसके सरोज को फोन लगाया गया, उनके मोबाइल पर घंटी बजती रही। उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### पहले की पिटाई फिर मकान में लगा दी आग



फूस के मकान में लगी आग।

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत गुलरिहा निवासी महिला के मकान को कुछ लोगों ने आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जरवल रोड थाना अन्तर्गत ग्राम गुलरिहा निवासनी गीता देवी पत्नी ललित कुमार ने थाने में तहरीर में देकर कहा है कि गुलरिहा में 11 विसवा जमीन मकान बनाने के लिए बैनामा लिया था। जिसमें छप्पर रखकर परिवार सहित निवास करती है। बैनामा की जमीन में नींव भरी गई थी। इसी रंजिश के कारण विपक्षी किशोरी लोध पुत्र छोटई, पन्नू पुत्र किशोरी मीना पुत्री किशोरी, किशोरी की पत्नी अज्ञात, किशन पुत्र मुंशीलाल निवासी गुलरिया ने 9 फरवरी को दिन में जमकर मारा पीटा था। जिसकी सूचना थाने में दी गई थी।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम संग मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भूपगंज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। नौनिहालों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी व सभासद बजरंग बहादुर शर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यालय की छात्रा पायल, आंचल, सोनी व निहारिका ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रा वैष्णवी तिवारी द्वारा बेटी पर प्रेरक गीत व रिद्धी, मारिया, पायल और परीक्षा के द्वारा प्रस्तुत परिवार व समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने का संदेश देती नृत्य नाटिका 'जीना है तो पापा शराब मत पीना' को लोगों ने खूब सराहा। विद्यालय के नौनिहालों द्वारा सामाजिक विसंगतियों पर चोट करता नाटक 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' व 'अनपढ़ बीबी' सहित अनेक प्रस्तुतियां दी गईं जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध रहे। शिक्षक प्रदीप पाण्डेय की संयोजकता में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश पाण्डेय ने की। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर यशोदानंदन मिश्रा, बाबूराम शर्मा, विवेक मिश्रा, सुनीता पाण्डेय रहीं।

## युवती से दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**जरवलरोड, बहराइच :** थाना क्षेत्र निवासी युवती को मिठाई में नशीला पदार्थ खिलाकर लखनऊ ले जाकर पांच दिनों तक दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। जरवलरोड थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी युवती ने जरवलरोड थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 23 जनवरी को बाजार से सामान खरीदने जाते समय रास्ते में उसे एक युवक मिल गया था। उसने कहा कि तुम्हारा सारा सामान खरीद कर रख लिया है। मेरे साथ चलो तुम्हें दे देता हूँ। रास्ते में मिठाई में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दियाथा। लखनऊ के इजीनियरिंग चौराहा के पास एक कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया था। जरवलरोड पुलिस ने युवती की तहरीर पर अंकुर यादव पुत्र पप्पू यादव निवासी अलीनगर के विरुद्ध धारा 376,328,342 व एससीएसटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर जांच क्षेत्राधिकारी कैसरगंज को भेज दिया था।

# बूथ समितियों के साथ पन्ना प्रमुख को करें सक्रिय

बहराइच



प्रदेश सरकार के मंत्री का स्वागत करते भाजपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के राम लीला मैदान में स्थित लोकसभा क्षेत्र 56 बहराइच के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर व फीता काटकर किया।

लोकसभा संचालन समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मंत्री ने आगामी लोकसभा चुनाव में 80 की 80 सीटो को जितने हेतु कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया। और कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को आत्मसात करते हुए सभी कार्यकर्ता अभी से बूथों पर 60% वोट कराने के लिए बूथ समितियां व पन्ना प्रमुख को सक्रिय करने के लिए निरंतर संवाद करें। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने जो कहा वह सब कुछ कर दिया 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद माहौल राम मय हो गया है। हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि इस राम मय माहौल में पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने की रणनीति बनाएं। भाजपा नेता डॉक्टर आनंद गौड़ ने कहा कि जिले को विकास देने के लिए सांसद ने प्रयास किया है। आगे भी करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया। इस अवसर पर सुनील वर्मा, मंजू सिंह, डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी, चंद्रभान सिंह संचित, डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी, योगेश प्रताप सिंह, श्रीनाथ शुक्ला, गौरव वर्मा, डॉक्टर आनंद कुमार गोंड, रुपई डीहा डॉक्टर उमाशंकर वैश्य, नन्हेंलाल लोधी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनीष आर्य, जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव आदि रहे।

## शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**बाबागंज, बहराइच :** विकास क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के तौर तरीके सिखाने तथा विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता की पहचान करने तथा दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज में आयोजित हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता अशोक कुमार एवं विनोद सिंह ने प्रतिभागियों को दिव्यांगता, दिव्यांगता के प्रकार, दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं कारण की जानकारी दी। प्रशिक्षण के समापन सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। आज दिव्यांग भी सामान्य बच्चों की तरह हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

**लापरवाही** | डीएम ने सीएमओ को कार्रवाई के दिए निर्देश

# पीएचसी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सक

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली का शनिवार को डीएम ने निरीक्षण किया तो निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी नदारद मिले। इस पर डीएम ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



अस्पताल का निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार की सीमा पर स्थित जिले के दूरस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुजौली का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ व दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण एवं पंजीकरण काउण्टर, इमरजेन्सी वार्ड व सामान्य वार्ड, प्रसव कक्ष, ओपीडी इत्यादि का निरीक्षण कर मरीज़ों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष गुप्ता अनुपस्थित पाये गये।

निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद फार्मासिस्ट महेश्वरी प्रसाद शुक्ला से डीएम ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं चिकित्सकों व स्टाफ, दवा एवं टीकाकरण इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। चिकित्सालय भवन एवं वार्डों की साफ-सफाई बेहतर न पाये जाने पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि 15 दिवस में यदि स्थिति में सुधार नहीं पाया जाता है तो कठोर कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार मोतीपुर अर्सलान व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## पुलिस की मौजूदगी में हमलावरों ने छह को किया घायल

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में अपराधो का ग्राफ काफी बढ़ रहा है। हालात यह है कि पुलिस की मौजूदगी में भी हमलावर वारदाते अंजाम देने से नही चूक रहे है। शनिवार सुबह भूमि की जुताई को पहुंचे किसान को दूसरे पक्ष ने रोका। तो यूपी डायल 112 पीआरवी टीम पहुंच गई। पुलिस की मौजूदगी में आधा दर्जन हमलावरों ने जमकर लाठियां भांजी। जिसमें छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव में अफरा तफरी मच गई। थाने से पुलिस के आने की भनक पर हमलावर फरार हो गए। घायलों को आनन फानन में पुलिस ने घायलों को चिरैया टांड़ सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायलों की हालत नाजुक बनी हुई देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हुजूरपुर थाने के राम राखन सिंह पुत्र सुबेदार सिंह की कृषि भूमि गांव में ही है। शनिवार सुबह लगभग दस बजे खेत की जताई को पहुंचे। तो गांव के ही लवकुश सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक लोग मौके पर पहुंचे।

# प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है।

ऋतुराज वसंत आ गए। सुस्वागतम! आओ वसंत । लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गए। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है।

वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गए? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरूष रूप में कल्पित किया गया है झारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरूष मजेदार है। यह पुरूष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरूष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।" सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं "सृजन यज्ञ में यही पुरूष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।" वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरूष सूक्त से प्राचीन है। पुरूष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्य बोध का चरम परम वसंत है।

प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का संबंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।

प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ0 1.90) में कहते हैं "हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।" वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई हैं। रस का यह स्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताए गये हैं।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को 'भरतजन' नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सत्य अभीप्सा 'भारत' कहलाई-तस्माद् अर्ग्निभारत। फिर यही सरस्वती नदी रूप में विलुप्त हो गयीं। वैलेन्टाइनी सरस्वती को कल्पना मानते थे। अब सरस्वती का अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। सरस्वती ने भारत के मन को नीर-क्षीर विवेकी बनाया। वाग्देवी सरस्वती विवेक की अधिष्ठात्री बनी। वसंत की मस्ती में विवेक का अनुशासन जरूरी है। सोम मस्ती है और ओम् जागरण। परंपरा में दोनो हैं। वसंत के साथ सरस्वती का भी उगना सकारण है। वसंत अप्रतिम सौन्दर्यबोध है तो सरस्वती अप्रतिम आत्मबोध। जगत् में रस आपूरण है। इस रस का अजर अमर और अक्षय रस स्रोत महारस है। तैत्तिरीय के ऋषि ने उसे 'रसो वे सः' गाया है।

वसंत वैदिक मंत्रों में है। परवर्ती साहित्य में है। कालिदास के सृजन में प्रकृति की यह तरूणाई मोहक है। हिरणी हिरण की पीठ सींग से खुजलाती है। वसंत विह्वल नायिका इरावती नायक अग्निमित्र को पुष्प गुच्छ भेजती है। तुलसीदास संत थे। वसंत ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। तुलसी की अनुभूति में वसंत प्रभाव मुर्दो को भी हिला देता है-"जागे मनोभव मुएंहु मन वन सुभगता न परे कही।" श्रीराम मंगल भवन हैं, अमंगलहारी हैं। मर्यादा पुरूषोत्तम भी हैं। लेकिन कविता में वे भी वसंत खेलते हैं-खेलत वसंत राजाधिराज। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हमारे गांव के पड़ोस के। उनकी वसंत अनुभूति का क्या कहना? गाया है "वर्ण गंध धर मधुमरन्द भर तरू-उर की अरूणिमा तरूणतर।" कालिदास, जैसी वसंत अनुभूति को आज हम सोच भी नहीं सकते। निराला के पड़ोसी होकर भी हम लोग वसंत रस का स्वाद नहीं पाते। क्या करें? सोशल नेटवर्किंग में वसंत गंध की कोई जगह नहीं। चैटिंग का बतरस है। बात का बतंगड़ है। अब "सखि वसंत आया" जैसी शब्द धुन की फिक्र किसको है।

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है। ऋत अन्तस् प्रवाह है और ऋतु इसी छन्दबद्ध प्रवाह का चेहरा। गतिशील जगत् में ऋत के कारण परिवर्तन आते हैं। भारत में मोटे तौर पर 6 ऋतुएं हैं। लेकिन मस्त वसंत ऋतुराज हैं। वसंत स्वयं मस्त है, मस्ती देते भी हैं। वे ऐसे वैसे मनमोहन नहीं हैं। वे जैसे मनमोहन हैं, प्रकृति के हरेक अंग को वैसी ही मनमोहन तरंग से भर देते हैं। वे सृष्टि के सभी घटकों को नृत्य तरंग और उमंग देते हैं। वसंत भारतीय लोकजीवन का उल्लास हैं। शुद्ध भौतिक लेकिन रस आपूरण में परिपूर्ण आध्यात्मिक भी। वसंत सनातन हैं, पुरातन हैं और हर बरस नित नए भी हैं। प्रज्ञा और मस्ती के परम्परा प्रवाह को गति देते हैं। शुभकामना है कि यह वसंत आप सबको नवउमंग और नवतरंग के उल्लास से भरे।

# रत्नों की बारिश

मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यहां हम हीरा मोती पन्ना आदि रत्नों की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन भारतरत्न सम्मानों की कर रहे हैं, जिनकी सद्यः बरसाती झड़ी लग गई है। नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनकी सरकार द्वारा अब तक 10 विभूतियों को यह प्रदान किया गया या जाएगा। इसमें कालखंडों के अनुसार वितरण बहुत असामान्य है। पांच सम्मान साढ़े नौ साल में, शेष पांच एकदम से पंद्रह दिन के अंदर, और वह भी 26 जनवरी को होने वाली सामान्य घोषणाओं में शामिल न किए जाकर, बाद में रुक-रुक कर, कुछ सोच-सोच कर। वैसे गृह विभाग के नियमों के अंतर्गत एक वर्ष में तीन ही ऐसे सम्मान दिए जा सकते हैं। लगता है इनका संबंध आसन्न लोकसभा चुनावों की गणित से है और भाजपा को 'रामास्त्र' पर पूरा भरोसा नहीं है, गर्वोक्ति चाहे जितनी करें। यहां हम अभी घोषित चौधरी चरणसिंह के नाम की विवेचना कर रहे हैं, जिसका सीधा संबंध उत्तर प्रदेश से है। चरणसिंह की धूमिल विरासत उनके पौत्र जयंत चौधरी ढो रहे हैं और उनके पितामह को यह सम्मान देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जाट बेल्ट में वोटों की तलाश माना जा रहा है।

विगत में कथित किसान आंदोलन में राकेश टिकैत द्वारा सड़कें घेरने से सरकार को घुटने टेकने पड़े थे और तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, भाजपा का इस पट्टी में असर क्षीण हुआ और इधर रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी 'अखिलेश से ताल मेल कर रहे थे। ऐसे में इस पट्टी को साधने के लिए जयंत को लोकसभा टिकट, उनकी पत्नी को राज्यसभा प्रवेश और उनके बाबा को भारत रत्न देकर अखिलेश के पाले से खींचा गया है। दांव कितना कारगर होगा, यह समय बताएगा। वैसे चौधरी चरणसिंह दल बदल प्रथा के जनक माने गए हैं और उन्हें लोग 'चेयरसिंह' कहने लगे थे। उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपनी ही चन्द्रभानु गुप्त सरकार गिराई थी, जब उनके चहेते दो व्यक्ति उदित नारायण शर्मा और जयराम वर्मा को गुप्त जी ने मंत्री नहीं बनाया था। चौधरी साहब ने चलते सदन में 17 विधायक लेकर फ्लोर क्रास की थी। यही नहीं केंद्र में भी अपनी मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

इंदिरा ने तुरंत समर्थन वापस ले लिया और ये लोकसभा फेस नहीं कर पाए और इस्तीफा देना पड़ा। यानी देश के इतिहास में एक ऐसा प्रधानमंत्री भी हुआ, जिसका सदन में एक क्षण को भी बहुमत नहीं रहा। हालांकि उन्होंने कहा था, 'मेरी तमन्ना पूरी हुई और हर व्यक्ति को इस पद की चाहत रखनी चाहिए'। भाजपा के पुरखे अटलविहारी बाजपेयी और कांग्रेस से हटे बाबू जगजीवनराम ने तब चुटकी लेते हुए कहा था, "बुजुर्ग की तमन्ना पूरी हुई"।

# मनुष्य का धर्म, मनुष्यता यानी नैतिकता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती।

धर्मो रक्षति रक्षितः धर्म की रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा? वाह, क्या बात है! माने धर्म लेन-देन की चीज़ है, कोई कॉन्ट्रैक्ट है-एक हाथ दो, दूसरे हाथ लो। इस श्लोकांश ने बहुत भ्रम फैलाया है। पूरा श्लोक है-धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्म हतोऽवधीत्॥ (मनुस्मृति 8:15) (धर्म नष्ट होने पर (पालन न किए जाने पर) नष्ट करता है और रक्षित होने पर रक्षा करता है। इसलिए धर्म को नष्ट नहीं करना चाहिए (उसका उल्लंघन नहीं करना चाहिए) ताकि नष्ट हुआ धर्म हमें नष्ट न कर दे।) तो धर्म की "रक्षा" का एकमात्र अर्थ है धर्म का पालन। धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती। और 'धर्म' का पालन कैसे होता है? पूजा-पाठ करके, ईश्वर-नाम का जप करके, यज्ञ-हवन करके? नहीं। यह सब मनोपचार है। हमारे मन की शांति और सुस्थिरता के लिए है। हम नियमित पूजा-पाठ करते रहें, ईश्वर का नाम जपते रहें और कोई छुरा लेकर हमारा गला काटने आ जाए तो धर्म कहीं से प्रकट होकर उसका छुरा छीन लेगा और उसे पटककर लतियाना शुरू कर देगा? आपको नहीं लगता, ऐसा कुछ होने वाला नहीं, यह शुद्ध अंधविश्वास है? तो अपनी रक्षा का इंतज़ाम हमें स्वयं करना पड़ेगा। किंतु असली 'धर्म' का पालन करने से असुरक्षा का ख़तरा कुछ कम अवश्य हो सकता है, बशर्ते वह असली धर्म हो। सवाल है असली धर्म क्या है? मनुस्मृति बहुत बदनाम ग्रंथ है, फिर भी कहां लिखा है कि बदनाम लोगों या बदनाम चीज़ों में कोई अच्छी बात हो ही नहीं सकती।

मनुस्मृति में ही धर्म के लक्षण देख लीजिए- धृतिः क्षमा दमोऽस्त्येयं शौचमिन्द्रि यनिग्रहः। /धीर्विद्या सत्यीमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। (मनुस्मृति, 6.92)

(धैर्य, क्षमा, आत्मनियंत्रण, अस्तेय (किसी चीज़ की चोरी न करना), शौच (भीतर-बाहर से पवित्र रहना), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों को भटकने से रोकना), बुद्धिमत्ता (विवेकशीलता), विद्या (ज्ञानार्जन करना), सत्य, और क्रोध पर क़ाबू रखना, धर्म के यही दस लक्षण हैं।) यानी धर्म माने नैतिकता-पूजा-पाठ नहीं। हम आत्मनियंत्रण रखें, चोरी न करें, इंद्रियों को भटकने से रोकें, विवेकशील बनें (आत्मरक्षा भी विवेकशीलता में शामिल नहीं है?), सोच-समझकर सत्य ही बोलें, क्रोध पर क़ाबू रखें तो हमारी रक्षा की संभावना अधिक नहीं होगी? धर्म माने वह जो मनुष्य को पशुओं से पृथक करता है, उनसे बेहतर बनाता है- आहारनिद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥ (महाभारत, शांति पर्व, 264.26) यानी धर्म माने नैतिक-बोध, विवेक, परिस्थिति विशेष में ग़लत-सही का निर्णय करने की क्षमता और तदनुरूप व्यवहार करने की प्रवृत्ति। अतिसंक्षेप में धर्म माने-श्रूयतां धर्मसर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।/आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्।। (पद्मपुराण, सृष्टि खण्ड, 19.357)(धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ। जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ नहीं करना चाहिए।) जी हां, धर्म का व्याकरणिक या व्युत्पत्तिमूलक अर्थ भी हमें इसी निष्कर्ष तक ले जाएगा। 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' यही न? क्या मतलब हुआ इसका? धर्म वह है जो लोक को, ब्रह्मांड को धारण करता है (पूजा-पाठ नहीं)। सवाल है हमारे लिए, मनुष्य के लिए धर्म क्या है? बहुत सोचिए, बहुत विचारिए किंतु जवाब वही मिलेगा। मनुष्य का धर्म मनुष्यता यानी नैतिकता। यानी धैर्य, क्षमा, इंद्रियों पर, मन पर नियंत्रण वगैरह। यानी दूसरों के साथ वैसा न करना जैसा हम दूसरों से नहीं चाहते। तभी धर्म इस मनुष्य लोक को धारण कर पायेगा। बाक़ी उसे और भी बहुत कुछ धारण करना है। पृथ्वी की गति, सूर्य, चंद्रमा, हमारी आकाश गंगा नामक नीहारिका के अनन्त सूर्य, उनके अनंत ग्रह-उपग्रह, फिर अनंत नीहारिकाएं, उनके सूर्य, उनके ग्रह-उपग्रह... सबको धारण करना है, अपनी-अपनी जगह, अपने-अपने काम में लगाए रखना है। हमें और आपको छुरेबाज़ों से बचाने की फ़ुरसत है 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' वाले धर्म को? यह भी है कि आदमी ख़ुद तो नैतिक बन सकता है किंतु दूसरों को नैतिक कैसे बनायेगा? नहीं बना सकता। लेकिन पहले ख़ुद नैतिक बने तभी न दूसरों से नैतिक बनने की अपेक्षा कर सकता है।

सभी लोग नैतिक कभी नहीं होंगे। कुछ लोग उन्माद में बह जाएंगे। धर्मांधता में ग़लत को सही समझ लेंगे। उनसे रक्षा के लिए ही राज्य नाम की संप्रभु संस्था है जिसके पास मनुष्य के अनैतिक आचरण- उसकी अपराध-वृत्ति, उसके उन्माद, उसकी धर्मांधता से-हमारी-आपकी रक्षा के लिए एक विशद और ख़र्चीला अधिष्ठान है जो हमारे-आपके पैसे (कर) से चलता है। राज्य के प्रतिनिधि ठीक से काम नहीं करते, ख़ुद अनैतिक आचरण करते हैं, अनैतिक लोगों से मिल जाते है और उन्हीं की मदद करने लगते हैं? इसी का उपाय है जनतंत्र, जनतांत्रिक प्रक्रिया से राज्य के प्रतिनिधियों का चयन। यह काम भी ठीक से नहीं होता? कौन गड़बड़ करता है? हम और आप ही उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं? फिर तो भगवान् ही मालिक हैं। और कोई उपाय नहीं।

# महर्षि वाल्मीकि के वर्ण को लेकर भ्रांति और यथार्थ



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

महर्षि वाल्मीकि को प्राचीन वैदिक काल के महान ऋषियों कि श्रेणी में प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। वह संस्कृत भाषा के आदि कवि तथा आदि काव्य 'रामायण' के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके वर्ण (जाति) को लेकर जनमानस में व्याप्त भ्रान्ति का निराकरण स्वयं वाल्मीकि द्वारा किया गया है। महर्षि वाल्मीकि अपना परिचय श्रीराम को देते हुए कहते हैं " प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन।" (वाल्मीकि रामायण 7/96/18) अगले श्लोक में वे महर्षि भृगु के कुल में जन्म लेने की पुष्टि करते हैं। संनिबद्धं हि श्लोकानां चतुर्विंशत्सहस्त्र कम्। उपाख्यानशतं चैव भार्गवेण तपस्विना।। (वाल्मीकि रामायण 7/94/25) ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लेख है-कति कल्पान्तरेऽतीते स्त्रष्टुः सृष्टिविधौ पुनः। /यः पुत्रश्चेतसो धातुः बभूव मुनिपुङ्गवः।।/तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः।।-अर्थात्: कल्पान्तरों के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित्तसे आविर्भूत होने के कारण प्रचेता कहा गया है। मनुस्मृति में ब्रह्माजी द्वारा प्रचेता इत्यादि 10 महर्षियों के जन्म के विषय में लिखा है। अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।/ पतीत् प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश।। (मनु०-1/34-35)

महाभारत में भी महर्षि वेदव्यास ने महर्षि वाल्मीकि के भार्गव कुल में उत्पत्ति के विषय में लिखा है - श्लोकश्चापं पुरा गीतो भार्गवेण महात्मना।/ आख्याते रामचरिते नृपति प्रति भारत।। (महाभारत 12/57/40) विष्णु पुराण इनका एक नाम ऋक्ष भी आया है-ऋक्षोऽभूद्धार्गववस्तस्माद्वाल्मीकिर्योऽभिधीयते । (विष्णु०3/3/18)-शिव पुराण में इन्हे ब्रह्मा से उत्पन्न बताया गया है।/ पुरा स्वायम्भुवो ह्यासीत् प्राचेतस महाद्युतिः। / ब्रह्मात्मजस्तु ब्रह्मर्षि तेन रामायणं कृतम्।।

उत्तर रामचरित में वाल्मीकि जी सीता को अयोध्या में राम के सम्मुख रखते हुए कहां कि मैने कभी कोई पाप कर्म, अहिंसा या असत्य भाषण किया हो यह मुझे याद नहीं (मुझे कई जन्मों का स्मरण है) श्रीराम! मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि सीता पवित्र और सती है। कुश और लव आपके ही पुत्र हैं। मैं कभी मिथ्याभाषण नहीं करता। यदि मेरा कथन मिथ्या हो तो मेरी संपूर्ण तपस्या निष्फल हो जाय। इससे भी स्पष्ट है कि वे कभी अहिंसा आदि कार्य में सलंग्न नहीं रहे, अब प्रश्न आता है कि यदि महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण वर्ण में जन्मे प्रचेता के पुत्र थे तो उनके शुद्र वर्ण में जन्म लेने की कथा का प्रसार कैसे हुआ? इसका उत्तर स्कन्द पुराण में है जहां रत्नाकर नामक एक डाकू का वर्णन है जो देवर्षि नारद की प्रेरणा से राम नाम लेकर महान तपस्वी बनता है और अपना नाम वाल्मीकि रख लेता है। पुराणों का कालखंड रामायण से बहुत बाद का है, और रत्नाकर का वर्णन केवल स्कंद पुराण में मिलता है, यही संभावना सबसे सटीक बैठती है। महर्षि वाल्मीकि जन्म और कर्म दोनो से ब्राह्मण और त्रिकालदर्शी और सभी के लिए पूज्य है और उनकी कृति से संपूर्ण मानवता लाभान्वित हो रही हैं।

# कहां है साहित्य की वह धारा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जो दुखों से घिरे जनमानस को आश्वस्त करे, निर्भय करे, जिसमें निर्लिप्त-दृष्टि और मनुष्यता की ज्योति है? मीडिया के इतने विकास के बावजूद क्या आज भी साहित्य और जनता के बीच दूरी बनी है? यदि हां तो क्यों? सवाल यह है कि क्या जनता और साहित्य अभी भी दूर हैं? ऐसा तो नहीं कि साहित्य समझ रहा हो कि जनता अपढ़ है, वह भला साहित्य को क्या समझेगी? साहित्य तो अभिजातवर्ग का मनोविलास है। जनता उसका क्या करेगी? साहित्य का सबसे बड़ा गंतव्य तो लोकजीवन ही है और साहित्य की सबसे बड़ी कसौटी लोकमंगल।

साहित्य का सबसे बड़ा आलोचक समय ही है। संतों का साहित्य आज भी जिंदा है और वे किंकविता-अकविता-नई कविता आदि के प्रयोग रसातल में चले गए? जब कोई भाषा और साहित्य जनता से दूर हो जाता है, तो उसकी जीवनी-शक्ति भी चुक जाती है। इससे तो फिल्म के पुराने गीत ही अच्छे, जो जनता की जवान पर तो हैं। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल ने कहा था। साहित्य-साधना योग है। साहित्य सेवी जहां बैठता है, प्रकाश की किरणें छिटकती हैं। लोक जीवन की परिस्थितियों का द्वन्द्व युगद्रष्टा कवि और मेधावी को जन्म देता है। संवेदन-शक्ति के कारण वह मेधावी-कवि लोकमय हो जाता है। युगद्रष्टा कवि और मेधावी की वाणी में स्वयं युग ही लोकजीवन से संवाद करता है। उसकी वाणी में लोक अभिव्यक्त होता है।

# आओ ऋतुराज वसंत



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है।

इस बार ठंड कुछ देर से आई तो संभव है जाएगी भी देर से वरना वसंत पंचमी के त्यौहार के बाद मौसम में परिवर्तन आने लगता है। ठंड दबे पैरों वापस जाने लगती है और मधुमास अपने लाव लश्कर के साथ चला आता है। फाल्गुन और चैत्र वसंत ऋतु के दो प्रमुख महीने हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगती है और सर्दी से निजात मिलती है। मन जो शीत ऋतु में कभी-कभी अवसाद से ग्रसित हो जाता था, उसे आनंद की अनुभूति होती है, जीवन में राहत लाता है वसंत। आम में बौर आने लगती है, कोयल पंचम सुर में गाती है, ठंड से ठिठुर रहे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती हुई गेहूं की बालियों और सरसों को देख फूले नहीं समाते हैं। नव पल्लव, नव कुसुम और नवगात की सौगात साथ लेकर वसंत ऋतु आती है इसीलिए तो यह ऋतुराज कहलाती है। वसंती दुशाला पहने धरा का सौंदर्य अद्भुत खूबसूरत लगता है। अंगारों की तरह खिलते लाल बुरांस और सोने की तरह पीले फ्योंली की छटा तो देखते ही बनती है। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन वीक की धूम है।

अपने यहां तो वसंत ऋतु को ही प्रेम की ऋतु कहा जाता है। जीवन में गुनगुनी धूप हो, मंद मंद पवन बहती रहे, प्रेम रस में घुले मीठे बोल हों और क्या चाहिए प्रेम को? अनेक गीतकारों और संगीतकारों ने बसंत को लेकर सुंदर शब्द रचना की हैं और धुन बनायी है... रुत आ गई रे, रुत छा गई रे, संग बसंती अंग बसंती रंग बसंती छा गया, मस्ताना मौसम आ गया, पुरवा सुहानी आई रे, ओ बसंती पवन पागल जैसे गीत बासंती उमंग और उत्साह को और बढ़ा देते हैं। कई कवियों ने अपनी रचनाओं में वसंत को गाया है, जिनमें जायसी, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमीर खुसरो, निराला, गोपाल दास नीरज, दिनकर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद जैसे महान कवि प्रमुख हैं। वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है। कवि देव ने क्या खूब कहा है...

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के, सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।/पवन झूलावै, केकी-कीर बतरावैं 'देव', कोकिल हलावै हुलसावै कर तारी दै।।/ पूरित पराग सों उतारो करै राई नोन, कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।/मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि, प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै॥

वसंत पंचमी इस बार 14 तारीख को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह स्नान करके घरों में लिपाई-पुताई होती है, पूड़ी-पकौड़ी बनाई जाती है, घर की चौखटों पर ऐंपण दिए जाते हैं। घर की मालकिन टोकरी में फूल, दीप, अगरबत्ती, खाद, पानी, हल्दी टीका, कुदाल रखकर खेत में जाकर हलजोत की रस्म करती है। प्रकृति का धन्यवाद अदा करते हुए अगली बार भी अच्छी फसल होने की कामना करती है। पुराने समय में जिन लोगों के पास बैल हुआ करते थे, वे इस दिन खेत में बैलों के साथ रस्म के तौर पर बुआई करते थे। जिनके पास बैल नहीं होते, वे कुदाल से ही खेत में एक जगह पर खुदाई कर वहां पर खाद आदि से जमीन तैयार करते और उसका घर से टोकरी में लाई गई पूजन सामग्री से पारंपरिक पूजन करते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह प्रथा प्रचलित है। हालांकि खेती का रकबा बुरी तरह घटा है।

वर्तमान समय में अधिकतर बड़े शहरों में कंक्रीट के जंगल दृष्टिगोचर होते हैं, हरियाली से छेड़छाड़ की गई है, वहीं उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में प्रकृति आज भी अपने संपूर्ण यौवन में मिल जाएगी। बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है। और जब बात उत्तराखंड की हो तो हम अपने प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी को कैसे भूल सकते हैं। यूं तो पंत जी ने वसंत पर बहुत कुछ लिखा है लेकिन यहां पर उनकी चार पंक्तियां ही काफी हैं... चंचल पग दीपशिखा से धर/गृह मग, वन में आया वसंत/सुलगा फाल्गुन का सूनापन/सौंदर्य शिखाओं में अनंत।- बसंत के आगमन के साथ ही दिन बड़े होने लगते हैं जो इस बात का संकेत है कि यह जागृत होने का समय है। अपने मन मस्तिष्क को जागृत रखें,अपनी ऊर्जा को सही कार्यों में लगाए, यही संदेश लाता है वसंत हम सब के लिए।

# अयोध्या और तुलसी



डा. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अयोध्या के नए मंदिर में प्रभु श्रीराम के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। अयोध्या से लौट रहे प्रभु भक्त वहां की भव्यता नव्यता का वर्णन करते नहीं थकते। अयोध्या का उद्धार हो गया। प्रभु राम पुनः विराजे हैं। किंतु एक बात खटकने वाली है। जिसकी चर्चा कई जुबानों पर है। इस सारे परिप्रेक्ष्य में संत कवि तुलसी जैसे विस्मृत से कर दिए गए हों। रामकथा के अनेक प्रतीक प्रस्तरों मूर्तियों मे तुलसीदास कहीं नहीं दिखते। अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा भी आदि कवि वाल्मिकी के नाम पर है। जबकि जन जन तक में श्रीराम की भक्ति का प्रसार करने में तुलसी अद्वितीय हैं। कहते हैं कि तुलसी की काव्य साधना का एक सुदीर्घ काल अयोध्या में ही बीता था।

कुछ विद्वानों का तो यह भी मानना है कि आततायी आक्रांताओं के प्रतिकार में ही संत कवि ने मानस काव्य प्रबंध का संकल्प लिया और रावण और उसकी राक्षसी सेना को ही उन्होंने आततायियों के प्रतीक के रुप में प्रस्तुत किया। जिससे लोकमानस प्रेरणा लेकर आक्रांताओं के विनाश को तत्पर हो। इसलिए क्षोभ भरा आश्चर्य है कि अयोध्या के पुनरुद्धार में तुलसी को बिसरा दिया गया है। कहीं इसके कोई राजनीतिक निहितार्थ तो नहीं?

आज जब केवल और केवल वोट बैंक को हलोरने के दृष्टिगत ही बड़े और अभूतपूर्व फैसले लिए जा रहे हों, सारा माहौल राजनैतिक दांव पेंच से बोझिल हो गया हो कोई आश्चर्य नहीं कि एक यशस्वी संत कवि को मात्र इसलिए ही बिसराने की कूट रचना हो रही हो कि वे ब्राह्मण थे और आज की राजनीति में ब्राह्मण हाशिये पर हैं। उनसे वोटों की गणित हल नहीं होगी। आज बस केवल अनुसूचित और पिछड़े ही राजनीति के तारणहार बने हैं। वोट के इस अपार भंडार के सामने ब्राह्मण की क्या बिसात? पहले तो यह कि कोई भी संत महात्मा जाति पांत से विमुक्त होता है। जाति न पूछो साधु की। और तुलसी के ब्राह्मण होने का मापदंड तो बालकांड की प्रस्तावना की इस अर्धाली से ही स्पष्ट है-'बंदऊ प्रथम महीसुर चरना मोह जनित संशय सब हरना।' अर्थात ब्राह्मण वही जो मोह से उत्पन्न सभी संशयों को मिटा देने का ज्ञान रखता हो। जो भी हो, राजनीति से बोझिल वातावरण में तुलसी की विस्मृति का यदि सचमुच कोई कुचक्र हो, या नहीं भी हो, आरोपित हो रहे राजनीति के शिखर पुरुषों को ही इसका स्पष्टीकरण देना होगा। केवल वाचिक ही नहीं कर्मणा भी। अयोध्या में मंदिर के द्वार प्रमुख पर संत कवि तुलसी की एक भव्य मूर्ति स्थापित हो। यही वर्तमान शासकों द्वारा तुलसी के बिसराये जाने के लांछन का प्रतिकार होगा।

# युवती पर धारदार हथियार से हमला, जिला अस्पताल रेफर

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** नशे की हालत में युवक ने पड़ोस की एक युवती पर धारदार हथियार से प्राण घातक हमला किया। बुरी तरह जख्मी युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां गंभीर हालत में उसे जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। चांदा थाना क्षेत्र के राजपुर गांव की रहने वाले जितेंद्र निषाद की पुत्री रानी निषाद (18) घास काटने गई थी। पड़ोस के ही छोटू निषाद पुत्र दयाराम निषाद ने खेत में उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। खेत में मौजूद अन्य महिलाओं ने जैसे तैसे उसे बचाया। ग्रामीणों की मदद से गंभीर हालत



घायल युवती को कराया गया भर्ती।

में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली निरीक्षक जयप्रकाश सिंह ने बताया कि घायल युवती के पिता जितेंद्र की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# तड़का हुआ महंगा, 350 रुपए प्रति किग्रा बिक रहा लहसुन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** औषधीय गुणों से भरपूर दाल व सब्जी में तड़का लगाने के काम में आने वाला लहसुन के दामों में अप्रत्याशित तेजी देखी गई है। एक सप्ताह पहले 200 रुपये प्रति किलो की दर से बिकने वाला लहसुन वर्तमान में 350 रुपये की दर पर पहुंच गया है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि मंडी से ही लहसुन महंगा मिल रहा है। सब्जी और दाल के दामों में भी मामूली बढ़ोतरी हुई है। सप्ताह भर पहले जहां अरहर की दाल 180 रुपये प्रति किलो थी वहीं अब 200 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। हालाकि की कुछ सब्जियों के दाम घटे भी है तो कुछ के दामों में बढ़ोतरी हुई है।



मंडी में सजी सब्जी की दुकान। अमृत विचार

### दो गुना बढ़े लहसुन के दाम

लहसुन के दाम में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। सप्ताह भर पहले 150 से 200रुपए प्रति किलो की दर से मिलने वाला लहसुन मौजूदा में350 से 400 रुपए प्रति किलो की दर से मिल रहा है। बढ़े हुए दाम के चलते अधिकतर सब्जी विक्रेताओं ने मंडियों से लहसुन मंगाना बंद कर दिया है। लहसुन के थोक विक्रेताओं ने बताया कि दक्षिण भारत में उत्पादित लहसुन का अधिकतर हिस्सा निर्यात होने से इसके दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। उत्तर भारत में पैदा होने वाले लहसुन की खोदाई अप्रैल में की जाती है। जिसके चलते लहसुन के दामों में बढ़ोतरी हुई है।

### कुछ सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी तो कुछ में गिरावट

जो सब्जियां स्थानीय किसानो के खेत खलिहान में पैदा हो गई उनके दामों में गिरावट आई है। जैसे टमाटर सप्ताह भर पहले 40 रुपए प्रति किलो बिक रहा था आज 20 रुपए किलो,मटर 50रुपए किलो थी आज 30रुपए किलो तो प्याज 20रुपए किलो बिक रहा है। वही भिंडी 100 रुपए किलो तो बैगन 50 रुपए, करेला 100 रुपए किलो बिक रहा है।

### दाल के दामों में आया उछाल

अरहर की दाल पहले 180रुपए किलो थी अब 200रुपए किलो, चना पहले 80रुपए किलो था अब 90रुपए किलो, उड़द 120रुपए किलो से 140 रुपए, मूंग 120रुपए से 130 रुपए किलो बिक रही है। किराना व्यापारी राम तेज सब्जी विक्रेता शिव शंकर मौर्य ने बताया कि पेट्रोल–डीजल के लगातार बढ़ते दाम से खाद्य आपूर्ति महंगी हो रही है। ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने से इसका सीधा असर खाद्य वस्तुओं के दामों पर पड़ रहा है।

# प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

- सर्विलांस पर लगा नंबर तो खुल गया राज
- पत्नी, प्रेमी व उसका दोस्त गिरफ्तार

संवाददाता, गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** जिले में दो दिन से रिश्तों को शर्मसार करने वाली खबर सामने आ रही है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में बीते रविवार को मिली युवक की लाश मामले में पुलिस ने चौकाने वाला खुलासा किया है। पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर पति की हत्या कर शव फेंक दिया था।

पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गोसाई का पुरवा के समीप बीते चार फरवरी की सुबह शौच गए ग्रामीणों को एक युवक का शव दिखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का शिनाख्त कराया तो शव उसकी पहचान द्वारिकागंज चौकी के महमूदपुर गांव निवासी कुलदीप कुमार (35) पुत्र राम करन के रूप में हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले तो पुलिस ने मृतक के पत्नी की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस सर्विलांश टीम के साथ मामले की छानबीन शुरू की। इसी बीच सर्विलांश टीम को एक नंबर से मृतक कुलदीप की पत्नी पूजा के पास कई बार फोन के रिकार्ड मिले। पुलिस ने गहनता से जांच पड़ताल किया तो एक-एक तार जुड़ते गए।

### अनाथ हुए दो बच्चे

कुलदीप बचपन से ही ननिहाल में रहता था। मजदूरी कर अपने सात वर्षीय पुत्र रियांश, पांच वर्षीय पुत्र प्रियांश व पत्नी का भरण पोषण करता था। पिता की हत्या और मां के जेल चले जाने से बच्चे अनाथ हो गए हैं।

### कुलदीप के सिर पर वार कर की गई थी हत्या

सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी पूजा से फोन पर लगातार बात करने वाले हरीश निवासी पंडित का पुरवा नानेमऊ थाना मोतिगरपुर को पुलिस ने उठाया और पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ में वह टूट गया। हरीश ने पुलिस को बताया कि पूजा के कहने पर अपने मित्र आनंद उर्फ प्रिंस निवासी दुल्लापुर थाना दोस्तपुर के साथ मिलकर कुलदीप की हत्या उसके घर पर कर दी थी। अंधेरा होने पर उसके शव को बाइक के साथ गोसाई के पुरवा गांव के समीप छोड़ आए थे। मृतक कुलदीप स्थानीय स्तर पर टेंट आदि में लाइट (लाइनमैन) का काम करता था। इसलिए उसके शरीर पर विद्युत झालर लपेटकर फेंक दिया था, जिससे लगे कि मौत किसी दुर्घटना में हुई है।

### पुलिस ने हत्या के तीनों आरोपियों को भेजा जेल

सीओ ने बताया कि कुलदीप की पत्नी पूजा और हरीश को द्वारिकागंज रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। जबकि, आनंद को घटनास्थल से 100 मीटर दूर गन्ने के खेत से शुक्रवार की रात दो बजे गिरफ्तार किया गया। हरीश के पास से आलाकत्ल एक पाइप नुमा, एक मोबाइल व पांच सौ रुपये नकद मिला है। तीनों आरोपियों को न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में गोसाईगंज थाना प्रभारी धीरज कुमार, दरोगा कन्हैया पांडेय, अमित सिंह आदि रहे।

# चिकित्सक पर इलाज के दौरान शोषण का आरोप

करौंदीकला, सुलतानपुर

- विजय हॉस्पिटल में हुआ था अपेंडिक्स का इलाज

**अमृत विचार।** धरती के भगवान कहे जाने वाले चिकित्सक का अजीब मामला सामने आया है। पीड़ित से आपेरशन के पैसे ले लिया। दो माह बाद जब पीड़ित को फिर से दर्द हुआ तो मामले का खुलसा हुआ। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय थाने पर की है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर गांव निवासी राम प्यारे निषाद ने थाने पर तहरीर दी है। बताया कि बीते वर्ष उनकी पत्नी अंजनी देवी को पेट में अचानक दर्द होने लगा तो उसे हिंदुआबाद मोड पर स्थित विजय हॉस्पिटल में चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक विजय चित्रवंशी ने अपेंडिक्स की बात बताते हुए 55 हजार रुपए का खर्चा बताया। किसी तरह पैसा एकत्रित कर पैसा जमा किया। पैसा जमा होने के बाद चिकित्सक ने ऑपरेशन कर दिया।

आपरेशन के दो माह बाद फिर से उनकी पत्नी को पेट में दर्द होने लगा। तो एक बार फिर चिकित्सक को दिखाया तो चिकित्सक विजय चित्रवंशी ने फिर ऑपरेशन की बात कही। मजबूर होकर पीड़ित कस्बा स्थित शकुंतला हेल्थ केयर पर पत्नी को इलाज के लिए ले गया। जहां चिकित्सक ने बताया कि पूर्व में हुआ ऑपरेशन गलत ढंग से हुआ है।

मजबूर होकर शकुंतला हेल्थ केयर पर 40 हजार रुपए देकर फिर से पत्नी का ऑपरेशन कराया। पीड़ित का आरोप है कि चिकित्सक विजय चित्रवंशी ने उसकी की पत्नी का गलत ऑपरेशन कर उसका शोषण किया है। थानाध्यक्ष मोहम्मद अकरम खान ने बताया की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### आज 43 केंद्रों पर 19,316 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को जिले के 43 केंद्रों पर समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में जिले के ही परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए 19 हजार 316 अभ्यर्थी नामांकित है। डीआईओएस रविशंकर ने बताया कि रविवार की सुबह छह बजे ट्रेजरी से परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र भेजे जाएंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के साथ प्रश्न पत्र केंद्रों तक पहुंचाए जाएंगे। परीक्षा के लिए 16 सेक्टर और सात जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। आयोग के साथ जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी भी लगातार निरीक्षण करते रहेंगे। नकल विहीन व सुचिता पूर्ण परीक्षा कराई जाएगी।

### दहेज हत्या में सास-ससुर गिरफ्तार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** बीते दिसंबर में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कारण स्पष्ट न होने के बाद बिसरा रिपोर्ट मिलने पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में आरोपित सास व ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव से जुड़ा है। गांव निवासी विकास तिवारी पुत्र हौसिला तिवारी की पत्नी ज्योति (32) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक के भाई कुड़वार थाना क्षेत्र के प्रतापपुर निवासी शिवेंद्र मणि तिवारी की तहरीर पर दहेज हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था। सीओ सिटी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भेजा गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### ईंट भट्ठे से ट्रैक्टर की बैट्री चोरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** जिले की जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के राघवपुर शुक्ल गांव में स्थित ईंट भट्ठे पर खड़े ट्रैक्टर से चोर बैट्री खोल ले गए। चोरी की जानकारी होने पर भट्ठा संचालक ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है। संचालक ने बताया है कि शुक्रवार की रात करीब 10 बजे एक व्यक्ति भट्ठे पर खड़े ट्रैक्टर से बैट्री चुरा ले गया। जब दोबारा चोर ने आफिस का ताला तोड़ने का प्रयास किया तो चौकीदार ने गुहार लगा दिया। जिस पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंचे परिवारजन आरोपी को अपने साथ ले गए। एसएचओ ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

### कल खुलेगा भाजपा का लोकसभा चुनाव कार्यालय

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी मिशन मोड में शुरू कर दी है। भाजपा जमीनी स्तर पर बूथ समिति व पन्ना प्रमुख आदि के गठन का काम पूरा करके गांव चलो अभियान का भी शुभारंभ कर चुकी है। इसी क्रम में भाजपा 12 फरवरी को लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन किया जाएगा।

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के हलियापुर गांव में श्रीमद्भागवत कथा शुरू होने के पूर्व पांच किमी. दूर गोमती नदी तक गाजे बाजे व रथ के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमे बड़ी संख्या में महिलाए व पुरुष शामिल हुए। शनिवार सुबह 11 बजे से चार पहिया वाहनों से गाजे बाजे के काफिले के साथ श्री अयोध्या धाम निर्मोही अखाड़े से पधारे कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महराज की अगुवाई में यात्रा शुरू हुई। इस अवसर पर बजरंग सिंह, अभिषेक सिंह, मनोरंजन सिंह, हिंदेश सिंह, अनूप सिंह, देवेंद्र सिंह, जयदीप सिंह, विक्रमादित्य सिंह आदि रहे।

### दो किशोरियां लापता, अपहरण का केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार, अमृत विचार।** जिले के दो अलग–अलग थाना क्षेत्र से दो किशोरियां गायब हो गई है। तहरीर मिलने पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। लंभुआ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री को गांव के ही एक युवक बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल रहा है। खोजबीन के बाद पता चला कि गांव के ही एक अन्य युवक का भी बेटी को भगाने में हाथ रहा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्रांतीय अधिवेशन को लेकर पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** शनिवार को उत्तर प्रदेश कल्याण संस्था की बैठक अप्रैल माह में होने वाले प्रांतीय अधिवेशन को लेकर बैठक हुई। जिसमे उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन लोक निर्माण, लखनऊ में संघ के अध्यक्ष एस एस अग्निहोत्री अध्यक्ष रहें। बैठक का संचालन महामंत्री एन पी त्रिपाठी ने किया। वही संगठन का प्रांतीय अधिवेशन अप्रैल के अंतिम सप्ताह में कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में नसीम अहमद , जलालुद्दीन कुरेशी, सुयश नारायन, झिनकू पांडेय, अशोक कुमार दूबे, इं एस डी मिश्रा, के बी सिंह, अनिल कुमार श्रीवास्तव, विश्वनाथ दीक्षित,डी एन विश्वकर्मा, राजेश्वर पांडेय ने सम्बोधित किया।

# गांव चलो अभियान में गिनाई जा रहीं योजनाओं की खूबियां

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** गांव के विकास पर चर्चा के लिए भाजपा के पदाधिकारी गांव चले अभियान चलाकर नौ फरवरी से प्रवास शुरू कर दिए हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार की रात भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष व कन्हईपुर मंडल प्रभारी रामेंद्र सिंह राणा अपनी टीम के साथ भदैंया ब्लॉक के असवा गांव में प्रवास किया।

दो दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने लाभार्थी वर्ग से मुलाकात कर उनसे योजनाओं के जानकारी ली। साथी ही समस्याएं जानी। विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर हेडमास्टर संजय पांडेय, शिक्षक दिनेश यादव, बीना तिवारी आदि से जानकारी हासिल की। साथ ही सभी के शिक्षा के अधिकार पर बल दिया।



प्रवास के दौरान लोगों से वार्ता करते भाजपा नेता रामेंद्र सिंह राणा।

गांव के धार्मिक स्थल पालन देव बाबा के चबुतरा व मंदिरों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। रामेंद्र ने बताया कि गांव चलो अभियान बूथ स्तर पर लोगों से सीधे जुड़ने का माध्यम है। मौके पर बूथ अध्यक्ष राजेश तिवारी, हरिशंकर, अनुराज, अतुल सिंह, राम अचल, राम राज सरोज, हरिश्चंद्र आदि प्रवासी रूप में कार्य किया।



रोजगार मेले में पहुंचे बेरोजगार युवक–युवतियां। अमृत विचार

# रोजगार मेले में 158 युवाओं को मिली नौकरी

धम्मौर, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विकासखंड दूबेपुर के कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र अकारीपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा रहे। जिला समन्वयक संदीप द्वारा अतिथियों का बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मेले में 10 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किया गया। रोजगार मेले में कुल 214 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से कुल 5 निजी कंपनियों किनारा ट्रेनिंग और स्किल डेवलपमेंट अकादमी नोएडा, बीएसएल लिमिटेड राजस्थान महिंद्रा ट्रैक्टर, राजस्थान वर्धमान लिमिटेड, हिमाचल प्रदेश बिंस लिमिटेड हिमाचल प्रदेश के द्वारा 158 युवाओं का चयन किया गया। उक्त कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश जायसवाल, घनश्याम चौहान, राम अभिलाख सिंह, जिला कौशल प्रबंधक नीरज यादव, मोनू दुबे तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित यादव, पंकज तिवारी, पंकज पांडेय, जिला सेवायोजन से विभांकर प्रताप सिंह, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र से इसरार खान, इश्तियाक खान, नफीस खान, दीक्षा सिंह, महिमा, पूजा, शिवानी आदि रहे।

# पूर्व राज्यमंत्री के बेटे और गनर पर हुई फायरिंग

संवाददाता, सुलतानपुर

- अखण्डनगर थाना के नेमपुर में शनिवार की देर रात हुई वारदात

**अमृत विचार।** पूर्व राज्यमंत्री के बेटे व उनके निजी गनर पर अखण्डनगर थाना के नेमपुर घाट के पास एक दुकान पर विपक्षियों ने फायरिंग कर दी। हमले में गनर गंभीर से घायल हो गया। उसे अम्बेडकरनगर मेडिकल कालेज ले जाया गया। वहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

अखण्डनगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात को कुंदाभैरवपुर गांव निवासी पूर्व राज्यमंत्री राणा अजीत सिंह के बेटे अभिजीत प्रताप सिंह व उनके निजी गनर जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के बंधगांव निवासी 24 वर्षीय सुदीप सिंह नेमपुर बाजार में एक दुकान पर बैठे थे। बताया जाता है कि तभी उनके विरोधी पक्ष के कुछ लोग भी वहां आ गए। दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई। फिर बात बढ़ गई। इसके बाद विपक्षियों ने अभिजीत व उनके निजी गनर सुदीप सिंह पर फायिरंग कर दी। रीढ़ में गोली लगने से सुदीप गंभीर रूप से घायल हो गया।

जबकि अभिजीत बाल-बाल बच गए। फायरिंग होने के बाद वहां अफरातरफरी मच गई। वहां पर मौजूद लोगों की मदद से घायल सुदीप को अम्बेडकरनगर मेडिकल कालेज ले जाया गया। वहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। अखंडनगर थानाध्यक्ष रवि सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। अभी किसी ने तहरीर नहीं दी है।

# किशोर की मौत के मामले में दर्ज हुआ टेंट व्यवसायी व विद्युत कर्मी पर केस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** करंट की चपेट मे आने से हुई किशोर की मौत के मामले में पुलिस ने टेंट व्यवसाई व विद्युत कर्मी के खिलाफ़ पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। केस दर्ज होते ही टेंट व्यवसाई के साथ विद्युत महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

बुधवार को कुड़वार थाना क्षेत्र के मिठनेपुर गांव के खेल मैदान में दस वर्षीय सचिन की हाइटेंशन करंट की चपेट मे आने से मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। गुरुवार को किशोर के अंतिम संस्कार के बाद पिता राम सूरत ने थाने में तहरीर दी थी। पीड़ित के मुताबिक गांव निवासी जाबाज पुत्र इस्लाम जिनकी गांव में ही टेंट की दुकान है। बुधवार की सुबह करीब नौ बजे उसके नाबालिग बेटे सचिन को जबरदस्ती बाइक पर बैठा लेकर चले गए। दुकान पर काम करवाने लगे। आरोप है कि मृतक के बड़े भाई ने उसे ले जाने से जाबाज को मना भी किया था। लेकिन वह नही माना दोपहर करीब साढ़े बारह बजे घर आकर बताया कि खेल मैदान में टेंट की रजाई गद्दा सूखने के लिए फैला रहा था। ग्यारह हजार की लाइन की चपेट मे आने से उसकी मौत हो गई है। विधुत महकमे द्वारा आपूर्ति के लिए बनाई गई ग्यारह हजार वोल्टेज की तार महकमे की लापरवाही के चलते लटके हुए थे। कुड़वार थानाध्यक्ष गौरी शंकर पाल ने बताया कि टेंट व्यवसाई व विधुत विभाग के कर्मचारी के खिलाफ़ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

**सीता देवी लॉ कालेज रसूलपुर, बदो सराय, बाराबंकी (उ0प्र0)**

में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है

**प्राचार्य**– 01 पद।
**प्रवक्ता विधि**– 08 पद।
**योग्यता एवं वेतनमान**– उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय एवं बार काउसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली के मानकानुसार।
**इच्छुक अभ्यर्थी** – विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करे।

6388769622

**श्रीमती श्यामादेवी हर्ष महाविद्यालय, भवानीगढ़ (रैंचा), सुल्तानपुर**

में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है।

प्राचार्य 01 पद।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम.ए.) पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान– प्रत्येक विषयों में प्रवक्ता के 02– 02 पद।
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.) पाठ्यक्रम हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित विषय में प्रवक्ता 01–01 पद।
स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी.ए) पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षा शास्त्र, समाज शास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान एवं भूगोल विषयों में प्रवक्ता के 01–01 पद।
*योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।*
*इच्छुक अभ्यर्थी* – विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करे।

प्रबन्धक, मो0–8400080888

**शांति देवी सुभाष चन्द्र सुशान्त डिग्री कालेज**

सुभाष नगर (चाकूजोत) बहराईच में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है।

परास्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय (एम. काम) पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता– 02 पद।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम.ए.) पाठ्यक्रम हेतु उर्दू विषय में प्रवक्ता – 02 पद।
परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम.एस.सी.) पाठ्यक्रम हेतु भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय में प्रवक्ता– 02–02 पद।
*योग्यता एवं वेतनमान –यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।*
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

मो0– 9140690165
सुभाष चन्द्र जायसवाल
(प्रबन्धक)

नया प्रयोग — खर्च भी आएगा कम, ज्यादा दिन तक चलेगी सड़क

# एफडीआर तकनीक से बन रहा जयसिंहपुर–भटमई मार्ग

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** जर्जर हो चुकी जयसिंहपुर-भटमई मार्ग का नवीनीकरण एफडीआर तकनीक से होगा। अवर अभियंता का दावा कि इस तकनीक से सड़क निर्माण होने से जहा लागत कम आएगी। वहीं, अन्य सड़क से ज्यादा दिनों तक चलेगी।

सदर विधानसभा के दर्जनों गांवों को टांडा बादा राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली क़रीब सात किमी जयसिंहपुर-भटमई मार्ग की हालत जर्जर हो गई थी। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण की मांग स्थानीय विधायक राज प्रसाद उपाध्याय से की थी। विधायक के प्रयास से सात किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत 5 करोड़ 36लाख़ का बजट स्वीकृत हुआ। सड़क के निर्माण का जिम्मा जेपी एंटरप्राइजेज को मिला है। कार्यदाई संस्था के साथ स्टेट क्वाल्टी मॉनिटर सुलतान अहमद,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अवर अभियंता हिमांशु पांडेय के निगरानी में सड़क निर्माण शुरु हो गया है। सात किलोमीटर लंबी 3मीटर 75सेंटीमीटर चौड़ी सड़क मार्च के अंत तक बनकर तैयार हो जायेगी। सड़क निर्माण से जगतपुर, पुरुषोत्तमपुर,सरतेजपुर, मूंगर, पलिया ,मसीरपुर, रायपुर, मलवा, साटा आदि गांव के लोगो को सुगम यातायात का लाभ मिल सकेगा। विधायक के प्रयास को स्थानीय लोगों ने सराहते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।



जयसिंहपुर विधानसभा के भटमई के पास शुरू हुआ निर्माण कार्य।

### क्या है एफडीआर तकनीक

जयसिंहपुरए भटमई मार्ग के निर्माण में एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस विधि से बनाए जानें वाली सड़क में नई गिट्टी नही मंगानी पड़ती। जर्जर व उखड़ी गई सड़क से निकले हुए अवशेषों में केमिकल डालकर सड़क निर्माण कार्य किया जाता है। अवर अभियंता हिमांशु पांडेय ने को माने तो एफडीआर तकनीक से बनाई गई सड़क में खर्च भी कम आता है। साथ ही इन सड़कों की लाइफ अन्य सड़क से दोगुना होती है।

## एक नजर

### कल से नर्सिंग की भारतीय प्रणाली पर होगा मंथन

**गोरखपुर, अमृत विचार:** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ तीन दिन नर्सिंग की भारतीय प्रणाली पर मंथन करेंगे। इसके लिए 12 से 14 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन मुख्य अतिथि किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रो. एमएलबी भट्ट व विशिष्ट अतिथि पूर्व औषधि महानियंत्रक व मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह करेंगे। गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा ने बताया कि संगोष्ठी में प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली और नर्सिंग के में इसके योगदान, स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का योगदान, स्वास्थ्य केंद्रों में नर्सों की भूमिका पर गहन मंथन होगा।

### अधिवक्ता ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** जिला अस्पताल में एक महिला को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। उसे खून की जरूरत थी। इसकी जानकारी एडवोकेट द्विजेंद्र पांडे तक पहुंची तो उन्होंने तुरंत जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचकर महिला के लिए रक्तदान किया। ब्लड मिल जाने से महिला की जिंदगी बचाई जा सकी। सिविल कोर्ट के एडवोकेट द्विजेंद्र पांडे के इस प्रयास की सराहना की गई। इस मौके पर विद्यानंद भास्कर एडवोकेट भी मौजूद रहे।

### किशोरी का शव बरामद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** थाना शोहरतगढ़ अंतर्गत ग्राम खरगवार में एक किशोरी का शव बरामद हुआ। उसकी उम्र करीब 17 साल बताई जा रही है। इस संबंध में शोहरतगढ़ पुलिस छानबीन कर रही है। लड़की कक्षा 11वीं की छात्रा है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह 11:00 बजे सूचना मिली तो जाकर छानबीन की गई। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# मकान निर्माण शुरू न कराने वालों पर होगी कार्रवाई

**पीएम आवास योजना**

**धन आवंटन के बाद भी शुरू नहीं कराया कार्य, डूडा की परियोजना अधिकारी ने दी चेतावनी**




सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत पहली और दूसरी किस्त का धन लेने वाले पात्रों ने अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया है। इसकी पुष्टि होने पर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) विभाग सख्त हो गया है। एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं कराए जाने पर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।

हर गरीब को पक्का घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत पात्रों का चयन कर उन्हें तीन किस्त में ढाई लाख रुपये घर बनाने के लिए दे रही है। सिद्धार्थनगर, उसका बाजार और कपिलवस्तु नगर पंचायत में करीब 5 दर्जन ऐसे पात्र हैं जो पहली व दूसरी किस्त का धन पाने के बावजूद भी अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं करवा पाए हैं। ऐसे पात्रों की विभाग जांच करा उनका नाम नगर पंचायत कार्यालय में चस्पा करा रहा है। चिन्हित लाभार्थी अगर एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य आरंभ नहीं कराएंगे तो उनके खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिद्धार्थनगर नगर पंचायत में 46, उसका नगर में 21 और कपिलवस्तु में 7 ऐसे लाभार्थी है जो निर्माण कार्य आरंभ नहीं करा सके हैं। डूडा की परियोजना अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया कि जिन लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम व द्वितीय किस्त पाने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं कराया है, अगर यह एक सप्ताह के भीतर निर्माण नहीं कराएंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पीएम आवास से वंचित हैं कपियवा गांव के कई परिवार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** खेसरहा ब्लॉक क्षेत्र के कपियवा गांव में कई परिवारों को अभी तक सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है। इन परिवारों के पास न खेती योग्य जमीन है और न ही रहने को पक्का घर है। ऐसे में ये परिवार झोपड़ी में बसर करने को मजबूर हैं। सरकार की मंशा है कि हर गरीब का अपना आवास हो, इसके लिए योजनाएं संचालित की गई है लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते गरीबों को झोपड़ी में रहना पड़ रहा है। सभी पात्रों तक आवास योजनाओं का लाभ पहुंचाने की जद्दोजहद पर सरकारी मशीनरी व जनप्रतिनिधियों की लापरवाही भारी पड़ती दिख रही है। गांव निवासी सुमित्रा अपने छह बच्चों व बूढ़ी मां के साथ जर्जर झोपड़ी में रह रही है। सुमित्रा के पति रामफेर ईंट-भट्ठे में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। कृषि योग्य भूमि न होने और केवल एक दिहाड़ी पर गुजारा करने वाले इस परिवार को अभी तक सरकारी आवास नहीं मिल सका है। इसी गांव की रीता पत्नी महेंद्र अपने दो बच्चों के साथ झोपड़ी में रह रही है। पति महेंद्र दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता है। इस संबंध में बीडीओ विजय सिंह का कहना है कि अगर पात्र आवास योजना का लाभ पाने से वंचित हैं तो जांच करा उन्हें आवास दिया जाएगा।

# समूह की महिलाओं ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय स्थित उद्यान पार्क में शनिवार को भाजपा द्वारा आयोजित शक्ति वंदन अभियान (स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क) के तहत चाय पर चर्चा का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित समूह की महिलाओं ने अपना विषय रखा।

कार्यक्रम में मौजूद सभी महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्हें पुनः प्रधानमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि नारी शक्ति सृजनकर्ता है। प्रधानमंत्री ने सदैव नारी शक्ति का सम्मान किया है और सरकार ने प्रत्येक योजना के केंद्र बिंदु में हमारी माताओं को स्थान दिया है। मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी सुनीता सिंह, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अरुण मिश्रा, जिला महामंत्री भाजपा विपिन सिंह,जिला मंत्री अजय उपाध्याय,भाजपा नेता गुड्डू त्रिपाठी, सरोज शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, रमेश मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि से हटवाएं कब्जे : डीएम

## संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** शनिवार को जिले में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने थाना उसका बाजार में उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं को सुना।

संपूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की गंभीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने थाना दिवस रजिस्टर का अवलोकन किया। पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। कहा कि सभी लेखपाल अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में देख ले कि सरकारी भूमि पर कोई भी अवैध रूप से कब्जा किए हो तो उसे बेदखली की नोटिस जारी कर खाली कराया जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि वरासत का कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निवास प्रमाण-पत्र उपजिलाधिकारी, आय प्रमाण-पत्र तहसीलदार के माध्यम से जारी किए जाते हैं। लेखपाल अपने स्तर से रिपोर्ट लगाकर निस्तारित कराएं। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। आईजीआरएस के प्रकरण किसी भी स्तर पर लंबित न रहे। निर्वाचन कार्य के दृष्टिगत मृतक का नाम वोटर निस्ट से हटा दे। सभी राजनैतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधिगण के परिवार व उनके नाम वोटर लिस्ट में किसी भी दशा में न छूटने पाए। फार्म-6,7 व 8 में कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। इस दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार रोहित उपाध्याय, राम करन गुप्ता, विजय प्रकाश गुप्ता, बबिता सिंह, गयादीन मौर्य, राम सिंह, आलोक मिश्रा, अजीत गुप्ता आदि मौजूद रहे।


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### कुल 8 आवेदन आए

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में शनिवार को उसका थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 8 आवेदन आए। इस दौरान एसडीएम डॉ. ललित मिश्रा, एसओ रोहित उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक विजय गुप्ता, गयादीन मौर्या, लेखपाल रामकरन गुप्ता, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

# कड़ी निगरानी में होंगी बोर्ड की परीक्षाएं

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**तैयारी**

**जनपद को 5 जोन व 12 सेक्टर में बांटा गया**

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा कड़ी निगरानी में होगी। जनपद को 5 जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया है। जोन और सेक्टर के साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट व 5 सचल दस्ते केंद्रों का निरीक्षण कर नकलविहीन परीक्षा कराएंगे।

यूपी बार्ड की इंटरमीडिएट और हाईस्कूल की परीक्षाएं 22 फरवरी से होंगी। परीक्षा निष्पक्ष और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए शासन की ओर से कई नियम लागू किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों को वायस रिकार्डिंग युक्त सीसीटीवी से लैस किया गया है। परीक्षा केंद्रों पर 114 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और सह केंद्र व्यवस्थापक की तैनात की गई है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए जिले के 114 परीक्षा केंद्रों को 5 जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया है। जोन और और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। इसके अलावा तहसील स्तर पर काम करने के लिए 5 सचल दस्ते गठित किए गए हैं। रात में निगरानी के लिए 5 अलग टीमें गठित की गई हैं जो विद्यालय पर कोई हरकत दिखने पर जांच कर कार्रवाई करेंगी।

> बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और सकुशल संपन्न कराया जाएगा। परीक्षा से जुड़ी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में कुल 63,320 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।
> –सोमारू प्रधान, जिला विद्यालय निरीक्षक

### 15 केंद्रों पर 5,920 परीक्षार्थी देंगे मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से संचालित मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल, फाजिल की परीक्षाओं की शुरुआत 13 से 21 फरवरी तक होगी। परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। मजिस्ट्रेट की निगरानी में परीक्षा होंगी। जिले के 5,920 परीक्षार्थियों के लिए 15 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों की निगरानी के लिए सभी तहसीलों में एक-एक खंड शिक्षा अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। परीक्षार्थियों में मुंशी, मौलवी के लिए 3081, आलिम के लिए 1271, कामिल के 1156 व फाजिल के 412 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिले में 20 सचल दस्ते गठित किए गए हैं।

# समीक्षा अधिकारी की परीक्षा के लिए उसका बाजार में भी बना केंद्र

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** कस्बे में पहली बार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के समीक्षा अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। बाबा हरिदास इंटर कॉलेज इस परीक्षा का केंद्र है।

इससे पहले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए गोरखपुर-बस्ती जाना पड़ता था। कभी-कभी तो केंद्र और भी दूर हो जाता था। इससे अभ्यर्थी अनावश्यक भाग दौड़ से बचेंगे और परीक्षा के पूर्व अनावश्यक थकान भी नहीं होगा। इस बार लगभग 10 लाख लोगों ने परीक्षा में आवेदन किया है, इसलिए केंद्र की संख्या को बढ़ाया गया है। इसी के तहत उसका बाजार के बाबा हरीदास इंटर कॉलेज का चयन परीक्षा केंद्र के रूप में किया गया है। यहां 480 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, करीब 20 कमरों में परीक्षा कराई जाएगी। परिषदीय विद्यालयों के भी करीब 30 अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है। अन्य जिले और 12 विद्यालयों में भी परीक्षा कराई जाएंगी।

# 48 शैक्षिककर्मियों का एक दिन का वेतन काटा

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**कार्रवाई**

**परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले थे सभी बीएसए ने मांगा स्पष्टीकरण**

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण में 48 शैक्षिककर्मी अनुपस्थित पाए गए हैं। इनमें 19 शिक्षक, 21 शिक्षामित्र व 8 अनुदेशक हैं। बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने इन अनुपस्थित शैक्षिककर्मियों का एक दिन का वेतन व मानदेय कटौती करने के साथ ही नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है।

खंड शिक्षा अधिकारियों ने 21 जनवरी से 9 फरवरी के बीच विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया था। इस दौरान शिक्षक जया शुक्ला, शारदा चौबे, निशा, दीपिका सिंह, ज्योति वर्मा, विनोद कुमार यादव, सर्वेश कुमार पांडेय, शशांक गुप्ता, रूकमणि देवी, नीतू सिंह, अंजली चौरसिया, राम उजागिर यादव, मिथिलेश गुप्ता, अनुपमा पांडेय, रश्मि गुप्ता, अनूप कुमार पाठक, श्रेया तिवारी, संजय कुमार मौर्या, ज्योति यादव अनुपस्थित पाए गए। साथ ही शिक्षामित्र विष्णु प्रताप यादव, पूनम श्रीवास्तव, शैल कुमारी, सीताराम, कुमारी अलका पांडेय, प्रीती निषाद, राम कुमार यादव, राजेंद्र प्रसाद, अजय कुमार यादव, कुमारी सरोज भारती, अजय कुमार यादव, रामराज, अखिलेश कुमार यादव, नीतू श्रीवास्तव, गया प्रसाद, सदानंद दुबे, किरनबाला दुबे, शशिबाला मिश्रा, शशि सिंह, रोली श्रीवास्तव, अंजनी पांडेय अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित अनुदेशकों में राम भवन चौधरी, नीलम भाष्कर, वंदना पांडेय, दिव्या त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, प्रीती मिश्रा, आशीष कुमार त्रिपाठी, अतुल कुमार वर्मा हैं। बताया जाता है कि इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि सभी अनुपस्थित शैक्षणिक कर्मियों का एक दिन की वेतन कटौती के लिए संबंधित बीईओ को निर्देशित किया गया है। कटौती के संबंध में मानव संपदा की सर्विस बुक पर भी अंकन करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को शासन की मंशा अनुरूप समय पर विद्यालय पहुंचना अनिवार्य है।

# यांत्रिक कारखाना को अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर इंटरनेशनल रेलवे इंडस्ट्री स्टैंडर्ड प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला भारतीय रेल का पहला कारखाना बना। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाली यूरोपीय रेल संघ यूनिफ की ओर से इंटरनेशनल रेलवे इंडस्ट्री स्टैंडर्ड (आईआरआईएस) आईएसओ/टीएस. 22163:2017 सर्टिफिकेट डीक्यूएस जर्मनी के प्रतिनिधि ने प्रमुख यांत्रिक इंजीनियर एमके अग्रवाल की उपस्थिति में प्रदान किया। इसके लिए मुख्य कारखाना प्रबंधक डीके खरे ने भारतीय रेल के सभी कारखानों में पहला प्रमाण पत्र प्राप्त करने में शामिल सभी इंजीनियरों व कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और लगन के लिए शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने बताया कि विश्व में 2277 कंपनी ही ये प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी हैं जिसमें से 163 भारतीय कंपनी हैं। भारतीय रेल के सभी कारखाने में पहला कारखाना बना। इस प्रमाण पत्र को प्राप्त करने के लिए डीक्यूएस जर्मनी की बेंगलुरू स्थित शाखा पिछले करीब छह माह से कारखाने में कोच अनुरक्षण कार्य के गुणवत्ता एवं कामकाज की निगरानी कर रही थी। यूनिफी ने 10 मानक रखे थे जिसमें कोच अनुरक्षण, प्रोजेक्ट, गुणवत्ता प्रक्रिया, कास्ट,निरीक्षण व कस्टमर कंप्लेंट के प्रबंधन व दक्षता आदि थे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क गाड़ी पंकज कुमार सिंह ने दी।


यांत्रिक कारखाना के प्रमुख इंजीनियर को सार्टिफिकेट देने डीक्यूएस के प्रतिनिधि।

### जिलाधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने शनिवार को आदर्श गौशाला, महरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में चारा-भूसा आदि देखा। गौशाला में साफ-सफाई बेहतर तरीके से कराने का निर्देश दिया। गोवंशों को समय-समय पर पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचित कर टीके लगवाने को कहा। इनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निर्देश दिया कि दाना व चारे का अनुपात मानक के अनुरूप रखते हुए गोवंशों को खिलाया जाएं। गोवंशों की सुरक्षा और उनकी देखरेख में किसी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने समूह की महिलाओ से वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार किए जाने के संबध में जानकारी ली। उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय, ग्राम प्रधान सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बगीचे में मिला लापता छात्रा का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खरगवार गांव के बगीचे में 11वीं की छात्रा का शव मिला है। वह परीक्षा देने गई थी और फिर लापता हो गई थी। उसकी मां ने गांव के ही युवक पर बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव निवासी संध्या प्रजापति (17) शुक्रवार से लापता थी। उसका शव शनिवार सुबह करीब 9 बजे के आसपास खरगवार गांव के बाहर बने प्राथमिक विद्यालय के निकट एक आम के बगीचे में मिला। शरीर पर चोट के निशान थे। उसके मुहं से खून और झाग निकल रहा था। शव देख ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। छात्रा की मां माधुरी देवी ने बताया कि बेटी शुक्रवार को परीक्षा देने पड़ोस के कस्बे के लिए निकली थी। उसके बाद से नहीं लौटी। आरोप लगाया की बेटी की हत्या रोहित नाम के उसके दोस्त ने की है। दोनों आपस मे काफी करीब थे। दूसरी ओर गांव वालों ने बताया कि दोनों में प्रेम संबंध था। शोहरतगढ़ पुलिस का कहना है कि रोहित के मिलने पर पूछताछ और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो सकेगा। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम संबंध का लग रहा है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा में शामिल नगर पंचायत अध्यक्षों का किया स्वागत


स्वागत समारोह में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में पार्टी में शामिल हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि व उमा अग्रवाल का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान दोनों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर ही हम भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर पीएम मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाकर देश को विकसित बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विक्रम सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष प्र.हेमंत जयसवाल,भाजपा नेता रवि अग्रवाल,उमेश सिंह,जिला महामंत्री विजय कांत चतुर्वेदी, विपिन सिंह,दीपक मौर्य,जिला मंत्री अजय उपाध्याय आदि ने शुभकामनाएं दीं।

### रीइंबर्समेंट की प्रक्रिया सरल बनाने की उठाई मांग


रेलवे चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय जाकर हॉस्पिटल कर्मचारियों व बीमार रेलकर्मियों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। कुछ कर्मचारियों ने बताया कि बीमार होने पर प्राइवेट में इलाज लेने के बाद मेडिकल खर्च का रीइंबर्समेंट अत्यंत कठिनाई से हो पता है। तमाम पेपर इकट्ठे करने पड़ते हैं और ऑफिसों के चक्कर लगाने पड़ते है। महामंत्री ने चिकित्सा निदेशक से मिलकर मेडिकल रीइंबर्समेंट में आने वाली परेशानियां को बताया और प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक व महाप्रबंधक को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि मेडिकल रीइंबर्समेंट की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए जिससे कर्मचारियों को परेशानी न हो। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी केएम मिश्रा, दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, बृजपाल सिंह, सतीश चंद्र श्रीवास्तव, सुनील शर्मा, संजय सिंह, पीटर कैलाश, अजय त्रिपाठी, राकेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### 12 ट्रेनों का हल्द्वानी में ठहराव निरस्त

**गोरखपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड के हल्द्वानी की हिंसा का असर रेलवे पर भी पड़ा है। वहां की कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने 12 ट्रेनों का हल्द्वानी स्टेशन पर ठहराव स्थगित कर दिया। रेलवे ने जैसलमेर से 9 फरवरी को चलाई गई 15013 जैसलमेर-काठगोदाम एक्सप्रेस का हल्द्वानी स्टेशन पर ठहराव स्थगित किया। देहरादून से 9 फरवरी को चलाई जा रही 14120 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस, हावड़ा से 8 फरवरी को चलाई जा रही 13019 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस, नई दिल्ली से 10 फरवरी को चलाई जा रही 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस, देहरादून से 10 फरवरी को चलाई जा रही 12091 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस, लखनऊ जंक्शन से 9 फरवरीको चलने वाली 15043 लखनऊ जंक्शन-काठगोदाम एक्सप्रेस, काठगोदाम से 10 फरवरीको चलाई जा रही 12092 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस, काठगोदाम से 10 फरवरीको चलाई जा रही 12039 काठगोदाम-नई दिल्ली एक्सप्रेस, काठगोदाम से 10 फरवरीको चलने वाली 14119 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस,काठगोदाम से 10 फरवरी को चलने वाली 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस, काठगोदाम से 10 फरवरीको चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस और काठगोदाम से 10 फरवरीको चलने वाली 15044 काठगोदाम-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस का हल्द्वानी स्टेशन पर ठहराव स्थगित किया गया है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**लिया जायजा** ग्राम पंचायत महरिया के पूर्वी छोर पर सीलिंग की भूमि पर प्रस्तावित है स्कूल का निर्माण कार्य, जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

# मॉडल स्कूल की रिपोर्ट न देने पर डीएम ने जताई सख्त नाराजगी

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत महरिया के पूर्वी छोर पर सीलिंग की भूमि का शासन द्वारा प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल कक्षा 1 से 12 तक के निर्माण के लिए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने भूमि के संबध में विस्तृत रिपोर्ट न दिए जाने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने हल्का लेखपाल अनूप यादव के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी भूमि से अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य किसी भी दशा न होने पाए, यदि ऐसा कोई मामला संज्ञान में आया तो संबधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी नौगढ़ व तहसीलदार को निर्देश दिया कि पूरी सरकारी भूमि का चिन्हांकन कर स्पष्ट रिपोर्ट तैयार करें जिससे प्रस्तावित मॉडल स्कूल के निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा सके। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय व अन्य संबधित अधिकारी मौजूद रहे।


भूमि का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार


अधिकारियों से जानकारी लेते डीएम।

### मॉर्निंग वॉक के बहाने नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार :** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सुबह मॉर्निंग वॉक के बहाने नगर निगम के वार्डों का साइकिल से ही निरीक्षण करने निकल जाते हैं। यह उनकी दिनचर्या में भी शामिल हो गया है। शनिवार को उन्होंने वार्ड नंबर-62 माया बाजार का स्थलीय निरीक्षण किया। माया बाजार वार्ड के पार्षद समद गुफरान ने उन्हों एक-एक गली, नाली सड़कों का भ्रमण कराया। हड्डी माता मंदिर से घोष कंपनी की ओर जाने वाली रोड पर एक मकान के सामने नाली को पूरी तरीके से बंद कर दिया गया था। नगर आयुक्त से तोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई सड़क पर कूड़ा फेंकता है तो उससे जुर्माना वसूला जाएं। सड़क पर गाड़ियां खड़ी रहने से गंदगी होती है उन्हें हटाने का नगर आयुक्त ने निर्देश दिया है।


निरीक्षण करते नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल।

**एक नजर**

### 12 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे 3013 परीक्षार्थी

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित सेकेंड्री (मुंशी/मौलवी), सीनियर सेकेंड्री (आलिम), कामिल और फाजिल की परीक्षाएं कल 13 फरवरी से 21 फरवरी के बीच आयोजित कराई जाएंगी। प्रथम पाली की परीक्षाएं सुबह 8 बजे से 11 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षाएं अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच आयोजित होंगी। जिले के 3013 छात्र-छात्राओं के लिए 12 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षा को सकुशल, शान्तिपूर्ण और नकल विहीन तरीके से सम्पन्न कराने के लिए केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, सेक्टर मजिस्ट्रेट और 4 सचल दल का गठन किया गया है।

# एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की बहनें बेहतर कार्य कर रहीं

**बलरामपुर, अमृत विचार।** नारी वंदन अभियान के तहत शनिवार को अटल भवन कार्यालय पर एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की बहनों के साथ चाय पर चर्चा की गई। भाजपा पदाधिकारियों ने महिलाओं को सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के साथ ही आत्मनिर्भर बनने को जागरूक किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी कहा कि एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की बहनें समाज में बेहतर कार्य कर रही हैं। पुरुषों के बराबर महिलाएं विकास कार्य में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। पीएम मोदी के आत्म निर्भर भारत अभियान

**▸▸ एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की बहनों के साथ चाय पर हुई चर्चा**

को साकार करने का कार्य समूह की बहनें कर रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार नारी शक्ति पर विशेष ध्यान दे रही है। महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए, विभिन्न योजनाएं सरकार की ओर से चलाई जा रही हैं। जिससे महिलाएं भी समाज उत्थान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले सके। विपरीत परिस्थितियों में समूह की बहनों ने सबसे आगे आकर समाज सेवा की भूमिका निभाई है। एनजीओ प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक डा रामानंद


अटल भवन कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह। अमृत विचार

तिवारी ने कहा कि देश का विकास तेजी के साथ हो रहा है। अर्थ व्यवस्था के मामले में पूरे विश्व में भारत आज पांचवे स्थान पर पहुंच गया है। एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं छोटे छोटे कार्य से अन्य महिलाओं को प्रेरित करने का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, बिन्दू विश्वकर्मा, जिला संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ अजय मिश्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी, आद्या सिंह, नंदनी शुक्ला, सुनीता मिश्रा, मनीष त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**सार-संक्षेप**

### 15 दिव्यांगजनों को वितरित किए गए सहयोगी उपकरण


रेहराबाजार विकास खण्ड परिसर में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

**रेहराबाजार, बलरामपुर, अमृत विचार।** शासन के मंशानुरूप विकास खण्ड परिसर रेहराबाजार में 15 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ, पैर व कैलिपर्स का नि:शुल्क वितरण किया गया। वरिष्ठ सहायक दिव्यांग विभाग सुबोध कुमार ने बताया कि रेहराबाजार विकास खण्ड परिसर में एक दिवसीय दिव्यांगजनों के सहयोगी उपकरण कृत्रिम हाथ, पैर व कैलिपर्स का 15 जरूरतमंद दिव्यांगों को नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर डा शहरूख खान की टीम सहित अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रेहराबाजार विकास सोनकर, ग्राम विकास अधिकारी असादुल्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने बखिरा थाने का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार को बखिरा थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ सफाई, बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क आदि का बारीकी से मुआयना किया। कार्यालय में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या और बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि का निरीक्षण करते हुए उन्हें व्यवस्थित तरीके से रखने का निर्देश दिये गया। पुलिस अधीक्षक ने थाने के प्रभारी निरीक्षक को शस्त्रागार में शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई कराते रहने, निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदलकर नए उपकरण प्राप्त करने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से संबंधित लावारिस और जप्त वाहनों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया। थाने में लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण में देरी पर सम्बन्धित विवेचकों को फटकार लगाते हुए कार्यप्रणाली में अविलम्ब सुधार लाने की चेतावनी दिया। क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रात्रि गश्त में तेजी लाने के साथ ही चेकिंग अभियान तेज करने का निर्देश दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष श्याम मोहन, पीआरओ पुलिस जितेन्द्र यादव सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद मिले।

### बखिरा कस्बे में पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का एहसास


बखिरा कस्बे में पैदल गश्त करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार को बखिरा कस्बे में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उन्होंने सभी दुकानदारों से सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा आपका सुरक्षा कवच है। उससे आपके प्रतिष्ठानों की सुरक्षा तो होगी ही साथ ही एक कैमरे से सड़क को कवर करने से किसी प्रकार की आपराधिक वारदातें होने पर अपराधियों की पहचान करने में मदद मिलेगी। इस दौरान सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों को हटवाने के साथ ही वाहन चालकों को सड़क छोड़कर वाहन खड़े करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक को भारी पुलिस बल के साथ भ्रमण करते देख असामाजिक तत्वों की भीड़ नदारद रही। ठेला कारोबारियों को पुलिस अधीक्षक ने सड़क और पटरी छोड़कर दुकानों को लगाने का निर्देश दिया। जिससे आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे। इस मौके पर थानाध्यक्ष बखिरा श्याम मोहन समेत तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# आम जनता से मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियां बताने का किया आह्वान

## एनजीओ संचालकों और स्वयं सहायता समूह की बहनों के साथ चाय पर चर्चा

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के चाय पर चर्चा की बैठक में जिले भर से आए कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बातचीत की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने के लिए जी जान से लगने का आवाहन किया।

भाजपा जिला कार्यालय पर चाय पर चर्चा और परिचयात्मक बैठक में पहुंचे एनजीओ संचालकों, स्वयं सहायता समूह की बहनों, जिला पदाधिकारियों को मंडल प्रभारी ने लोकसभा चुनाव में पार्टी को भारी बहुमत से चुनाव जिताने का संकल्प दिलाया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव को लेकर वे अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और उसे पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि एनजीओ का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वे एक दूसरे का सहयोगी बनकर पार्टी को मजबूत करें। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवी


समूह की महिलाओं को सम्मानित करते भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

संगठनों को भाजपा से जोड़ने पर बल दिया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव के लिए विजय का संकल्प लेकर अपने अभियान को आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सहकारिता के क्षेत्र मे अच्छा काम कर रही है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से संचालित की जा रही स्वरोजगारोन्मुखी योजनाओं से ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ी महिलाओं में आत्मनिर्भरता का बोध हुआ है। महिलाएं आत्म निर्भर होकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर कार्य कर रहीं हैं। जो कि वर्तमान समय में महिलाओं की आत्म निर्भरता को उजागर करता है। हमारी सरकार स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है। इससे उन्हें काफी मदद मिलेगी।

बहनों को समूह से जुड़ने के बाद उनके आर्थिक और सामाजिक स्तर मे बड़ा बदलाव आया है। सामाजिक स्थिति अच्छी होने के साथ-साथ परिवार समाज और देश में उनकी महत्ता बढ़ी है। आजीविका मिशन के माध्यम से रोजगारोमुखी प्रशिक्षण प्राप्त करके समूह और बैंक से ऋण प्राप्त करके अपना स्वयं का व्यवसाय संचालित कर रहीं हैं। बैठक का संचालन महामंत्री अनिरूद्ध निषाद ने किया।

इस अवसर पर महामंत्री विनोद पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष रामललित चौधरी, अमर राय, किरण प्रजापति, ज्ञानेंद्र मिश्र, मीडिया प्रभारी ब्रह्मानंद पांडेय, मनोज पांडेय, हैप्पी राय, अरूण, गौरव, राजेश प्रकाश मिश्र उर्फ मल्लू भईया, उर्मिला तिवारी, अरूण सिंह, मनोज पांडेय, राघवेंद्र, गौरव, शत्रुघ्न, मोनू समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ड्राइंग व पेंटिंग के तहत छात्रों ने दिखाई प्रतिभा


एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी छात्राएं।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज परिसर में शनिवार को भारत अंतरिक्ष सप्ताह अंतर्गत दो दिवसीय श्रीराम अंतरिक्ष वेधाशाला उत्सव का आयोजन किया। उत्सव के दूसरे दिन ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित श्रीराम अंतरिक्ष वेधाशाला उत्सव में दूसरे दिन आयोजित ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता के तहत श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पूजन करते हुए, मां सीता द्वारा पौधे सींचते हुए, श्रीराम जी धनुष तोड़ते हुए, श्रीराम, लक्ष्मण व मां सीता जी वन का भ्रमण करते हुए व हनुमानजी और अन्य वानर सेना द्वारा रामसेतु पुल बनाते हुए

**▸▸ श्रीराम अंतरिक्ष वेधाशाला उत्सव में हुई प्रतियोगिता**

चित्रकारी करना था। प्रतियोगिता के संयोजक प्रो एसपी मिश्र व सह संयोजक डॉ दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि इस वीडियो को भारत अंतरिक्ष सप्ताह समिति के वेबसाइट पर अपलोड भी किया गया है। समिति द्वारा चयनित वीडियो को प्रथम पुरस्कार के लिए 10,000, द्वितीय पुरस्कार को 5000 व तृतीय पुरस्कार के रूप में 2500 व प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ एसके त्रिपाठी सहित प्रतिभागी हर्षिता श्रीवास्तव, शैली करात, हर्षिता पाण्डेय, कृति शुक्ला, रोमांशा खातून व प्रियांशी शुक्ला मौजूद रहे।

# किसानों के लिए वरदान साबित हो रहीं योजनाएं: रामानन्द

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को लेकर भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ता गोरखपुर क्षेत्र के सभी गांवों में "ग्राम परिक्रमा यात्रा" करेगा। जिसकी शुरुआत 12 फरवरी से होगी। सबका साथ सबका विकास के मजबूत इरादे के साथ सत्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए कार्य किया गया है।

उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामानन्द उर्फ नन्हे शुक्ल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा के लिए वंचित और पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सिर्फ एक चुनावी वादा नहीं एक संकल्प है। किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं इस बात की साक्षी हैं कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धांत


रामानन्द उर्फ नन्हे शुक्ल। अमृत विचार

को समर्पित है। पीएम किसान निधि के अंतर्गत साल में 6 हजार रुपए की सहायता 11 करोड़ 27 हजार किसानों तक 2 लाख 80 हजार करोड़ की राशि प्रदान की जा चुकी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 1.4 लाख करोड़ का भुगतान 48 करोड़ किसानों को किया जा चुका है। किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत 7.45 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड किसानों को वितरित किए गए। कृषि क्षेत्र के लिए संस्थागत ऋण को 2013-14 में 7.3 लाख करोड़ से बढ़ाकर 2022-23 में 21.55 लाख करोड़ कर दिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सस्ते संस्थागत ऋण के लाभ को अब पशुपालन और मत्स्य पालन के किसानों को भी दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से 93.068 करोड़ आवंटित किए जा चुके हैं और 78 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई है।

उन सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य भाजपा किसान मोर्चा "ग्राम परिक्रमा यात्रा " शुभारंभ आज दोपहर 12.30 बजे उत्तर प्रदेश के मुज़फ़्फ़र नगर जनपद के मां शाकंभरी देवी मंदिर प्रांगण शुक्रताल से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह द्वारा किया जाएगा। जिसमें 50 हजार से अधिक किसान उपस्थित रहेंगे।

गोरखपुर क्षेत्र के सभी 12 जनपदों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी कार्यक्रम स्थलों पर 3 हजार से अधिक किसानों को आमंत्रित किया गया है।

गोरखपुर क्षेत्र के 62 विधानसभा क्षेत्रों के 286 मंडलों के 10 हजार 908 ग्राम सभाओं में भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता हल ट्रैक्टर व कृषि यंत्रों का पूजन करके जनपद के सभी गांवू में जाकर संपर्क संबंध संवाद स्थापित कर नरेंद्र मोदी सरकार के 10 वर्षों के किसान हित गारंटी योजना पर चर्चा करेंगे। किसानों से स्थानीय समस्याएं जानकर उनके समाधान के लिए सुझाव भी मांगेंगे। डोर टू डोर अभियान के दौरान गांव के सरपंच, सम्मानित किसान, अधिकारी, कर्मचारी, प्रगतिशील किसान, मजदूर, कृषि वैज्ञानिक, डॉक्टर और समाज के विभिन्न प्रभावशाली व्यक्तियों से संपर्क स्थापित कर सरकार की उपलब्धियां से अवगत कराया जाएगा। श्री शुक्ल ने बताया कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता 12 फरवरी से 5 मार्च तक गोरखपुर क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताने का काम करेंगे।

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने बिखेरा जलवा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में वार्षिकोत्सव समारोह वं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समारोह में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इसके साथ ही मेधावियों को सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा बल 85 बटालियन के कमांडेंट एलपी उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में संस्कार बच्चों में जरूरी है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधि का होना जरूरी है। अतिथियों को विद्यालय प्रबंध निदेशक डॉ एमपी तिवारी, अध्यक्ष डॉ पीएन तिवारी व कोषाध्यक्ष मीता तिवारी ने अंग वस्त्र व बुके भेटकर सम्मानित किया।


पायनियर पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मेधावी छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि व अन्य। अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से किया गया। जिसमें अनुष्का, अनन्या पांडे, आलिया, आशिया, आब्या, सौम्या, रतन प्रिया, अनुष्का, आशी ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। एकल गीत में कक्षा 6 से उत्कर्ष शुक्ला ने प्रस्तुति दी। एकल नृत्य बादल बरसे नमक गीत पर कक्षा 2 की आशी यादव ने प्रस्तुति की। फैंसी ड्रेस में नर्सरी से यूकेजी के छात्रों में अंश, आराध्या, अनुभव, उत्कर्ष, मानस, तेजस, वरुण, आंचल व रुचिता ने क्रमशः कृष्ण राधा, दही वाला मोदी, पुलिस योगी, सब्जी वाला व मालिन ग्राहक का अभिनय करके अपनी प्रस्तुति दी।

इसी क्रम में सुभाष हाउस टैगोर हाउस, गांधी हाउस व आजाद हाउस के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित समूह को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में एमएलकेपीजी कॉलेज प्रचार डॉ जेपी पांडे, प्रवक्ता रमेश शुक्ला, डॉ सद्गुरु प्रसाद, डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ शिवानंद को विद्यालय परिवार में बुके भेंट का सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन डॉ एमपी तिवारी में अतिथियों का आभार जताते हुए सदैव अपेक्षित सहयोग देते रहने की अपील की। कार्यक्रम के आयोजन में सह निदेशक आकाश तिवारी, मीता तिवारी, पूनम चौहान, एके तिवारी, एके शुक्ला, रूबी त्रिपाठी, शालिनी शुक्ला, रिशु तिवारी, दिव्या पांडे, लता श्रीवास्तव व किरण सहित शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

**तैयारी** | समीक्षा अधिकारी की परीक्षा आज

# 18 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आज समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा आज जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में गूगल मीट के माध्यम से ब्रीफिंग गोष्ठी का आयोजन किया।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में 16, दुधारा थानाक्षेत्र के एक और बखिरा थानाक्षेत्र के एक परीक्षा केन्द्र पर दो पालियों में परीक्षाएं आयोजित होनी हैं। प्रथम पाली की परीक्षा


गूगल मीट के माध्यम से पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी करते पुलिस अधीक्षक।

9.30 बजे से 11.30 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा 2.30 बजे से 3.30 बजे तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमे कुल 8124 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के साथ ही परीक्षा केंद्रों पर शान्ति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की गई। उन्हें शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। सभी क्षेत्राधिकारी, सभी थाना प्रभारी सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो: एसपी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** माह के द्वितीय शनिवार को जिले के सभी थानों पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने फरियादियों को सुना और उनके निस्तारण का प्रयास शुरू किया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बखिरा थाने पर समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पीड़ितों और फरियादियों की समस्याएं सुनी।

विभागीय अधिकारियों और राजस्व कर्मियों को निर्देशित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले आयोजनों में शामिल है। जनता को सस्ता, सुलभ, त्वरित और गुणवत्ता पूर्ण न्याय दिलाना ही इस आयोजन का उद्देश्य है। समस्याओं का मौके पर जाकर और दोनों पक्षों की संतुष्टि के साथ समय सीमा के भीतर निस्तारण हो जाना चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन समस्याओं का निस्तारण उच्चाधिकारियों के स्तर से होना है उन्हें समय सीमा के भीतर अधिकारियों को अग्रसारित कर दें। जिससे उनका ससमय निस्तारण कराया जा सके। इस मौके पर थानाध्यक्ष श्याम मोहन समेत तमाम पुलिस कर्मी, राजस्व कर्मी और फरियादी मौजूद रहे।

# सड़कों पर अतिक्रमण के चलते परेशानी का सामना कर रहे राहगीर

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** नगर में जाम की समस्याएं खत्म होने का नाम नही ले रही हैं। इसके निराकरण को लेकर लंबे समय से लोग मांग करते आ रहे हैं पर उन्हें हल करने की दिशा में कोई कारगर कदम अब तक नही उठाया जा सका है। यहां नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चैराहे से मुख्य बाजार को जाने वाली मार्ग इसका जीता जागता प्रमाण है। जहां शायद ही कोई दिन ऐसा रहता हो जब वाहनों की व्यस्तता और भीड़ के चलते जाम के हालात न बनते हों।

नगर क्षेत्र के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चैराहे से कस्बे में जाने वाली मुख्य मार्ग दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते सकरा हो गया है। वहां सड़क के दोनों ओर पटरियों पर बैठे सब्जी, फल, व ठेला, खुमचे वाले विक्रेताओं के चलते वाहनों के आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन के समय में वाहनों की तादाद बढ़ जाती है। तो वहां प्रायः जाम के हालात बन जाते हैं। और ऐसा दिन में अनेको बार होता है जब जाम में फसे लोग लंबी जद्दोजहदद के बाद थोड़ी सी दूरी तय कर पाते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार उक्त मार्ग पर लगने वाले जाम के निराकरण के लिए आवाज भी उठाई। यहां तक कि बीच बीच में कई बार पालिका प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान के दौरान सड़क के दोनों ओर बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं को हटाया भी गया। लेकिन बाद में फिर स्थितियां जस की तस बन गई और मौजूदा समय में स्थिति यह है कि सड़क पर वाहनों ,ई रिक्शा की भरमार होने के कारण आए दिन जाम का शिकार हो जाती है। और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों को इस मामले में गंभीरता के साथ लेकर इसका निराकरण कराना जरूरी है ताकि लोग इस समस्या से निजात पा सकें।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### विधानसभा का सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. 18वीं विधानसभा का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है। यह जानकारी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने दी। हालांकि यह सत्र 12 फरवरी तक चलने की घोषणा की गई थी। मगर, दो शनिवार अवकाश में सदन चलाये जाने से सभी विधायी कार्य दो दिन पहले ही निपट गए।

### छह माह से बंद पड़े हैं विद्युत व्यथा निवारण फोरम

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य विद्युत नियामक आयोग के तहत खोले गये विद्युत व्यथा निवारण फोरम पिछले छह माह से बंद पड़े हुए हैं। इससे बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें निस्तारित नहीं हो पा रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बंद पड़ फोरमों को शीघ्र खोले जाने की मांग उठाई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि विद्युत व्यथा निवारण फोरम में पूर्व में शिकायतें दर्ज होती थीं। शिकायतों पर संबंधित बिजली अभियंताओं से जवाब तलब किया जाता था, पर फोरम के बंद होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रही हैं।

# यूपी में आया 2300 करोड़ का विदेशी निवेश

## विधानसभा में मुख्यमंत्री ने पेश किया अवस्थापना व औद्योगिक विकास के परिदृश्य का खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


विधानसभा में कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य सदस्य।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शनिवार को एफडीआई और फॉर्च्यून-500 कंपनियों का निवेश प्रदेश में आकर्षित कराने के लिए की जा रही कोशिशों की भी जानकारी दी। कहा कि प्रदेश में 2300 करोड़ का विदेशी निवेश आया है। स्टेबिलिटी व सस्टेनेबिलिटी दो ऐसे फैक्टर्स हैं जिन पर फोकस करके औद्योगिक विकास को गति दी जा रही है। 46 वर्ष के बाद प्रदेश में बीडी के जरिए एक नया औद्योगिक शहर आएगा।

योगी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर के महत्व को पहचानने का कार्य हुआ है। एक छोटी सी चिप हमारे इलेक्ट्रिक इक्विप्मेंट्स को संचालित करने में क्या रोल अदा करती है और इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में सेमीकंडक्टर पॉलिसी को लागू करने का कार्य किया। एफडीआई और फॉर्च्यून 500 कंपनियों से निवेश को आकृष्ट करने के लिए भी नई एफडीआई नीति लागू की है। किसी भी राज्य द्वारा देश में अब तक वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए अब तक इस प्रकार का प्रयास नहीं हुआ है।

**▸▸ सेमीकंडक्टर पॉलिसी समेत बीडा के रूप में नए औद्योगिक शहर के विकास की दी जानकारी**

**गंगा एक्सप्रेसवे पर महाकुंभ के पहले यातायात संचालन पर फोकस:** प्रदेश के अंदर बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए योगी सरकार में हुए कार्यों को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का विकास हमारे कार्यकाल में हुआ जिसे हम पहले ही पूरा कर चुके हैं।

मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे को भी पूरा करने पर हमारा फोकस है तथा हमें विश्वास है कि महाकुंभ 2025 के प्रारंभ से पहले इसे संचालित करने में सफल होंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को आगरा-लखनऊ से जोड़ने तथा एक लिंग एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रक्रिया के लिए भी बजट में धनराशि का प्रावधान किया गया है।

### इन पर भी रहा मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान

▸▸ **अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन :** वर्तमान बजट की अपेक्षा इस वर्ष 33 फीसदी बढ़ोत्तरी के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

▸▸ **एमएसएमई :** 2017 के पहले उपेक्षित सेक्टर में 2016-17 तक 2028 करोड़ के ऋण का वितरण प्रदेश में होता था। वहीं, 2022-23 में 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपए का ऋण एमएसएमई यूनिट को उपलब्ध कराया गया। वर्ष 2024-25 के लिए इसे 2 लाख 91 हजार करोड़ रुपए करने का संकल्प रखा गया है।

▸▸ **युवा उद्यमी विकास :** यह नई स्कीम अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगी। इससे नए उद्यमियों को प्रशिक्षित करने, उद्यम लगाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा पहले चरण में 5 लाख तक के ब्याजमुक्त ऋण की कार्रवाई की जाएगी। भुगतान होने के बाद इस राशि को अगले चरणों में साढ़े सात लाख व 10 लाख तक करने की व्यवस्था की जाएगी। एक लाख युवा उद्यमी कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

▸▸ **उत्तर प्रदेश रोजगार प्रोत्साहन कोष :** इसके माध्यम से प्रदेश के अंदर युवाओं के लिए ट्रेनिंग, इंटर्नशिप व अप्रेंटिसशिप का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश में युवाओं की ट्रेनिंग के लिए वित्त पोषण रोजगार को उपलब्ध कराने के लिए 10 प्राइवेट औद्योगिक पार्क का विकास हुआ है।

▸▸ **वस्त्रोद्योग :** 2024-25 में वस्त्रोद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक नई निफ्ट समेत आंगनबाड़ी के विकास का भी कार्य हुआ है।

▸▸ **सीएम अप्रेंटिसशिप स्कीम :** इसके लिए भी धनराशि की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समेत मशीन लर्निंग के लिए आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर फैसिलिटी स्थापित करने का प्रावधान किया गया है।

▸▸ **खेल :** प्रदेश में खेल के स्तर को सुधारने के लिए कोई योजना नहीं थी, मगर उत्तर प्रदेश अब पहला राज्य है जो बाकायदा पॉलिसी लाकर 500 से ज्यादा खिलाड़ियों को रोजगार दे चुका है। हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी को डीएसपी बनाया व सम्मानित भी किया गया।

# नकल माफिया बोर्ड परीक्षा में लेते थे गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विप में शनिवार को जैसे ही नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार आने से पहले उत्तर प्रदेश में भर्ती का मतलब घोटाला होता था। अगर बोर्ड की परीक्षा होती थी, तो नकल माफिया बोर्ड से लेकर भर्ती तक नकल की गारन्टी लेते थे। जब भाजपा सरकार आयी तो हमने नकल विरोधी अध्यादेश लाकर नकल बन्द करायी। छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। जवाब सुनते ही सपा के विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी और सदन से बहिर्गमन कर गये।

शनिवार होने के कारण आज प्रश्न प्रहर नहीं हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सदन के पूर्व सदस्य सरदार महेन्द्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। सदन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजलि अर्पित की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री, नियम 105 के तहत सपा सदस्यों द्वारा उठाए गए बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षित बेरोजगारों की आत्महत्या के सवालों का जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि सपा ने बिना तैयारी के बेरोजगारी के विषय को उठाया है, प्रदेश सरकार पारदर्शी तरीके से नौकरी दे रही है। समयबद्ध तरीके से परीक्षाएं हो रही हैं, पारदर्शी तरीके से रिजल्ट निकल रहे हैं। रोजगार के क्षेत्र में भी उप्र को नम्बर वन बनाने के लिए हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत जिले स्तर पर बच्चों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिल रही है। सरकार की मंशा है कि बच्चे पढ़ लिखकर देश व दुनिया में किसी भी परीक्षा को उत्तीर्ण कर आगे बढ़ें। शिक्षित बेरोजगारो के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने 2015 के सचिवालय में चपरासी के 368 पदों के सापेक्ष 23 लाख आए आवेदन से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इनमें से 250 पीएचडी, 24 हजार ग्रेजुअट थे। इसके बाद सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने और बेरोजगार विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

## विधान परिषद कार्यवाही

### दोनो सदनों में पास हुए पांच विधेयक

भोजनावकाश के बाद प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2024 और उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 को सदन की मेज पर रखा गया और ध्वनिमत से पारित हुए। इसके अलावा उप्र लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक, 2024, उप्र लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक, 2024 और उप विनियोग विधेयक, 2024 तीनो विधेयक ध्वनिमत से पारित हुए।

### हत्या का मुद्दा कार्य स्थगन के रूप में उठाया

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने औरैया के ग्राम शहबदिया में ग्राम प्रधान रमाकांत उर्फ रिंकू व उनके चचेरे भाई रविन्द्र कुमार की हत्या का मुद्दा कार्य स्थगन के रूप में उठाया। उन्होंने कहा कि एक ही मामले में दो हत्याएं हो गईं, मगर संबन्धित थाने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने कहा घटना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराध करनेवाला कोई भी बच नहीं पायेगा। प्रधान की हत्या का दोषी जेल जा चुका है, मामला न्यायालय में हैं जबकि दूसरी घटना में कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी। अगर सदस्य विवेचना से संतुष्ट नहीं हैं तो किसी अन्य अधिकारी से विवेचना करायी जा सकती है।

# बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..

**▸▸ योगी सरकार के बजट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कसा तंज**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने के लिए जाते सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव, साथ में अन्य सदस्य।

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की ओर से पेश किए गए बजट 2024-25 पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विधानसभा में जोरदार हमला बोला। बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..सुनाकर सबसे बड़े बजट पर तंज कसा। बजट की तमाम खामियां और आमआदमी, बरोजगार, किसान, व्यापारी समेत हर वर्ग की दुश्वारियां गिनाई। साथ ही राम मंदिर कार्यक्रम में पीएम मोदी पर पूरा फोकस होने पर तंज कसा।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी होने का नारा, विपक्ष का नहीं है। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की डबल इंजन की सरकार का यह नारा है। सरकार यह स्पष्ट करें कि किसानों की आय दोगुनी होगी होगी या नहीं? कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलेगी या नहीं? अच्छी दवाई, अच्छी पढ़ाई के लिए बजट में कितना आवंटन है? अखिलेश ने कहा कि बिजली के जो भी कारखाने लगाए गए थे। वह पूरी क्षमता पर नहीं चल रहे हैं। सरकारी क्या बताएं कि बिजली के नए कारखाने के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है? नई सड़कों को तो छोड़िए, सड़कों के गड्ढे भरने में कोई प्रावधान है या नहीं है। यह देखा जाना चाहिए। गड्ढों को भरने के बहाने सरकार ने कितना पैसा खर्च किया है? उन्होंने शिवपाल यादव का नाम लिए बगैर कहा कि हमें चाचा का नाम लेकर छेड़ा जाता है। हम उन्हें तथ्यों के आधार पर घेर रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि बजट के लिए निर्धारित प्रावधानों को जनता तक पहुंचने में सरकार कामयाब नहीं हुई है। नगर विकास विभाग से लेकर गृह विभाग तक के बजट का आंकड़ा पेश करते हुए कहा कि जो बजट प्रावधान किए गए, उसका आधा पैसा भी खर्च नहीं हो पाया।

### अयोध्या नहीं जाना है वोट बैंक पर पड़ेगा असर

नेता विरोधी दल अखिलेश यादव द्वारा राम के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि हमने तो कभी राजनीति नहीं की। राम तो हमारे अराध्य हैं। राम के बिना कोई काम कैसे हो सकता है। उठते-जागते हर समय राम-राम का संबोधन होता है, लेकिन अयोध्या नहीं जाना है क्योंकि वोटबैंक पर असर पड़ जाएगा।

### राम मंदिर कार्यक्रम पर कसा तंज

राम मंदिर कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के फोकस में रहने पर शायरी के जरिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि पता नहीं वे अयोध्या कितनी बार गए। सड़क कैसा बनेगा? कैसी लाइट लगेगी? सबको देखा। लेकिन, कार्यक्रम के दिन वे नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि, हुजूरे आला आज तक खामोश बैठे हैं इसी गम में..।

### मोदी सरकार पर भी साधा निशाना

अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार के भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाए जाने के दावों निशाना साधा। कहा कि हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन आज भी देश की 80 करोड़ आबादी 5 किलो अनाज के सहारे है। किसानों की बोरी से 5 किलो की चोरी जारी है। पुराने पेंशन के लिए पांच पैसे भी नहीं हैं। युवाओं के लिए कोई रोजगार या 500 रुपये का बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में कंसेशन 5 फीसदी तक नहीं है।

# आशा बहुओं के भुगतान की उठी मांग

**▸▸ भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने उठाया मुद्दा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता कानून (यूनिफार्म सिविल कोड) लागू करने के संबंध में बधाई की सूचना दी। साथ ही उन्होंने नियम 115 में आजमगढ़ की आशा बहुओं के बकाया भुगतान की मांग उठी। सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. मान सिंह यादव, आशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, शाहनवाज खान एवं मो.जासमीर अन्सारी ने उप्र राज्य शिक्षा सेवा आयोग के गठन के बाद अभी तक अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति न होने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। निर्दल समूह के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग 2023 के अधिनियमित होने के बाद से आ रही कठिनाईयों का निदान कराये जाने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा आयोग के गठन की प्रक्रिया संचालित है। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने शाम को 7.20 बजे सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है।

### शंकराचार्य के बाद हिंदू उत्थान का काम कर रहे मोदी: राजा भैया

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुंडा से निर्दलीय विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने सदन की कार्यवाही के दौरान योगी सरकार के बजट का समर्थन किया और योगी-मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मंदिरों की दीवारों पर गुंबद बना देने से गंगा-जमुनी तहजीब नहीं होती। उन्होंने कहा कि ये हम लोगों का सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर को देखने को मिला। आदि शंकराचार्य के बाद अगर कोई सनातन उत्थान का, हिंदू उत्थान का काम कर रहा है तो वह नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

# मेगा रिटेल एक्सपो में हुआ ऋण प्रस्तावों का निपटारा




**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से शनिवार को शहर के जनौरा स्थित एक होटल में मेगा रिटेल एक्सपो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अयोध्या क्षेत्र के प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने फीता काटकर किया। एक्सपो में खोले गए काउंटर पर बैंक की ओर से ऋण प्रस्तावों के त्वरित निपटान कराया गया। क्षेत्र प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने कहा कि एक्सपो ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां ऋणाकांक्षी अपनी रुचि अनुरूप आवश्यक वस्तुओं/उत्पादों का चयन करते हैं। वित्तीय अवश्यकता की पूर्ति के लिए बैंक को अपना प्रस्ताव देते हैं। उसके बाद बैंक की ओर से ऋण प्रस्तावों के निपटान कर ऋण मुहैया कराया जाता है। उन्होंने बताया कि खुदरा ऋण काउंटर के माध्यम से यूनियन आवास ऋण, यूनियन वाहन ऋण के प्रस्तावों, एमएसएमई ऋण काउंटर से यूनियन परिवहन, यूनियन एमएसएमई, यूनियन मुद्रा लोन, यूनियन नारी शक्ति एवं होटल के लिए ऋण प्रस्तावों का निपटारा किया गया। वहीं कृषि ऋण काउंटर से जन सुरक्षा योजनाएं, केसीसी एवं गोल्ड ऋण के लाभ एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर ग्राहक समेत अयोध्या क्षेत्र में कार्यरत कार्यपालकगण, शाखा प्रमुख वृंद एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### आसान होगा मुरादाबाद, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और श्रावस्ती का सफर

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए विमान सेवाएं इस माह के अंतिम सप्ताह से शुरू हो सकती हैं। फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से ये सेवाएं 19 सीटर विमान से दी जाएंगी। विमान का किराया और शेड्यूल भी जल्द जारी होने की संभावना है। राज्य सरकार की पहल पर उड़ान योजना के तहत पांच शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होने जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन पांच शहरों के लिए विमान सेवाएं शुरू की जा रही हैं, उनका किराया 1800 से 2500 रुपये के बीच होगा। लखनऊ से श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और मुरादाबाद का सफर सवा से डेढ़ घंटे में पूरा हो जाएगा।

# करने पड़े बड़े सुधार, तब आया सुशासन

## मुख्यमंत्री योगी ने सुशासन दिवस 2024 कार्यक्रम को किया वर्चुअली संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित 'सुशासन दिवस 2024' कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश में हुए विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियों की गाथा सुनाते हुए कहा कि प्रदेश में सुशासन की स्थापना अचानक नहीं हुई है, बल्कि इसके लिए बड़े स्तर पर सुधार किये गये। पहले की सरकारों ने जाति, मत-मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर समाज को बांटने और ठगने का कार्य किया, मगर आज विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया गया है। प्रदेश में पहले भी पोटेंशियल था, मगर तब की सरकारों ने इसका बेहतर उपयोग नहीं किया।

**▸▸ बोले, पहले की सरकारों ने प्रदेश की क्षमता का नहीं किया बेहतर उपयोग**

नई दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राम भाऊ म्हालगी प्रबोधिनी की ओर से आयोजित दो दिवसीय 'सुशासन महोत्सव 2024' के लिए मुख्यमंत्री ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुशासन महोत्सव प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को प्रस्तुत करता है। बीते 10 साल में पूरी दुनिया नये भारत का दर्शन कर रही है। भारत आज दुनिया को सम और विषम परिस्थितियों में नेतृत्व देने का सामर्थ्य रखता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर प्रदेश में नये उद्यमियों के लिए लाई गई पांच लाख तक के ब्याज मुक्त ऋण की भी चर्चा की।

### बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अंदर चल रही तमाम विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुए कार्यों को गिनाया। साथ ही प्रदेश में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था जैसी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। कहा कि केवल योजना बनाने से सुशासन नहीं आता, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन का तरीका और उसकी मॉनीटरिंग बहुत जरूरी है। सरकार ने टेक्नोलॉजी का बेहतरीन उपयोग किया है। सरकार ने बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया है।

# अयोध्या धाम में इंडियन बैंक की श्रीराम शाखा का उद्घाटन


उद्घाटन के दौरान मौजूद बैंक के अधिकारी। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसएल जैन ने शनिवार को अयोध्या धाम में बैंक की श्री राम जन्मभूमि शाखा का उद्घाटन किया। कहा कि यह शाखा स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पूरे विश्व से रामलला के दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग की सभी आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वह दो दिनों के लिए व्यवसाय संवर्धन एवं समीक्षा बैठक के लिए आधिकारिक दौरे पर आए हैं। बैंक के कार्यपालक निदेशक, आशुतोष चौधरी भी दौरे पर हैं। कार्यपालक निदेशक आशुतोष चौधरी, महाप्रबंधक सुजय मल्लिक, चंद्रशेखरण, गायत्री, सलाहकार रविन्द्र सिंह, क्षेत्र महाप्रबंधक पंकज त्रिपाठी, अंचल प्रबंधक (लखनऊ) प्राणेश कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने रामलला का दर्शन भी किया।

# नन्ही परियों से बोलीं तापसी-पढ़ो-लिखो-आगे बढ़ो

रामनगर, बाराबंकी


प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं को शैक्षिक सामग्री वितरित करतीं अभिनेत्री तापसी पन्नू।

**अमृत विचार :** बॉलीवुड की चर्चित हीरोइन तापसी पन्नू बाराबंकी पहुंची। उन्होंने यहां के सरकारी विद्यालय में नन्हीं परियों से मुलाकात की और उन्हें शिक्षा व खेल के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। तापसी पन्नू ने बच्चियों को शैक्षिक सामग्री दी। उनके साथ डांस किया और उनसे कहा कि पढ़-लिखकर आगे बढ़ो।

दरअसल, वह एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। इसके लिए वे गरीब तबके की बच्चियों को गोद लेकर उनके शैक्षिक विकास को लेकर सहयोग करती हैं। इसके तहत वे बिना किसी तामझाम और सुरक्षा के जिले के रामनगर विकासखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय गर्री पहुंचीं। जहां शिक्षा विभाग के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय गर्री में आफ्टर स्कूलिंग बच्चियों को 2 घंटे फ्री ट्यूशन दिया जाता है। इसमें यहां के छह सरकारी स्कूलों गर्री, लैन, लोनारमठ, बरियारपुर, बिंदौरा, परसपुर और बहलोलपुर की 60 बच्चियां शामिल हैं। इन बच्चियों से मिलने वे हर साल आती हैं। साथ ही उनके परिवार और बाकी बच्चों को मोटिवेट भी करती हैं। विद्यालय पहुंचने के बाद उन्होंने बच्चियों से उनकी पढ़ाई का हाल पूछा। मुलाकात के दौरान उन्होंने इन बेटियों को अमर चित्र कथा की किताबें, रैकेट और शैक्षिक सामग्री उपहार में दी।

### दूसरी शादी करने के आरोप में पति पर केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने के मामले में पति के खिलाफपुलिस ने कई धाराओं में केस दर्ज किया है। बीते चार दिन पहले सम्मनपुर थाना क्षेत्र के ग्यासपुर निवासिनी रीना को किसी से पता चला की उसका पति अमरेश कुमार थाना मालीपुर के श्यामपुर गांव में एक युवती से विवाह कर रहा है। विवाहिता ने गांव पहुंच शादी समारोह में हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर थाना लाई, जहां पीड़िता ने अपने पति के खिलाफ दूसरी शादी, मारपीट, गाली-गलौज आदि की तहरीर दिया। लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी करती रही। पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए पीड़िता जब दूसरे दिन मालीपुर थाना पहुंची उसे बताया गया कि आरोपी पति को सम्मनपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पीड़िता यहां से सम्मनपुर थाना पहुंची जहां केस दर्ज कराने के लिए दिन भर बैठी रही। शाम को घटना मालीपुर थाना की है कहकर पुलिस ने उसे पुनः वापस मालीपुर थाना भेज दिया। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने पति के खिलाफ पत्नी रहते दूसरी शादी करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# नाबालिग की शिकायत पर की गई माता-पिता की काउंसलिंग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 प्रभारी महिला उपनिरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी व महिला कांस्टेबल पूनम शर्मा ने बीते 7 फरवरी को पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा प्रार्थना पत्र जांच के लिए दिया गया था। जिसमें एक आवेदिका ने बताया कि मेरे माता-पिता मेरी मर्जी के खिलाफ मेरी शादी करना चाह रहे है, जबकि मैं अभी 18 वर्ष की नहीं हुई हूं और मैं आगे पढ़ना चाहती हूं।

इस जानकारी के बाद तत्काल नाबालिग आवेदिका के माता-पिता से संपर्क किया गया व उन्हें महिला सहायता प्रकोष्ठ पुलिस कार्यालय बुलाया गया। माता-पिता के आने पर उनके द्वारा बताया गया कि हमारे एक लड़के की शादी लगी हुई है, उसी में हम अपनी बेटी की शादी भी करना चाह रहे थे। जिससे कि एक ही खर्च में दोनों शादियां हो जाती। प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ ने आवेदिका के माता-पिता को बताया कि जब तक आपकी लड़की बालिग नहीं हो जाती है तब तक आप उसकी शादी नहीं कर सकते। जिस पर माता-पिता ने बताया कि जब तक लड़की बालिग व स्वयं शादी के लिए रजामंद नहीं हो जाती तब तक हम अपनी बेटी की शादी नहीं करेंगे। इसके बाद आवेदिका व माता-पिता को साथ में खुशी-खुशी घर भेजा गया।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, जिला अस्पताल रेफर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा युवक को नगपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बता दें कि मालीपुर थाना क्षेत्र के गानेपुर गांव निवासी करण पुत्र स्वर्गीय गजई ने विवाद के चलते शनिवार को सुबह कीटनाशक पदार्थ खा लिया। हालात बिगड़ने पर परिजन उसे नगपुर अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टर भास्कर के द्वारा युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉ. भास्कर ने बताया कि फिलहाल युवक की हालत स्थिर है, जिसे जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

# राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन 12 से

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** रघुराजी देवी फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक शनिवार को कौमी इंटर कॉलेज टांडा में सांसद रीतेश पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 12 से 15 फरवरी के मध्य प्रस्तावित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया।

आयोजन समिति के अमन मेहरोत्रा ने बताया कि अंबेडकरनगर फुटबॉल कप की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उक्त फुटबॉल टूर्नामेंट नगर के मोहसिनपुर मंसूरपुर स्थित तक्षशिला रुट्स में और फाइनल मैच कौमी इंटर कॉलेज टांडा के मैदान पर 15 फरवरी को दिन में 1रू30 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें विजेता टीम को नकद 51 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 25 हजार रुपए देने की घोषणा सांसद रितेश पांडेय की ओर से की गई है। आयोजन समिति के एक अन्य पदाधिकारी मुकेश सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बहराइच, मिर्जापुर, लखनऊ, मऊ, चुनार, प्रयागराज, अकबरपुर, टांडा और मेरठ की टीम प्रतिभाग करेंगी। बैठक में मुकेश, अर्पित, जावेद, शमशाद, शादाब आदि मौजूद रहे।

# अर्थव्यवस्था को कांटों से भरी झाड़ी में फंसी साड़ी की तरह निकाला है सही सलामत

## वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का विपक्ष को दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को कांटों में फंसी साड़ी की तरह सही-सलामत निकालकर भविष्योन्मुखी सुधारों की राह पर चलाने का प्रयास किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि निरंतर प्रयासों और प्रभावी नीतिगत योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला दिया है तथा इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है।



उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शासन के दौरान 18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं रुकी हुई थीं। उन्होंने कहा-मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 348 लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी।

### श्वेत पत्र ध्यान भटकाने के लिए लाया गया : वेणुगोपाल



कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र इस देश की "वास्तविक सच्चाइयों" को छिपाने और महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार द्वारा लाया गया है। सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के सामने मौजूद मुद्दों से ध्यान भटकाने और अपने बचाव के लिए इसका इस्तेमाल किया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारत रत्न सम्मान का इस्तेमाल कर रही है।

## अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन करेगा आरपीएफ

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** 68वां अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन 12 फरवरी से लखनऊ में होने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव करेंगे और 16 फरवरी को समापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व इस वर्ष रेलवे सुरक्षा बल को दिया गया है। यह आयोजन लखनऊ के जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में 5 दिन तक चलेगा। होने वाले सम्मेलन में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों की पुलिस के अलावा केंद्र शासित अर्धसैनिक बलो के विशेषज्ञ भी आएंगे। कानून एवं अपराध की दृष्टि से उक्त सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

## 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला...



फरीदाबाद जिले में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में परेड के दौरान अलग-अलग किरदारों में सजे कलाकार प्रदर्शन करते हुए। यहां कई राज्यों के कलाकारों ने हिस्सा लिया है। ● एजेंसी

## एक नजर

### हरियाणा में मेडिकल की छात्रा ने की आत्महत्या

**सोनीपत।** सोनीपत के गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा ने शनिवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार निवासी मनीषा (24) भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा थी और कॉलेज के छात्रावास में एक कमरे में अकेले रहती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह मनीषा का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना से कॉलेज में हडक़ंप मच गया।

### देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। उन्होंने 'प्रगति मैदान टनल' से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। 777 करोड़ रुपये खर्च कर बनाई गई प्रगति मैदान टनल सिर्फ एक साल में उपयोग के लायक नहीं रही। उन्होंने दावा किया-प्रधानमंत्री विकास की हर परियोजना पर प्लानिंग की जगह मॉडलिंग कर रहे हैं और हम ईडी, सीबीआई से लड़ रहे हैं।

## दिव्यांगजन अधिकार कानून में प्रशंसनीय नीति दूर का सपना नहीं होना चाहिए

कोच्चि, एजेंसी

केरल उच्च न्यायालय ने शनिवार को कहा है कि दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम में निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। अदालत ने जनवरी में कोझिकोड जिले में 77 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ महीनों से कथित तौर पर विकलांगता पेंशन न मिलने के कारण आत्महत्या की खबरों के आधार पर मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों को इस मामले पर निर्देश लेने के लिए समय दिया है। याचिका को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम एक बड़े बदलाव की कल्पना करता है और उक्त कानून के तहत प्रदान किए गए लाभों को साकार करने की कल्पना करता है। उच्च न्यायालय ने कहा-इसमें चीजें बेहतर की गई हैं और कई लोगों की जिम्मेदारियों को शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में, अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की संरचना पर गौर करना और यह

**▸▸ केरल उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी**




देखना अनिवार्य हो जाता है कि उन्हें लागू किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा-कानून के ढांचे के भीतर निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। अधिनियम की धारा 24 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित है। यह धारा कहती है कि संबंधित सरकार, अपनी आर्थिक क्षमता और दायरे के भीतर दिव्यांगजन के स्वतंत्र रूप से या समुदाय में रहने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक योजनाएं और कार्यक्रम तैयार करेगी। पिछले कुछ महीनों से सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कथित तौर पर पेंशन नहीं मिलने के कारण दिव्यांग व्यक्ति जोसेफ उर्फ पप्पाचन (77) द्वारा आत्महत्या की खबरें आने के बाद अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। जोसेफ ने शुरू में पेंशन न मिलने की शिकायत करते हुए चक्किटपारा ग्राम पंचायत के सचिव और संबंधित थाने से भी संपर्क किया था।

## ढाई करोड़ के गबन मामले में प्रबंधक सहित 2 लोग गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 46 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यहां एक बयान में बताया, ''धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया।'' अधिकारी के अनुसार, गबन की राशि से आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने उदयपुर-नाथद्वारा रोड पर एक 'फार्म हाउस' खरीदा। उन्होंने बताया कि मामला उस समय सामने आया जब बैंक के एक ग्राहक के खाते से चार फरवरी को 32 लाख रुपये निकाल लिये गये। अधिकारी के मुताबिक, बाद में जब बैंक के अन्य ग्राहकों के खातों की जांच की गई तो गबन की जानकारी हुई।

## सीने में दर्द की शिकायत के बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** प्रख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार को यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय अभिनेता का एमआरआई हो चुका और अन्य परीक्षण किये जा रहे हैं। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा-चक्रवर्ती को आज सुबह भर्ती कराया गया और उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। इस बारे में ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी। अभिनेता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बने चक्रवर्ती को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल को धमकी सुरक्षा बढ़ाई गई

**नासिक।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को एक पत्र मिला है, जिसमें उन्हें उनकी जान को खतरा होने के बारे में चेतावनी दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पत्र के मिलने के बाद पुलिस ने नासिक स्थित उनके आवास और कार्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। भुजबल अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हैं। भुजबल ने कहा कि यदि उन्हें ऐसे और भी कई पत्र मिलते हैं, तो भी वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेंगे। अधिकारी ने बताया कि यह पत्र भुजबल के नासिक स्थित कार्यालय को शुक्रवार शाम को मिला। इसमें दावा किया गया कि मंत्री को नुकसान पहुंचाने के लिए पांच लोगों को 50 लाख रुपये की 'सुपारी' दी गई है।

## दलित, ओबीसी और आदिवासी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी

डीसा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को उनकी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्ष में इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 1.3 लाख आवास के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद कहा कि किसी गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा-1.3 लाख आवास के आंकड़े देखिए। यहां तक कि जब मैं पीएमएवाई के

**▸▸ लोगों से मोदी बोले- हमारी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला**



तहत राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में शामिल हुआ, मैंने इतना बड़ा आंकड़ा नहीं देखा। मैं गुजरात सरकार को बधाई देता हूं। किसी भी गरीब व्यक्ति के लिए उसके पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा-हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा केंद्र पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी की अनदेखी करने के आरोपों का जवाब देते हुए यह कहा। मोदी ने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाएं विकसित भारत के स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में आज जनजातीय सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**झाबुआ (मप्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिला मुख्यालय पर रविवार को जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों के आदिवासी समुदाय से आने वाले नागरिक भी शिरकत करेंगे। श्री मोदी इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी की यात्रा के एक दिन पहले शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां यात्रा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। गुजरात की सीमा से लगे झाबुआ में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में झाबुआ और आसपास के जिलों के हजारों की संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग भी शामिल होंगे। व्यापक भीड़ के मद्देनजर समारोहस्थल पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल प्रति कुन्तल**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800।

# सरकार की नई पॉलिसी ने बढ़ाई ई-वाहनों की रफ्तार

## पेट्रोल महंगा हुआ तो तेजी से बढ़ने लगा इलेक्ट्रिक गाड़ियों का कुनबा, दिसंबर 2023 तक बिक चुके हैं 6,65,115 वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** पर्यावरण के 'मित्र' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बिक्री की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। ई-वाहनों की नई पॉलिसी से वाहन बिक्री ने सोने में सुहागा कर दिया है। मिलती सरकारी रियायत और लोगों के रुझान ने अब इन बेआवाज वाहनों की ओर दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा बताता है कि अब बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। 31 दिसंबर तक अकेले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 66,960 तक हो चुकी है। इन गाड़ियों की खरीद पर न केवल गाड़ी के पंजीकरण में बल्कि क्रय सब्सिडी में भी छूट दी जा रही है।

### ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के लिए दी जा रहीं ये सुविधाएं



1-ईवी वाहनों में गाड़ियों के पंजीयन पर टैक्स से छूट।
2-वाहन स्वामियों को तीन साल तक इलेक्ट्रिक वाहनों में टैक्स नहीं देना पड़ेगा।
3-चौथे और पांचवे साल में उन वाहनों को टैक्स में छूट दी जाएगी जो उत्तर प्रदेश में निर्मित हों।
4-वाहनों की खरीद पर सब्सिडी।
5-छूट की राशि सीधे खाते में जाती है।

### प्रदेश में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिसंबर 2023 तक

| वाहन का प्रकार | ट्रांसपोर्ट गाड़ियां |
|---|---|
| बस | 744 |
| ई-रिक्शा | 5,50,689 |
| ई-रिक्शा विद कार्ट | 21,689 |
| थ्री व्हीलर यात्री | 15,633 |
| थ्री व्हीलर गुड्स | 1,288 |
| गुड्स कैरियर | 177 |
| मोटर कैब | 138 |
| बाइक-स्कूटर किराए वाली | 35 |
| एक्स-रे वैन | 1 |

| वाहन का प्रकार | नॉन ट्रांसपोर्ट व्हीकल |
|---|---|
| मोटर साइकिल स्कूटर | 66,960 |
| बाइक-स्कूटर विद साइड कार | 52 |
| मोपेड | 703 |
| मोटर-कार | 4,712 |
| मोटराइज्ड साइकिल 25 सीसी | 2,198 |
| कृषि ट्रैक्टर | 91 |
| एडाप्टेड वाहन | 03 |
| फारक लिफ्ट | 01 |
| थ्री व्हीलर पर्सनल | 01 |
| कुल ट्रांसपोर्ट ईवी | 5,90,394 |
| कुल नॉन ट्रांसपोर्ट ईवी | 74,721 |
| कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या | 6,65,115 |

इस बारे में पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा ने बताया कि ई-गाड़ियों की बिक्री लोगों का रुझान बता रही है। अब लोग अपने निजी वाहनों की सूची में इसे शामिल कर रहे हैं। दिसंबर 2023 तक के ई-वाहन बिक्री के आंकडे लोगों की पसंद बता रहे हैं।

वहीं इस बारे में चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश का कहना है कि सरकार की नई पॉलिसी से ई-वाहनों की बिक्री रफ्तार पकड़ चुकी है। परिवहन विभाग की ओर से खरीदारों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोग अब प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की खरीद से बच रहे हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को रास आ रही हैं। धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहन लोगों के घरों में अपनी जगह बना रहे हैं।

## आसान नियमों के साथ सेवानिवृत्त व्यक्तियों को मिलेगा चिकित्सा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

**▸▸ ईएसआईसी की 193वीं बैठक में लिया गया फैसला**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शनिवार को नियमों में ढील के साथ सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ देने का फैसला किया। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईएसआईसी की 193वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

इसमें कहा गया कि ईएसआईसी ने उन बीमित सेवानिवृत्त श्रमिकों को चिकित्सा लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो वेतन सीमा से अधिक होने के कारण ईएसआई योजना कवरेज से बाहर हो गए हैं, यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच साल के लिए बीमा योग्य रोजगार के अंतर्गत था। वे व्यक्ति जो एक अप्रैल, 2012 के बाद कम से कम पांच वर्षों तक बीमा योग्य रोजगार में थे और एक अप्रैल, 2017 को या उसके बाद 30,000 रुपये प्रति माह तक वेतन के साथ सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें नई योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तरी राज्यों में सेवा वितरण तंत्र को बढ़ाने के लिए ईएसआईसी ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में औषधालयों, चिकित्सा बुनियादी ढांचे/क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी है। बैठक के दौरान ईएसआई लाभार्थियों की समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए ईएसआईसी संस्थानों में आयुष 2023 पर एक नई नीति अपनाई गई।

## सर्राफा

**कानपुर**
चॉदी 999 (प्रति किलो) 72,700
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल 87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम) 64,175
गिन्नी (प्रति नग) 47,800-48,000

**लखनऊ**
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) 64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) 64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग) 42, 500
चांदी (999) 73,800
चांदी तैयार 73,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) 80, 000

**बरेली**
सोना जेवरात पक्के 63,950
सोना जेवरात गिन्नी 62,950
चांदी पक्की 717 (अनुमानित)

**मुरादाबाद**
सोना 24 कैरेट 64,200
चांदी आभूषण 72,700।

## जेएसडब्ल्यू समूह ओडिशा में लगाएगा विद्युत वाहन व बैटरी कारखाना

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक समूह जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में कटक और पारादीप में एक बड़े पैमाने का एकीकृत विद्युत वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना स्थापित करने की शनिवार को घोषणा की।

कंपनी ने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और इससे रोजगार के 11 हजार से अधिक अवसर पैदा होंगे। इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में भुवनेश्वर में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा गया है कि बिजली के क्षेत्र में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य की सरकार के साथ जेएसडब्ल्यू समूह ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण कटक और पारादीप में परियोजना। जेएसडब्ल्यू समूह ने कहा है कि इस परियोजना के लिए उसे दूसरे राज्यों से भी प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव मिले थे।

## नीतीश ने कृषि यांत्रिकरण मेले का किया भ्रमण

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का भ्रमण किया। श्री कुमार ने शनिवार को यहां गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार-2024) का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिये उपयोगी आधुनिकतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली। इस मेला में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों के क्रय करनेवाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की।

## वाराणसी, मुंबई व सूरत समेत चार शहरों के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत, और विशाखापट्टनम के आर्थिक रूपांतरण और 2047 तक भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए एक योजना तैयार की है। कहा कि आयोग की योजना 20-25 और शहरों की आर्थिक योजना तैयार करने की है, क्योंकि वे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र हैं।

उन्होंने भारत को 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित

**▸▸ नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने दी जानकारी**



अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा एक दृष्टिपत्र तैयार किया जा रहा है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

सुब्रमण्यम ने यहां एक कार्यक्रम में कहा-नीति आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत और विशाखापट्टनम के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार की है। पिछले साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें 2030 तक मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) की जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा की गई थी। सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्र ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए 11 दिसंबर को देश के युवाओं के विचार मांगे थे। अब तक हमें 10 लाख से अधिक विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए हैं।

## एक नजर

### इजराइली हवाई हमले में 10 बच्चे समेत 28 फिलिस्तीनियों की मौत

**एपी।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से रफा से आमलोगों को निकालने और हमास पर हमले की दोहरी योजना की घोषणा के बाद से वहां मौजूद लोगों की सांसें थमी हुई हैं। 12 लाख के करीब लोग वहां फंसे हुए हैं। हालांकि, नेतन्याहू की ओर से हमले का समय नहीं बताया गया है। लेकिन उनकी इस घोषणा के बाद से डर का माहौल बना हुआ है। इस बीच, इजराली वायु सेना की ओर से हमले जारी हैं। शनिवार तड़के रफा में इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमले में 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, शनिवार को रफाह क्षेत्र में घरों पर तीन हवाई हमले किए गए थे। हमले में तीन परिवारों के कई सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें कुल 10 बच्चे थे।

### यूक्रेन के खारकीव पर रूस का ड्रोन हमला, 3 बच्चों समेत 7 की मौत

**कीव।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस ने ड्रोन से शुक्रवार-शनिवार की रात बड़ा हमला बोला। हमले में सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव ने शनिवार को कहा कि ईरान निर्मित शहीद ड्रोन से नेमिश्लियन जिले में नागरिक बुनियादी ढांचा को निशाना बनाया गया। इस हमले के कारण भीषण आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर 15 घरों को नुकसान पहुंचा है। गृहमंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि वहां से 50 लोगों को निकाला गया है।

### कनाडा: भारतवंशी चालक पर नशीली दवाओं को बांटने का आरोप

**टोरंटो।** कनाडा में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर पर नशीली पदार्थों को बांटने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, उसे 8.7 मिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की कोकीन अमेरिका लाने के प्रयास में पकड़ा गया था। ड्राइवर की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर की गई है। उसे कस्टम और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने कोकीन के साथ पकड़ा था। अधिकारियों के अनुसार, यह जब्ती बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के वितरण गतिविधियों के अनुरूप है। आपराधिक शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सीबीपी अधिकारियों को अनदेखा करने और उनके द्वारा रोके जाने के बाद टोल से आगे बढ़ने की कोशिश की।

### अमेरिका के हवाई- कैलिफोर्निया में 5.7 तीव्रता से आया भूकंप

**होनोलूलू/मालिबु।** अमेरिका के हवाई के बिग आइलैंड और मालिबु के निकट सदर्न कैलिफोर्निया में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि हवाई में 5.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र नालेहु से 11 मील (18 किलोमीटर) दक्षिण में और छह मील (10 किलोमीटर) गहराई में था। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि सुनामी की कोई आशंका नहीं है। दूसरी तरफ कैलिफोर्निया में भी 4.6 तीव्रता का भूकंप आया जिसके झटके लॉस एंजिलिस क्षेत्र में भी महसूस किए गए।

## जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदियों के मामले में उच्चतम न्यायालय ने लिया स्वतः संज्ञान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए सहमति व्यक्त



करते हुए जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल से इस मुद्दे को देखने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

अग्रवाल जेलों में बढ़ते कैदियों के मामले में न्याय मित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहे हैं। गुरुवार को बंगाल के सुधार गृहों में में महिला कैदियों के गर्भवती होने का मुद्दा हाई कोर्ट में उठाया गया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले को आपराधिक मुकदमों की सुनवाई करने वाली खंडपीठ को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसमें कोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्र तापस कुमार भांजा ने दावा किया था कि बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। इसलिए 196 बच्चे इस तरह के विभिन्न सुधार गृहों में रह रहे हैं। भांजा ने सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों को महिला कैदियों के सेल में प्रवेश पर रोक लगाने का सुझाव दिया है।

## महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा हैं चार्जिंग स्टेशन

# यूपी ईवी में अव्वल

देश का ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) उद्योग तेजी से विकास कर रहा है। सड़कों पर बड़ी संख्या में दोपहिया-तिपहिया के साथ ही ईवी कारें और बसें नजर आ रही हैं, लेकिन ईवी के विकास के लिए सबसे जरूरी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या अब भी कम है। भारी उद्योग राज्य मंत्री, कृष्णपाल गुर्जर ने लोकसभा में बताया कि इस साल 2 फरवरी तक देश में कुल 12,146 चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 3079 चार्जिंग स्टेशन हैं। 1886 चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर है, जबकि कर्नाटक में 1041 चार्जिंग स्टेशन हैं। इसके बाद केरल (852), तमिलनाडु (643) और उत्तर प्रदेश की बारी आती है।

**2023** अगस्त तक देश में कुल 28,30,565 ईवी थीं, इसमें तेलंगाना और लक्ष्यद्वीप शामिल नहीं



**12,146** कुल चार्जिंग स्टेशन हैं भारत में, 1800 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर

**2030** तक देशभर में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की होगी जरूरत

### देश में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत

भारत में 2030 तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत होगी। इसलिए सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सब्सिडी दे रही है। फेम-2 योजना के तहत सरकार पहले 5000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कुल चार्जिंग स्टेशन लागत का 50 से 100% तक सब्सिडी दे रही है। साथ ही सरकार ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश और मानक जारी किए हैं, जो घर-दफ्तर में ईवी चार्ज करने की इजाजत देते हैं।

### 2023: हर माह 1 लाख से ज्यादी ईवी बिकीं

जैसे-जैसे ईवी तकनीकि तौर पर विकसित और सस्ती होती जा रही है। बाजार में इसकी मांग भी बढ़ती जा रही है। एनआरआई कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस के प्रितेश सिंह बताते हैं- पिछले साल हर महीने 1 लाख से ज्यादा ईवी की बिक्री हुई। इनमें से 56% टू व्हीलर्स हैं। अकेले मई में सबसे ज्यादा 1,58,374 ईवी की बिक्री हुई।

### उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स उत्तर प्रदेश में ही हैं। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अगस्त 2023 तक 5,74,967 रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे। यानी 988 वाहनों के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन। इसके बाद सबसे ज्यादा ईवी महाराष्ट्र (3,05,006) में हैं। यानी हर 100 ईवी के लिए एक चार्जिंग स्टेशन है। देश की राजधानी दिल्ली में 124 ईवी के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन है। देश में 3 अगस्त 2023 तक कुल ईवी 28,30,565 थीं। इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप का डेटा नहीं जोड़ा गया है।



## इमरान खेमे में दोहरी खुशी, पीटीआई समर्थित प्रत्याशियों ने जीतीं सर्वाधिक सीटें

# इमरान को 12 केसों में मिली जमानत

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों के बीच शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिली है। दरअसल, रावलपिंडी में आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने इमरान को 9 मई के दंगों से संबंधित 12 मामलों में जमानत दे दी है।

इमरान के लिए ये दोहरी खुशी इसलिए भी है, क्योंकि चुनावी नतीजों में भी उनकी पार्टी पीटीआई के समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। इसके अतिरिक्त, इमरान खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को 13 मामलों में जमानत दे दी गई है। इमरान को आर्मी म्यूजियम पर हमलों में भी जमानत दे दी गई है। अदालत ने सभी 12 मामलों में 1 लाख पाकिस्तान रुपये के जमानत बांड पर जमानत दी है। जमानत आवेदनों पर एटीसी न्यायाधीश मलिक इजाज आसिफ ने फैसला सुनाया कि पीटीआई संस्थापक को हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है और 9 मई के मामलों में सभी संदिग्धों को जमानत दे दी गई। इमरान और कुरैशी को 6 फरवरी को आरोपों के अनुसार दोषी ठहराया गया था।



### पीटीआई के उम्मीदवारों को मिलीं सौ सीटें

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 100 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित हैं। नवाज की पीएमएल-एन ने 73, पीपीपी ने 54 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। छोटे दलों को अन्य 11 सीटों पर जीत दर्ज की है। इमरान खान की पार्टी ने पीपीपी, पीएमएल-एन के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने बलबूते संघीय सरकार बनाने की स्थिति में है।

### बेटी मरियम-नवाज की जीत को चुनौती, कोर्ट पहुंचे पीटीआई नेता



पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की जीत को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने दोनों को लाहौर की नेशनल असेंबली की सीटों पर विजयी घोषित किया है। चुनाव आयोग पर आरोप है कि सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री की बेटी के निर्वाचन को शनिवार को चुनौती दी गई। याचिका में पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने दावा किया कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने उन्हें 'फर्जी' परिणाम पर विजेता घोषित किया।

### राजनीतिक -आर्थिक स्थिरता लाए आगामी सरकार: मुनीर



पाकिस्तान के चुनावी परिणाम आने के बाद शनिवार को सेना प्रमुख असीम मुनीर ने देश की जनता को सफल चुनावों के लिए बधाई दी। असीम ने इसी के साथ कहा कि मेरी कामना है कि देश को इस चुनाव से अराजकता और खराब राजनीति से छुटकारा मिलेगा और आगे बढ़ने के लिए स्थिर सरकार मिलेगी। उन्होंने कहा लोकतांत्रिक ताकतों को संभालने वाली सरकार राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करेगी, यही उम्मीद करता हूं और इसी के साथ कामना करता हूं कि ये चुनाव राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता, शांति और समृद्धि लाए।

## 100% भरोसा, यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनेगा भारत

पर्थ, एजेंसी

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। वह दो दिवसीय हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। शनिवार को जयशंकर ने कहा कि 100 प्रतिशत विश्वास है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलेगी, लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि बहुत सारे देश हैं जो हमें रोकना चाहते हैं।

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि जब वह दुनिया भर में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है कि अब दुनिया भारत को कितनी अलग नजरों से देखती है। उन्होंने स्थायी सीट को लेकर कहा 'मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं कि हम वहां पहुंचेंगे। लेकिन मैं ईमानदारी से कहूं तो, हमें यह आसानी से नहीं मिलेगा क्योंकि दुनिया प्रतिस्पर्धा से भरी है। किसी देश का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग हमें रोकने की कोशिश करेंगे, उस मार्ग को कठिन बना देंगे या रास्ते में किसी तरह की बाधाएं, किसी तरह का तर्क डालेंगे, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम वहां पहुंचेंगे और मैं पांच साल पहले या 10 साल पहले की तुलना में आज अधिक आश्वस्त हूं।'

उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे मैं दुनिया भर में घूमता हूं, मैं अक्सर लोगों से यह सुनता हूं कि 'देखो, आप वो बातें कह सकते हैं जो हम नहीं कह सकते। हम यह कहने के लिए आप पर भरोसा करते हैं क्योंकि हमारी अपनी सीमाएं हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारत ने पहले ही स्वाभाविक रूप से एक स्थिति बना ली है जो उन सभी के लिए एक सामूहिक स्थिति है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मुद्दे थे जिनमें कई लोगों के हित शामिल थे लेकिन वैश्विक बहस पर कुछ ही लोगों का दबदबा था।

### आने वाले वक्त में क्वाड की प्रासंगिकता बढ़ेगी



भारतीय समुदाय को संबोधित करते जयशंकर।

जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि क्वाड समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था। जयशंकर ने कहा, यह तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि ये चारों देश इस समुद्री क्षेत्र के चार कोनों पर स्थित हैं।

### भारत में एक दशक में 8 नए एयरपोर्ट बने

जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कोरोना महामारी (कोविड) के दौर में भारत में हुई सकारात्मक पहल और गरीबों को मुफ्त राशन जैसी योजनाएं गिनाते हुए कहा कि कोरोना से उबरने में प्रोत्साहन की अहम भूमिका रही। विदेश मंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही थी, उस समय भारत में सभी के मन में एक ही बात और भावना थी, किसी भी सूरत में इस संकट के समय को पीछे छोड़ना है। उन्होंने बीते एक दशक में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

## अमेरिका: घायल भारतीय मूल के युवक की अस्पताल में मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

**2 फरवरी को रेस्तरां के बाहर घायल अवस्था में फुटपाथ पर मिले थे विवेक तनेजा, जांच जारी**

अमेरिका के वाशिंगटन शहर के एक रेस्तरां के बाहर एक 41 वर्षीय भारतीय मूल के कार्यकारी पर किसी विवाद के कारण हमला किया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई है।

जांचकर्ताओं के अनुसार, अधिकारियों ने 2 फरवरी को सुबह लगभग 2 बजे शोटो रेस्तरां के बाहर विवेक तनेजा घायल अवस्था में फुटपाथ पर पड़े थे। उन्हें जानलेवा चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

मीडिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और वह झड़प में बदल गई। इसके बाद शख्स ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया गया और उनका सिर फुटपाथ पर जा लगा। बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर जांच कर रही है। तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। तनेजा संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर देने के साथ डायनेमो की रणनीतिक, विकास और साझेदारी पहल का नेतृत्व करते थे। तनेजा वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में अपनी उनकी पत्नी और एक बेटी के साथ रहते थे।

पुलिस उस शख्स को अब भी खोज रही है, जिसने विवेक पर हमला किया था। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को पकड़ने के लिए अब जनता से भी मदद मांगी है।

### संगम पर उमड़े भक्त...



**प्रयागराज :** माघ मेले के पर्व मौनी अमावस्या पर भक्त संगम उमड़ पड़े। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शनिवार को 2 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन ने स्नान घाटों की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी। घाटों की लंबाई भी 6800 रनिंग फोट से 8000 रनिंग फोट की गई। श्रद्धालुओं की मदद के लिए 500 मेला मित्र भी तैनात रहे। पहली बार एनडीआरएफ ने महिला बचावकर्मियों को भी तैनात किया है। इस स्नान को 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। ● एजेंसी



### मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता तीन दशक बाद भारत में होगी, 18 से होगा आगाज

**नई दिल्ली।** करीब तीन दशक बाद भारत में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता होने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता का यह 71वां संस्करण होगा, जो 18 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये वर्तमान मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का, पूर्व विजेता टोनी एन सिंह (जमैका) ने प्रतियोगिता की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 फरवरी को भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) करेगा। प्रतिस्पर्धा इंडिया वेलकम द वर्ल्ड गाला के साथ शुरू होगी और इसका ग्रैंड फिनाले 9 मार्च को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। नई दिल्ली में भारत मंडपम समेत विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएगी। इसमें दुनिया भर के देशों के 120 प्रतियोगी भाग लेंगे।

### पूर्व पीएम नरसिम्हा राव ने इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी: गिलोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा की है। जिसके बाद से ही तमाम राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच,



भारत में इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 1992 में पीएम नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारत और इजराइल ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे।

एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव ने भारत और इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी थी, जो आज प्रगाढ़ हो चुके हैं। मोदी द्वारा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के एलान की मैं प्रशंसा करता हूं। साथ ही मध्यपश्चिम भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत कोबी शोशानी ने भी इजराइल और भारत के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

### खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में धमाका, एक पुलिसकर्मी समेत तीन आतंकी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में कम से कम तीन आतंकवादी और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के दारजिंदा इलाके में गश्त कर रही एक वैन पर अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक अतिरिक्त एसएचओ की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस और हमलावरों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया कि लड़ाई के दौरान तीन हमलावरों को मार गिराया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने कहा, हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

### टीएमसी नेता की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन, इंटरनेट ठप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।

हाथों में लाठी और झाड़ू लेकर स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली के विभिन्न इलाकों में जुलूस निकाला। एक अधिकारी ने बताया धारा 144 लागू की गई है और जिले के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शेख शाहजहां पिछले महीने से फरार हैं। ईडी कथित राशन घोटाले में उनके घर पर छापेमारी की थी। जिस दौरान भीड़ ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

**विज्ञान** नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए सौरमण्डल में छिपे महासागर की हुई खोज

## शनिग्रह के उपग्रह 'मीमास' में मिला जल का भंडार

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश ने वैज्ञानिकों को अकूत तरल जल का खजाना हाथ लगा है। बाहरी ग्रह पर मिले महासागर में जीवन की संभावना प्रबल बताई जा रही है। तरल जल का यह महासागर शनि के चंद्रमा मीमास में खोजा गया है। ऑब्ज़र्वेटोएरे डी पेरिस-पीएसएल के खगोलशास्त्री वैलेरी लैनी और उनकी टीम ने यह खोज की है।

नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए यह खोज हुई है। मीमास शनि का सबसे छोटा उपग्रह है। इस उपग्रह पर तरल जल की मौजूदगी की कोई संभावना नजर नही आती थी। कैसिनी अंतरिक्ष यान ने 2004 से 1017 के बीच कई बार मीमास के जांच पड़ताल की और



शनि का उपग्रह मीमास।

तस्वीरों समेत डेटा पृथ्वी पर भेजा। जब वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह का डेटा खंगाला तो हैरान हो गए। मीमास के भीतरी सतह में महासागर छिपा हुआ था। इस उपग्रह की सतह मोटी परत की बर्फ से ढकी हुई है और सतह से केवल 20 से 30 किलोमीटर की गहराई में तरल जल का महासागर समाया हुआ है। लंदन क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने महासागर की इस घोषणा को प्रकाशित किया है। खोजकर्ता वैज्ञानिको का कहना है कि शनि के चंद्रमा मीमास का महासागर संभवतः 5 से 15 मिलियन वर्ष पहले शनि द्वारा मीमास के ज्वारीय निचोड़ के कारण बना था। इस खोज से वैज्ञानिकों को महासागर की उत्पत्ति की जानकारी मिल सकती है। साथ ही इस महासागर में किसी भी रूप में जीवन भी मिल सकता है। अब आगे के अध्ययन से इस संदर्भ की पुष्टि होगी। बीते दशक में नासा ने चंद्रमा की बर्फ से ढंकी सतह के नीचे तरल रूप में पानी मौजूद होने का दावा किया था।

फिर चाहे वह भूमिगत जल हो या किसी महासागर के रूप में हो। लेकिन शनि के चंद्रमा एनक्लेडस को देखकर पहली झलक में कहा जा सकता है कि इसके दक्षिणी ध्रुव पर पानी का अथाह भंडार है। इस खोज को नेचर जरनल में प्रकाशित शोध पत्र के प्रमुख शोधकर्ता और कारनेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैट हेडमैन ने बातया था कि, एनक्लेडस जब शनि के बहुत करीब होता है तो जलस्त्रोतों के पोर जैसे बंद हो जाते हैं और जब ये चाद अपने शनि ग्रह से सबसे अधिक दूर होता है तो जल सबसे अधिक छलकता है।

### एन्सेलाडस, यूरोपा के क्लब में शामिल हुआ मीमास

मीमास एक छोटा चंद्रमा है, जिसका व्यास केवल 400 किलोमीटर है। यह खोज मिमास को आंतरिक महासागरों वाले चंद्रमाओं के एक विशेष क्लब में जोड़ती है, जिसमें शनि का चंद्रमा एन्सेलाडस और बृहस्पति का चंद्रमा यूरोपा शामिल है।

### 88 की उम्र में हीमैन ने बदला नाम, अब हुए धर्मेंद्र सिंह देओल

**मुंबई।** हीमैन ने 88 साल की उम्र में अपना नाम बदल दिया है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।



फिल्म में दिए गए शुरुआती क्रेडिट से पता चला कि धर्मेंद्र ने अपने जन्म के समय दिए गए मिडिल नेम और सरनेम को अपने नाम के साथ जोड़ लिया है। फिल्म के क्रेडिट में उनका नाम धर्मेंद्र सिंह देओल लिखा गया है। बता दें, इडंस्ट्री में आने के 64 साल बाद उन्होंने नाम बदला है। इससे पहले धर्मेंद्र अपने नाम के साथ कुछ भी नहीं लगाते थे। धर्मेंद्र के बचपन का नाम धर्मेंद्र केवल किशन देओल है। हालांकि, अब तब हीमैन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## सरकार को बर्खास्त कर लगाएं राष्ट्रपति शासन: उद्धव ठाकरे

मुंबई, एजेंसी



**कानून व्यवस्था को लेकर उद्धव ने मुख्यमंत्री शिंदे को घेरा**

महाराष्ट्र में उद्धव गुट के नेता की हत्या के बाद शिवसेनाम (यूबीटी) और कई विपक्षी दलों ने शिंदे सरकार पर टिप्पणी की है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो रही है। मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, जिसके बाद नए सिरे से राज्य में चुनाव कराए जाएं।

बता दें गुरुवार शाम महाराष्ट्र स्थित दहिसर में शिवसेना(यूबीटी) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से ही राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी दल आक्रमक हो गया है। उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर गुंडों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर महाराष्ट्र में बेकाबू कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बता दें, गुरुवार शाम शिवसेना नेता की स्थानीय व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने फेसबुक लाइन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले पर कहा कि नोरोन्हा ने बाद में खुद को ही मारा डाला।